UPHIN/2016/74800

हिन्दी साप्ताहिक

नई सोच, नया जुनून...

# करण वाणी

4 रेयर अर्थ मिनरल्स और ईंधन-तेल...

5 थाना समाधान दिवस में पहुंचे डीएम...

6 भारत स्काउट और गाइड उप्र...

● वर्ष : 09 ● अंक : 49 ● लखनऊ, सोमवार 30 जून 2025 ● मूल्य : 2 रु. ● पृष्ठ : 08

# रथयात्रा में भगदड़

**03** की मौत

**50** से अधिक घायल

**25 लाख** रुपये की मरने वाले लोगों के परिजनों को आर्थिक सहायता



## पीड़ित परिवारों के लिए मुआवजे का एलान

सरकार ने हादसे में मारे गए लोगों के परिजनों को 25-25 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। सीएम ने विकास आयुक्त की देखरेख में विस्तृत प्रशासनिक जांच के आदेश दिए हैं। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने सभी श्रद्धालुओं से इस घटना को लेकर क्षमा मांगी। उन्होंने कहा कि मैं और मेरी सरकार महाप्रभु जगन्नाथ के सभी भक्तों से क्षमा याचना करते हैं। जो श्रद्धालु इस हादसे में अपनी जान गंवा बैठे, उनके परिवारों के प्रति हमारी गहरी संवेदना है। हम प्रार्थना करते हैं कि भगवान उन्हें यह दुख सहने की शक्ति दें।

## डीएम-एसपी का तबादला

मुख्यमंत्री मोहन माझी ने इस हादसे को अक्षम्य लापरवाही बताया और पुरी के जिलाधिकारी सिद्धार्थ शंकर स्वैन और पुलिस अधीक्षक (एसपी) विनीत अग्रवाल को तुरंत हटा दिया है। इसके साथ ही दो वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों - डीसीपी विष्णु पाटी और कमांडेंट अजय पाधी - को निलंबित कर दिया गया है। वहीं सरकार ने पुरी के नए कलेक्टर के रूप में खोरधा जिले के कलेक्टर चंचल राणा को नियुक्त किया है। वहीं, नए पुरी एसपी के रूप में पिनाक मिश्रा को जिम्मेदारी दी गई है। हादसे की गंभीरता को देखते हुए मुख्यमंत्री ने एक प्रशासनिक जांच के आदेश भी दिए हैं, जिसकी निगरानी विकास आयुक्त करेंगे।

एजेंसी

**पुरी।** भारत में एक बार फिर भगदड़ में लोगों की जान गई है।इस साल की यह चौथी घटना है जब भगदड़ में लोग मारे गए हैं।कई लोगों ने सरकार और प्रशासन पर लापरवाही के आरोप लगाए हैं।रविवार सुबह पुरी के गुंडिचा मंदिर के पास रथ यात्रा के दौरान भगदड़ में तीन श्रद्धालुओं की दर्दनाक मौत हो गई।

घटना सराधाबली में उस समय हुई जब पूजा-अर्चना के दौरान भारी भीड़ में दो वाहन घुस गए और भगदड़ की स्थिति बन गई।स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि कम से कम 50 लोग घायल हुए हैं, जिनमें से छह की हालत गंभीर है। कई अन्य लोगों को प्राथमिक चिकित्सा के बाद घर वापस भेज दिया गया है, जबकि घायल लोगों का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है।ओडिशा के कानून मंत्री वृद्धिमान प्रतिभीराज हरीचंदन ने बताया कि मुख्यमंत्री मोहन चरण माजी को घटना की जानकारी दी गई है और जांच शुरू कर दी गई है। उन्होंने दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई का आश्वासन दिया।मुख्यमंत्री माजी ने कहा कि लापरवाही को बख्शा नहीं जाएगा। हरिचंदन ने कहा, यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। हम स्थिति पर नजर रखे हुए हैं। अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। भीड़ को संभालने की हरसंभव कोशिश हो रही है और घटना की जांच की जा रही है कैसे हुई दुर्घटनाघटना की जानकारी मिलने के बाद स्थानीय प्रशासन ने तत्काल राहत कार्य शुरू किया।डीजीपी और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। वहां मौजूद लोगों ने मीडिया से बातचीत में बताया कि घटना के समय पुलिस और कर्मचारी तैनात नहीं थे। सुबह करीब 4 बजे यह घटना हुई जब दो वाहन गुंडिचा मंदिर के नजदीक भीड़ में घुस गए।इससे भारी हंगामा मच गया और लोग ठोकरों से गिरने लगे।पत्रकारों से बातचीत में एक मृतक के पति ने आरोप लगाया कि अग्निशमन विभाग, राहतकर्मियों और स्वास्थ्यकर्मियों ने प्रतिक्रिया देने में देर की।ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री और बीजू जनता दल प्रमुख नवीन पटनायक ने भगदड़ पर शोक जताया और राज्य सरकार की तीखी आलोचना की। पटनायक ने एक्स (पूर्व ट्विटर) पर लिखा, पुरी के सरधाबली में हुई भगदड़ में तीन श्रद्धालुओं की मृत्यु से बेहद दुखी हूं। मैं उनके परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं और महाप्रभु जगन्नाथ से प्रार्थना करता हूं कि घायलों को शीघ्र स्वस्थ करें नवीन पटनायक ने इस हादसे को प्रशासन की गंभीर विफलता बताया और कहा कि यह घटना यह साबित करती है कि राज्य सरकार श्रद्धालुओं के लिए शांतिपूर्ण आयोजन सुनिश्चित करने में असफल रही है।

*मैं और मेरी सरकार सभी जगन्नाथ भक्तों से क्षमा मांगते हैं। हम भगदड़ में अपनी जान गंवाई वाले श्रद्धालुओं के परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हैं। मैं महाप्रभु जगन्नाथ से प्रार्थना करता हूं परिजनों को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। सुरक्षा चूक की जांच की जाएगी और दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। यह लापरवाही अक्षम्य है। सुरक्षा चूक की तत्काल जांच की जाएगी और मैंने निर्देश दिया है कि घटना के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं।*

**मोहन चरण माझी**
**मुख्यमंत्री, ओडिशा**

## जैसलमेर में भारत-पाक सीमा पर दो अज्ञात शव मिलने से सनसनी

**नई दिल्ली।** राजस्थान के जैसलमेर जिले में भारत-पाकिस्तान सीमा के पास एक नाबालिग लड़की और एक युवक के आंशिक रूप से सड़े-गले शव मिले हैं। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार,शवों की स्थिति को देखकर लगता है कि दोनों की मौत करीब एक हफ्ते पहले हुई होगी। ये शव शनिवार को बरामद किए गए। पुलिस ने बताया कि घटनास्थल से एक पाकिस्तानी सिम कार्ड और रवि कुमार (18) नाम के युवक का पहचान पत्र भी मिला है। जैसलमेर के एसपी सुधीर चौधरी ने बताया कि शव साधेवाला इलाके में पाए गए,जो अंतर्राष्ट्रीय सीमा से भारतीय क्षेत्र के अंदर लगभग 10-12 किलोमीटर दूर है। उन्होंने कहा कि शवों को रामगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के मुर्दाघर भेज दिया गया है और पोस्टमार्टम से मौत का कारण पता चलेगा।

## दिल्ली से राजस्थान तक झमाझम बारिश का अलर्ट

### 10 दिन पहले ही पूरे देश में पहुंचा मॉनसून

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, हरियाणा और राजस्थान के बड़े हिस्से में हल्की से मध्यम बारिश के बीच मौसम विभाग ने कहा है कि दक्षिण-पश्चिम मॉनसून ने पूरे देश को कवर कर लिया है। तय समय से 8 दिन पहले ही मॉनसून देशभर में छा गया है। आम तौर पर 8 जुलाई तक मॉनसून उत्तर भारत को पूरी तरह कवर कर पाता है। मौसम विभाग ने रविवार को दिल्ली में येलो अलर्ट जारी किया है। ढ्डस्ष्ठ के मुताबिक राजधानी दिल्ली में मॉनसून दो दिन देरी से पहुंचा है। हालांकि अब हल्की से मध्यम बारिश होने का अनुमान है।

मौसम विभाग ने बयान जारी कर कहा, दक्षिण-पश्चिम मॉनसून राजस्थान, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और हरियाणा में अब तेजी से प्रभावी होगा। 29 जून को मॉनसून पूरे देश को कवर कर चुका है। बता दें कि पिछले साल मॉनसून 2 जुलाई को पूरे देश में पहुंचा था। तब भी यह 6 दिन एडवांस था। इस साल मॉनसून एक सप्ताह पहले ही24 जून को केरल पहुंच गया था। इसके बाद 26 मई को ही मुंबई में मॉनसूनी बारिश शुरू हो गई थी।



जून के पहले सप्ताह में मॉनसून की गति को ब्रेक लग गई थी। इसके बाद 12 जून से मॉनसून का फिर आगे बढ़ना शुरू हो गया। मौसम विभाग ने पहले कहा था कि 24 जून को मॉनसून दिल्ली पहुंचेगा। 24 जून को कहा गया कि अगले 36 घंटे में मॉनसून दिल्ली पहुंच सकता है। इसके बाद भविष्यवाणी को एक बार फिर बदला गया और यह समय 24 घंटे बढ़ा दिया गया।

26 जून को मौसम विभाग ने कहा कि अब पूरे देश में पहुंचने के लिए अनुकूल परिस्थितियां हैं। हालांकि दिल्ली में मॉनसून पहुंचने की तारीख नहीं बताई गई।

### अलर्ट

मौसम विभाग ने ओडिशा और झारखंडा में भारी से भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा पश्चिम बंगाल, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, कोंकण और गोवा, मध्य महाराष्ट्र, पंजाब और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में भारी बारिश का अनुमान है।

## प्राचार्य कॉलेज का रोज राउंड लें, फोटो भेजें

### डिप्टी सीएम ने जारी किए निर्देश, हर रोज मेडिकल कॉलेज का राउंड लगाएं प्राचार्य, व्यवस्थाएं और पुख्ता करें

संवाददाता

**लखनऊ।** यूपी के सभी मेडिकल कॉलेज, कानपुर के हृदय रोग संस्थान व जेके कैंसर इंस्टीट्यूट में इलाज की व्यवस्था और दुरुस्त की जाएगी। कॉलेज के प्राचार्य व संस्थान के निदेशक खुद प्रतिदिन राउंड लेंगे। राउंड के दौरान ली गई फोटो भेजेंगे। इसमें किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के निर्देश पर चिकित्सा शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने यह आदेश जारी किए हैं।

डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने बताया कि यदि कोई प्राचार्य या निदेशक किसी दिन राउंड नहीं ले पाते हैं तो उनके स्थान पर उप प्राचार्य व सीएमएस राउंड लेंगे। राउंड के वक्त सुरक्षाधिकारी



व सफाई सुपर वाइजर भी साथ रहेंगे। ताकि किसी भी तरह की कमी मिलने पर उसका तत्काल निस्तारण कराया जा सके। कॉलेज व संस्थानों में सुरक्षा व्यवस्था और पुख्ता होगी। भूतपूर्व सैनिकों की तैनाती की जाएगी। परिसर में गर्ल्स हॉस्टल, इमरजेंसी आदि संवेदनशील जगहों पर पूर्व सैनिकों की तैनाती की जाएगी। इसके लिए प्राचार्य सैनिक कल्याण निगम से संपर्क करने के निर्देश दिए गए हैं। हॉस्टल व अस्पताल परिसर में सीसीटीवी लगाए जाएंगे। सीसीटीवी कैमरों की सर्विलांस की व्यवस्था पुख्ता की जाएगी। कैमरों का एक्सेस प्राचार्य, सीएमएस, वार्डन व सुरक्षाधिकारी के मोबाइल पर रहेगा। साफ सफाई, भोजन, लांड्री आदि में कमी मिलने पर एजेंसी पर कार्रवाई की जाएगी।

### इमरजेंसी में तुरंत मिले इलाज

डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि ट्रॉमा सेंटरों में पर्याप्त डॉक्टर, नर्सिंग, पैरामेडिकल स्टाफ तैनात किए जाएं ताकि मरीजों को इलाज, जांच आदि की दिक्कत न हो। 24 घंटे पैथोलॉजी, रेडियोलॉजी की जांच की सुविधा मुहैया कराई जाये। ब्लड बैंक के संचालन में भी लापरवाही न बरती जाए। एएलएस एम्बुलेंस के संचालन को लेकर सीएमओ समन्वय बनाएं। मरीजों को कम समय में एम्बुलेंस मुहैया कराई जाये।

*पीजी की सीटें बढ़ाई जाएं। इसके लिए एनएमसी के मानकों को पूरा करें। फैकल्टी के नियमित पदों को भरने के लिए विज्ञापन निकाले जाएं। ताकि जल्द से जल्द भर्ती प्रक्रिया चालू की जाए। साथ ही संविदा पर शिक्षकों की भर्ती के लिए समय-समय पर साक्षात्कार आयोजित किए जाएं।*

**ब्रजेश पाठक, डिप्टी सीएम**

## जातिवाद का ज़हर फैलाकर युवाओं का भविष्य मत बर्बाद कीजिए - राजेश्वर सिंह की सपा प्रमुख को चेतावनी

# अब यूपी में न रंगदारी है, न डर

- सपा राज में हर दिन होती थीं 76,500 वारदातें, व्यापारी थे डर के साये में: डॉ. राजेश्वर सिंह
- सपा राज में हर दिन होती थीं 76,500 वारदातें, व्यापारी थे डर के साये में: डॉ. राजेश्वर सिंह
- योगी सरकार में 'व्यापारी सम्मान', सपा शासन में 'व्यापारी आपातकाल'
- 'एक जिला एक माफिया' वाली सपा को 'एक जिला एक उत्पाद' की समझ नहीं : डॉ. सिंह का तंज
- सपा नेता नकारात्मकता छोड़ें, कभी आत्मचिंतन भी करें: क्यों पार्टी 50 सीटों से नीचे आ गई?: डॉ. राजेश्वर सिंह
- व्यापारी कल्याण बोर्ड, भामाशाह सम्मान, व्यापारी सुरक्षा फोरम - योगी सरकार की प्रतिबद्धता का प्रमाण

करण वाणी न्यूज

**लखनऊ।** रविवार को समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा व्यापारियों और वर्तमान सरकार पर दिए गए बयान पर पलटवार करते हुए सरोजनीनगर विधायक एवं भाजपा नेता राजेश्वर सिंह ने सख्त प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव का यह बयान पूर्णतः तथ्यहीन और भ्रामक है। राजेश्वर सिंह ने कहा - सपा सरकार में व्यापारियों और व्यापार का क्या हाल था, पूरे देश ने देखा है। उस दौर में अपराध चरम पर था, व्यापारियों की हत्या, रंगदारी, फिरौती, अपहरण और डकैती आम बात बन चुकी थी। सपा शासनकाल में यूपी अपराध के मामलों में देशभर में पहले नंबर पर था।

उन्होंने आंकड़ों के माध्यम से बताया कि सपा के पांच वर्षों में 25,000 से अधिक हत्याएं हुईं और प्रतिदिन 7650 से अधिक गंभीर अपराध होते थे। इसका सीधा असर प्रदेश के व्यापार और व्यापारियों पर पड़ा, जिससे व्यापारी वर्ग पलायन के लिए मजबूर हो गया था। राजेश्वर सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि योगी सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के कारण अब उत्तर प्रदेश देश का सबसे सुरक्षित राज्य बन चुका है। अब तक 70,000 से अधिक अपराधियों पर गैंगस्टर एक्ट, 1,000 से अधिक पर हृज्ञ और 200 से अधिक कुख्यात अपराधी मुठभेड़ों में मारे गए हैं। उन्होंने बताया कि आज यूपी देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। राज्य की त्रस्ष्ठक्क 12 लाख करोड़ से बढ़कर 31 लाख करोड़ हो गई है, और प्रति व्यक्ति आय 45 हजार से बढ़कर 1.2 लाख तक पहुंच चुकी है।

डॉ राजेश्वर सिंह ने अखिलेश यादव पर तंज कसते हुए कहा - जिस सपा को 'एक जिला एक माफिया' की नीति प्रिय थी, उसे एक जिला एक उत्पाद की नीति समझ नहीं आती। समाज को जातियों में तोड़ने की राजनीति अब काम नहीं आने वाली।

व्यापारी वर्ग का मान और सम्मान अब योगी सरकार में सुरक्षित है। व्यापारी कल्याण बोर्ड, भामाशाह सम्मान और व्यापारी सुरक्षा फोरम जैसी योजनाएं इसका प्रमाण हैं। अंत में श्री सिंह ने अखिलेश यादव को नसीहत देते हुए कहा कि जातिवाद का जहर फैलाकर उत्तर प्रदेश के विकास और युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ मत कीजिए। प्रदेश आज विकास की राह पर है और इसे कोई जातिवादी मानसिकता पीछे नहीं खींच सकती।

आपको बता दें कि बीते शनिवार को ही लोक भवन, लखनऊ में आयोजित 'भामाशाह सम्मान समारोह' में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रेष्ठ त्रस्ज्ञ योगदान देने वाले व्यापारियों को सम्मानित किया। इस मौके पर डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा था कि 9,956 करोड़ का अप्रैल त्रस्ज्ञ संग्रह और 21.98 बिलियन का विदेशी व्यापार दर्शाता है कि यूपी का व्यापारी अब राष्ट्रीय ही नहीं, वैश्विक अर्थव्यवस्था में अहम भूमिका निभा रहा है।



## अवध प्रेस क्लब की नई कार्यकारिणी का गठन, अरविंद सिंह चौहान बने अध्यक्ष



करण वाणी न्यूज

**लखनऊ।** अवध प्रेस क्लब की पुरानी कार्यकारिणी को आज भंग कर नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। यह निर्णय संरक्षक अविनेंद्र सिंह राठौड़ और अध्यक्ष अरविंद सिंह चौहान के नेतृत्व में सभी सदस्यों की सर्वसम्मति से लिया गया। नई कार्यकारिणी को सर्वसम्मति से मंजूरी प्रदान की गई, जो प्रेस क्लब के उद्देश्यों को और सशक्त करने के लिए प्रतिबद्ध है।

संरक्षक अविनेंद्र सिंह राठौड ने अवध प्रेस क्लब को एक मजबूत मंच के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनके मार्गदर्शन में क्लब ने पत्रकारों के हितों की रक्षा, सामाजिक जागरूकता और निष्पक्ष पत्रकारिता को बढ़ावा देने का कार्य किया है। श्री राठौड़ ने नई कार्यकारिणी के गठन पर जोर देते हुए कहा, ÷अवध प्रेस क्लब पत्रकारिता के मूल्यों को बनाए रखने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रतिबद्ध है। नई कार्यकारिणी इस दिशा में और प्रभावी ढंग से कार्य करेगी।

अध्यक्ष अरविंद सिंह चौहान ने संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का संकल्प लिया है। उनके नेतृत्व में क्लब ने पत्रकारों के कल्याण, प्रशिक्षण और सामाजिक मुद्दों पर जागरूकता फैलाने के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किए हैं। श्री चौहान ने नई कार्यकारिणी के गठन के अवसर पर कहा, ÷हमारा उद्देश्य पत्रकारों को एकजुट करना और समाज के सामने सत्य को लाना है। नई कार्यकारिणी के साथ हम निष्पक्षता और जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे। अवध प्रेस क्लब लखनऊ में पत्रकारों का एक प्रमुख संगठन है, जो पत्रकारिता के उच्च मानदंडों को बनाए रखने, पत्रकारों के अधिकारों की रक्षा करने और सामाजिक मुद्दों पर जन जागरूकता फैलाने के लिए जाना जाता है। नई कार्यकारिणी के गठन के साथ क्लब ने कई योजनाएं बनाई हैं, जिनमें शामिल हैं:

**पत्रकारों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम:** डिजिटल पत्रकारिता और नई तकनीकों के उपयोग पर कार्यशालाएं आयोजित करना।

**सामाजिक जागरूकता अभियान:** शिक्षा, स्वास्थ्य और महिलाओं-बच्चों की सुरक्षा जैसे मुद्दों पर जागरूकता फैलाना।

**पत्रकार कल्याण:** पत्रकारों के लिए बीमा, स्वास्थ्य सुविधाएं और कानूनी सहायता सुनिश्चित करना।

**सामुदायिक सहयोग:** स्थानीय समुदायों के साथ मिलकर सामाजिक विकास के लिए कार्य करना।

अवध प्रेस क्लब की नई कार्यकारिणी का गठन न केवल पत्रकारों के लिए, बल्कि पूरे समाज के लिए एक सकारात्मक कदम है। यह संगठन निष्पक्ष और साहसी पत्रकारिता के माध्यम से समाज में सत्य और न्याय की आवाज को बुलंद करने के लिए प्रतिबद्ध है। जनता से अपील है कि वे अवध प्रेस क्लब के प्रयासों का समर्थन करें और सामाजिक मुद्दों पर जागरूकता फैलाने में सहयोग करें। नई कार्यकारिणी के गठन के साथ अवध प्रेस क्लब एक नए दौर में प्रवेश कर रहा है, जहां यह पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्टता और सामाजिक जिम्मेदारी के लिए एक मिसाल कायम करेगा।

### नई कार्यकारिणी का गठन

नई कार्यकारिणी में निम्नलिखित सदस्य शामिल हैं

| | |
|---|---|
| अरविंद सिंह चौहान | अध्यक्ष |
| बलराम सिंह चौहान | उपाध्यक्ष |
| प्रताप सिंह | उपाध्यक्ष |
| नितिन पटेल | महामंत्री |
| पंकज सिंह चौहान | कोषाध्यक्ष |
| बुधेंद्र नाथ शुक्ला | प्रवक्ता |
| शशिकांत तिवारी | संगठन मंत्री |
| अरुण सिंह चौहान | मीडिया प्रभारी |
| अश्वनी कुमार शाहू | सह संगठन मंत्री |
| दीपराज सिंह | प्रचार प्रसार मंत्री |
| कृष्ण कुमार सिंह चौहान | सदस्य |
| अजीत सिंह | सदस्य |

## संक्षिप्त खबरें

### आरटीओ अयोध्या ऋतु सिंह सम्मानित

**लखनऊ।** 25वीं राष्ट्रीय कार्यशाला पर सड़क सुरक्षा जो ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफमोटर वाहन विभाग तकनीकी कार्यकारी संघ एआईएफएमवीडी और परिवहन विभाग उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में लखनऊ इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित हुई। मुख्य अतिथि परविहन मंत्री दयाशंकर सिंह द्वारा सेमिनार में आरटीओ अयोध्या ऋतु सिंह को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में परिवहन आयुक्त बीएन सिंह, परिवहन आयुक्त महाराष्ट्र ने व्याख्यान दिया। शासन मुख्यालय और देश भर के 20 राज्यों के परिवहन कार्यालयों से आए अधिकारीगण, एनजीओ मौजूद रहे। अध्यक्ष अशफाक अहमद महासचिव संपत कुमार नच के महासचिव हरिओम एआरटीओ शिव शंकर सिंह आरआई विष्णु प्रशांत आदि ने स्वागत किया। आरटीओ प्रशासन अयोध्या बस्ती, लखनऊ ए और ई, गोरखपुर को भी सम्मानित किया गया।


### संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद की ऑनलाइन काउंसलिंग जारी

**लखनऊ।** संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद द्वारा संचालित वर्ष 2025 की ऑनलाइन प्रवेश काउन्सिलिंग प्रदेशभर में 27 जून से प्रारंभ हो चुकी है। अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए राज्य के 151 सहायता केन्द्रों पर काउन्सिलिंग प्रक्रिया संचालित की जा रही है, जहाँ बड़ी संख्या में अभ्यर्थी उपस्थित होकर प्रवेश हेतु विकल्प चयन की प्रक्रिया को पूर्ण कर रहे हैं।तकनीकी शिक्षा, विशेषकर डिप्लोमा सेक्टर में प्रवेश के प्रति छात्रों में विशेष जागरूकता और उत्साह देखा गया है। अधिकांश सहायता केन्द्रों पर अभ्यर्थियों की उल्लेखनीय उपस्थिति दर्ज की गई है। सहायता केन्द्रों पर तैनात तकनीकी स्टाफद्वारा छात्रों को विकल्प चयन प्रक्रिया में समुचित मार्गदर्शन एवं तकनीकी सहायता प्रदान की जा रही है।परिषद के अनुसार आज की रात्रि तक लगभग 1,10,000 अभ्यर्थी प्रवेश काउन्सिलिंग के अंतर्गत अपने विकल्पों का चयन किया। यह संख्या प्रदेश में तकनीकी शिक्षा की ओर बढ़ते रुझान को दर्शाती है।परिषद ने पात्र अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे निर्धारित समयावधि में नजदीकी सहायता केन्द्र पर जाकर विकल्प चयन की प्रक्रिया पूर्ण करें एवं काउन्सिलिंग से जुड़ी जानकारी के लिए परिषद के पोर्टल रममबनच.ंकउपेपवदे.दपब.पद पर नियमित रूप से विजिट करते रहें।

### जेल परिसर में आरोपियों ने रील बनाई

**लखनऊ।** लखनऊ में पीजीआई अस्पताल में दलाली के आरोप में गिरफ्तार किए गए 6 लोगों ने जेल से रिहा होते ही रील बनाई। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। यह घटना दो दिन पहले की है, जब इन आरोपियों को पीजीआई अस्पताल के गेट नंबर-1 पर दलाली करने के मामले में जेल भेजा गया था। जेल से बाहर आते ही इन आरोपियों ने अपनी शर्ट का कॉलर ऊपर उठाया और जेल के मुख्य द्वार पर रील बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड कर दी। यह घटना जेल प्रशासन की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े करती है। वीडियो में सभी आरोपी हंसते और कॉलर उठाते नजर आ रहे हैं। बैकग्राउंड पर एक हरियाणवी गाना बज रहा है। गाने...खबर सुनी कि कुछ गुंडे आ गए दिल्ली में पर इस वीडियो को कोई अन्य व्यक्ति रिकॉर्ड करता समझ में आ रहा है। इस मामले में लखनऊ सुपरिंटेंडेंट जेल भूपेंद्र सिंह का कहना है कि मेरी जानकारी में नहीं है।

### लोकसभा अध्यक्ष से मिले विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना दिल्ली पहुंचे। आज उन्होंने नई दिल्ली में लोकसभा के अध्यक्ष ओम बिरला से शिष्टाचार भेंट की।इस अवसर पर उत्तर प्रदेश विधान सभा के अध्यक्ष के रूप में अपनी श्तीन वर्ष की कार्ययात्राश् पर आधारित पुस्तक उन्हें स्मरणस्वरूप भेंट की।इस दौरान लोकसभा अध्यक्ष के साथ यूपी असेंबली के स्पीकर सतीश महाना की लोकतांत्रिक संस्थाओं की भूमिका और विधायी प्रक्रियाओं की सुदृढ़ता पर भी सारगर्भित चर्चा हुई।स्पीकर सतीश महाना ने इस भेंट को बहुत महत्वपूर्ण बताया है।

### पुलिस लाइन में महिला सिपाही को फॉलोवर ने पीटा

**लखनऊ।** पुलिस लाइन में शनिवार को फॉलोअर महिला सिपाही के आवास में घुस आया। शराब के नशे में धुत होकर उसने गालियां देते हुए महिला सिपाही की पिटाई कर दी। शिकायत पर पुलिस कर्मियों को आता देख आरोपित धमकाते हुए भाग निकला। पीड़िता की तहरीर पर महानगर पुलिस मुकदमा दर्ज कर लिया है। मूलरूप से कोतवाली देहात अर्जनपुर निवासी पूरन भारती लखनऊ रिजर्व में सिपाही के पद पर तैनात हैं। पूनम भारती ने मुकदमा दर्ज कराया कि वह पुलिस लाइन स्थित आवास में बेटे के साथ रहती हैं। शनिवार दोपहर पुलिस लाइन में ही फॉलोअर के पद पर कार्यरत मोहम्मद अय्याज ने फोन किया कि खाना बना है। इस पर पूनम ने मना कर दिया। अय्याज ने कहा कि पांच मिनट में आ रहा हूं। पूनम ने मना किया पर शराब के नशे में जबरन कमरे में घुस आया। उन्होंने विरोध तजाया तो आरोपित अय्याज ने गालियां देते हुए उनकी पिटाई कर दी। जिससे उनके हाथ-पैर समेत कई जगह चोट आ गई। खुद की जान बचाने के लिए पूनम ने पुलिस कंट्रोल रूम पर फोन किया। पुलिस को आता देख आरोपित अय्याज धमकाते हुए भाग निकला। इंस्पेक्टर महानगर अखिलेश कुमार मिश्र का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### यार्ड में खड़े ट्रक को बेचने का झांसा देकर 22 लाख ठगे

**लखनऊ।** बंथरा स्थित पार्किंग यार्ड में खड़े ट्रक की फोटो ओएलएक्स पर डालकर जालसाजों ने बिहार मधुबनी के ट्रांसपोर्टर को फंसाया। ट्रक को कम मूल्य पर बेचने का झांसा देकर जालसाजों ने ट्रांसपोर्टर से 22.16 लाख रुपये ठग लिए। पीड़ित ने पुलिस कमिश्नर को मामले की जानकारी दी। उनके आदेश पर बंथरा थाने में तीन जालसाजों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पीड़ित ट्रांसपोर्टर राकेश कुमार ने बताया कि ट्रक ब्रिकी का विज्ञापन उन्होंने ओएलएक्स पर देखा था। इसके बाद उन्होंने दिए गए मोबाइल नंबर पर संपर्क किया। फोन रिसीव करने वाले ने अपना नाम अमित कुमार बताया। बात तय हुई इसके बाद बंथरा पहुंचा। वहां जुनाबगंज अनीता पार्किंग यार्ड में जालसाजों ने बुलाया। यार्ड में खड़ा ट्रक दिखाया। इसके बाद अमित ने अशोक कुमार और प्रशांत विक्रम सिंह उर्फ आकाश ठाकुर से मुलाकात कराई। बताया गया कि ट्रक पर अभी लोन है। बैंक का बकाया 22,16,600 रुपये देने के लिए कहा गया। दो बार में जालसाजों के खाते में 22.16 लाख रुपये ट्रांसफर किए गए। इसके बाद दस्तावेज मिले। ट्रक रिलीज के दस्तावेज आरटीओ कार्यालय में दिखाए तो पता चला कि वह जाली हैं। रुपयों की मांग की तो उन्होंने धमकी दी। पुलिस कमिश्नर अमरेन्द्र कुमार सेंगर से शिकायत की। बंथरा थाने में तहरीर दी। इंस्पेक्टर राणा राजेश कुमार सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### कनिष्ठ सहायक भर्ती परीक्षा में झांसी में एक पकड़ा गया

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा सम्मिलित कनिष्ठ सहायक के 5512 पदों पर भर्ती के लिए शनिवार को प्रदेश के 21 जिलों के 541 केंद्रों पर परीक्षा कराई गई। झांसी के गुरु नानक खालसा इंटर कॉलेज में दूसरे के स्थान पर परीक्षा देते हुए एक युवक को पकड़ा गया। आयोग के अध्यक्ष एसएन साबत की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक इन पदों पर भर्ती के लिए 243981 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। इसमें 139462 (57.16त्न) अभ्यर्थियों ने परीक्षा और 104519 (42.84त्न) अनुपस्थित रहे। आयोग ने निष्पक्षतापूर्वक, पारदर्शी व शुचितापूर्ण ढंग से परीक्षा कराने के लिए हर स्तर पर सावधानी बरती। परीक्षा में अनधिकृत रूप से प्रतिभाग करने वाले सॉल्वर को चिह्नित करने के लिए आयोग ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित फेशियल रिकॉग्निशन सॉफ्टवेयर का प्रयोग किया।

# कड़ी निगरानी में राजधानी सहित 21 जिलों में हुई जूनियर असिस्टेंट परीक्षा

संवाददाता



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूपीएसएसएससी) की ओर से रविवार को राजधानी लखनऊ सहित यूपी के 21 जिलों में जूनियर असिस्टेंट परीक्षा का आयोजन हुआ। नकलविहीन परीक्षा सम्पन्न कराने के मकसद से सभी केंद्रों पर बड़े पैमाने पर सुरक्षा बलों की तैनाती की गई थी। सुबह 10 से 12 बजे के बीच सभी केंद्रों सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में परीक्षा हुई।

प्रयागराज से पेपर देने आए विनय कुमार पटेल ने बताया कि रीजनिंग का पेपर थोड़ा ज्यादा टफ लगा। एमसीक्यू टाइप सवालों के जवाब में पांच ऑप्शन दिए गए थे। इसलिए थोड़ा कंफ्यूजिंग ज्यादा था। विनय कहते हैं कि इस बार पहली बार मैंने जूनियर असिस्टेंट का एग्जाम दिया है। 2 घंटे में 100 सवालों को करना था। समय का कोई चौलेंज मुझे नहीं लगा। पर एक चौथाई की नेगेटिव मार्किंग होने के कारण कुछ सवालों में परेशानी हुई।

रवि प्रकाश यादव कहते हैं पेपर मॉडरेट से थोड़ा टफथा। यूपी स्पेशल कुछ क्वेश्चन ज्यादा टफ थे। स्टेटमेंट वाइज भी कुछ सवाल थे, फैक्चुअल बेस कुछ सवाल भी टफ थे। जनरल स्टडी और हिंदी का पेपर सामान्य था। मुझे लगता है कि पेपर टफ होने के कारण मेरिट हाई नहीं रहेगी। यूपीएसएसएससी के अध्यक्ष एसएन साबत ने बताया कि हर जिले में परीक्षा को लेकर एडीएम स्तर के एक अधिकारी को नोडल बनाया गया था। परीक्षा की तैयारियों को लेकर चीफ सेक्रेटरी, डीजीपी की अगुआई में पहले ही अहम बैठक की गई थी। एडिशनल एसपी स्तर के एक अधिकारी को भी हर जिले में परीक्षा की निगरानी के लिए लगाया गया था। सभी 541 केंद्रों पर सफलता पूर्वक परीक्षा संपन्न हुई। कही कोई बड़ी शिकायत नहीं मिली। प्रदेश भर में करीब 1 लाख 41 हजार अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी।

# 24 में केवल 8 घंटे मिली बिजली

▸▸ एलडीए कॉलोनी में कटौती से परेशान हुए उपभोक्ता

संवाददाता



**लखनऊ।** लखनऊ की कानपुर रोड स्थित एलडीए कॉलोनी में बिजली संकट ने लोगों की रातों की नींद और दिन का चौन छीन लिया है। शनिवार दोपहर से शुरू हुआ बिजली कटौती का सिलसिला रविवार को भी नहीं थमा। गर्मी और उमस से परेशान लोग सोशल मीडिया पर आक्रोश जता कर रहे हैं, लेकिन अब तक उन्हें कोई राहत नहीं मिली है। स्थानीय निवासी रणविजय ने बताया कि शनिवार दोपहर करीब दो बजे बिजली गुल हो गई थी। इसके बाद करीब 8 घंटे तक बिजली नहीं आई। रात 8 बजे कुछ देर के लिए बिजली आई, लेकिन रात 10 बजे फिर चली गई। तड़के 2 बजे बिजली दोबारा आई। रविवार सुबह 9 बजे एक बार फिर से लाइट चली गई और दो घंटे बाद 11 बजे लौटी। रणविजय का कहना है, पिछले 24 घंटे में केवल 8 घंटे ही बिजली रही। दिन भर की तपिश और रात की बेचौनी ने हाल बेहाल कर दिया है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि बार-बार हो रही बिजली कटौती से बच्चों की पढ़ाई, ऑफिस का ऑनलाइन काम और जरूरी घरेलू कामकाज बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। कूलर और पंखे बंद होने से घरों में तपिश बनी हुई है, वहीं पानी की सप्लाई भी बाधित हो रही है। लोगों का कहना है कि बार-बार शिकायत के बावजूद बिजली विभाग की ओर से कोई जवाब नहीं मिला है। कॉल सेंटर पर भी कॉल रिसीव नहीं हो रही।

## जितेंद्र कुमार समेत चार आईएएस व नौ पीसीएस आज होंगे सेवानिवृत्त

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के चार आईएएस और नौ पीसीएस अधिकारी सोमवार को सेवानिवृत्त होंगे। इसमें वर्ष 1990 बैच के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी जितेंद्र कुमार हैं। वह अपर मुख्य सचिव पुनर्गठन समन्वय, भाषा, राष्ट्रीय एकीकरण तथा सामान्य प्रशासन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन एवं निदेशक हिंदी संस्थान के पद पर तैनात हैं। उनके अलावा वर्ष 2009 बैच के आईएएस अखिलेश कुमार मिश्रा, वर्ष 2012 बैच के बृजराज सिंह यादव और इसी बैच के सुरेंद्र प्रसाद सिंह सेवानिवृत्त होंगे। पीसीएस अधिकारियों में पप्पू गुप्ता, राम भरत तिवारी, कुंवर बहादुर सिंह, पुरुषोतम दास गुप्ता, सतीश कुमार त्रिपाठी, हरिओम शर्मा, राजीव पांडेय, हनुमान प्रसाद और राज नारायण सेवानिवृत्त होंगे।

## करंट लगने से 4 गाय की मौत, जलभराव से बिजली के पोल में करंट उतरा

संवाददाता


**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में बारिश के दौरान जलभराव होने से बिजली के पोल में करंट उतर गया। करंट की चपेट में आने से 4 गाय की मौत हो गई। घटना रविवार शाम को नगर निगम जोन-7 के शंकरपुरवा प्रथम केशव विहार में हुई। नगर निगम की टीम ने मौके पर पहुंचकर गायों के शवों को कब्जे में ले लिया। पानी निकालने की व्यवस्था की। बिजली विभाग ने क्षेत्र की लाइट काट दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, यह हादसा उस समय हुआ जब कुछ गायें सामान्य रूप से सड़क के किनारे घास चर रही थीं। बारिश के बाद इलाके में पानी भर गया। बिजली के पोल में करंट उतर आया। 4 गाय बिजली के पोल में उतरे करंट की चपेट में आ गई। जमीन पर गिरकर तड़पने लगीं। कुछ ही देर में चारों की मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि उन्होंने पहले भी क्षेत्र में करंट उतरने की




शिकायत की थी, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों ने इस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। घटना के बाद क्षेत्रीय नागरिकों की भीड़ एकत्र हो गई। उन्होंने बिजली विभाग एवं नगर निगम के खिलाफ कड़ी नाराजगी जताई। लोगों की मांग है कि इस लापरवाही के लिए दोषी अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई हो। भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचाव के लिए ठोस कदम उठाए जाएं।

## बिजली बिल अगले महीने 1.97% बढ़कर आएगा

संवाददाता



**लखनऊ।** जुलाई के बिजली बिलों में उपभोक्ताओं से 1.97त्न की अतिरिक्त वसूली होगी। अगर कोई उपभोक्ता 1000 रुपये की बिजली इस्तेमाल करेगा तो उसे 19.70 रुपये का अतिरिक्त भुगतान करना होगा। यह अतिरिक्त रकम उसे अप्रैल महीने के लिए ईंधन व ऊर्जा खरीद समायोजन अधिभार के लिए देनी होगी। पिछले चार महीने में यह तीसरी बार होगा जब उपभोक्ताओं को अपने बिल पर अतिरिक्त रकम का भुगतान करना पड़ेगा।

अप्रैल से बिलों पर यह अधिभार लगाए जा रहे हैं। बीते चार महीने में केवल मई के बिल में 2 फीसदी की कमी हुई थी। पिछले महीने उपभोक्ताओं को बिल पर 4.27त्न अतिरिक्त भुगतान करना पड़ा था।

जनवरी में नियामक आयोग की तरफ से जारी बहुवर्षीय वितरण टैरिफ के तीसरे संशोधन में ईंधन व ऊर्जा खरीद समायोजन अधिभार लगाने को मंजूरी दी गई थी। आदेश में कहा गया था कि हर महीने के ईंधन-ऊर्जा खरीद समायोजन अधिभार शुल्क की वसूली उसके तीसरे महीने होगी। राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि उपभोक्ताओं का बिजली कंपनियों पर 33,122 करोड़ बकाया होने के बाद भी इस तरह की वूसली उचित नहीं है। प्रदेश की बिजली कंपनियों द्वारा आयोग से एक नियम विरुद्ध रेगुलेशन बनवाकर वसूली करवाई जा रही है। परिषद आयोग से बार-बार अनुरोध कर रहा है कि उपभोक्ताओं की बकाया राशि से इसका समायोजन किया जाए। केवल राहत के समय ही उपभोक्ताओं के बिलों में कटौती की जाए। उन्होंने कहा कि जुलाई में सरचार्ज के मार्फत बिजली कंपनियां तकरीबन 187 करोड़ रुपये उपभोक्ताओं से वसूलेंगी। इससे पहले जून में 390 करोड़ रुपये की वसूली हुई थी।

## सिल्ट उठी न कचरा, संक्रामक रोगों का खतरा

संवाददाता

**लखनऊ।** नगर निगम की सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। नालों से निकाली गई सिल्ट महीनों से सड़कों पर ही पड़ी गंदगी फैला रही है, और कचरा कई दिनों से नहीं उठाया गया। कई इलाकों में लोग भारी बदबू और गंदगी से परेशान हैं। मानसरोवर योजना, आलमबाग, पटेल नगर, बाराबिरवा मंडी, एलडीए कॉलोनी कानपुर रोड, गीतापल्ली, आजादनगर, नीलमथा कॉलोनी समेत शहर के कई इलाकों की स्थिति बेहद खराब है। ट्रांसपोर्ट नगर से डॉ भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय को जोड़ने वाले मार्ग पर करीब दो महीने पहले नाले की मशीन से सफाई कराई गई थी। 14 स्थानों पर सिल्ट के ढेर लगाए गए, जो अब तक हटाए नहीं गए। नतीजतन यह मार्ग संकरा हो गया है और आने-जाने वालों को भारी परेशानी, गंदगी तथा बदबू का सामना करना पड़ रहा है। सनराइज अपार्टमेंट के लोगों का कहना है कि अब इस सिल्ट से दुर्गंध फैलने लगी है, और मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ गया है। कई पड़ाव स्थलों पर कूड़े के ढेर आलमबाग के पटेल नगर, टेढ़ी पुलिया के पास, बाराबिरवा मंडी, गौतम बुद्ध शांति उपवन के पीछे की सड़क, सभी स्थानों पर कचरे के बड़े-बड़े ढेर लगे हैं। कहीं तो ट्रकों कूड़ा पड़ा है जिसे न उठाया गया न निस्तारित किया गया। नीलमथा कॉलोनी में न झाड़ू, न कूड़ा उठान नीलमथा के शाही नूर कॉलोनी में तो स्थिति और भी गंभीर है। एक महीने से ज्यादा समय बीत जाने के बाद भी न तो वहां झाड़ू लगी है और न ही कूड़ा उठाया गया है। स्थानीय निवासियों ने 6 मई को ही जोनल अधिकारी अजीत कुमार राय को शिकायत दी थी और नगर निगम कंट्रोल रूम में भी रिपोर्ट दर्ज कराई गई, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई।

## कूड़ा उठाने के दौरान सफाईकर्मी को पत्थर मारकर सिर फोड़ा

संवाददाता



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में कुछ लोगों ने नगर निगम के एक सफाईकर्मी को पत्थर मारकर उसका सिर फोड़ दिया। कर्मी से कहा था कि यहां साफ कर दो। इस पर उसने जवाब दिया कि भैया, उधर सफाई कर रहा हूं। थोड़ी देर में आता हूं, यहां भी झाड़ू लगा दूंगा। बस इतना सुनते ही उन लोगों ने सफाईकर्मी पर पत्थर से हमला कर दिया। घटना रविवार को अलीगंज में कूड़ा उठाने के दौरान हुई। साथी का सिर फूटते ही कई सफाई कर्मचारी अलीगंज थाने पहुंच गए। वहां आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग करने लगे। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने का आश्वासन दिया। इसके बाद ये लोग शांत हुए। घटना के बाद पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई है। सुबह करीब 10.30 बजे अलीगंज के सेक्टर बी में सेंट माइकल स्कूल के पास में कूड़े उठाने की शिकायत कंट्रोल रूम से आई। इसके बाद नगर निगम की तरफ से अधिकृत एजेंसी शत्रुघन इंटरप्राइजेज के कर्मचारी आनंद वाल्मीकि कूड़ा उठाने के लिए गए। मौके पर कूड़ा उठा कर वह निकलने लगे तभी एक युवक ने मौके पर आकर कहा कि उनके घर के पास में भी कूड़ा पड़ा है। उसे भी चलकर हटाओ। इस दौरान आनंद ने दोबारा आकर कूड़ा उठाने की बात कही। इसपर गाली-गलौज के बाद आनंद को तीन-चार लड़कों ने पीट कर पत्थर से मार दिया। घटना के बाद पुलिस आनंद का मेडिकल कराने के लिए लोकबंधु अस्पताल लेकर गई है। यहां पर उनका सिटी स्कैन किया जाएगा। इसके बाद उन्हें फिलहाल काम से छुट्ट्टी दे दी जाएगी। वहीं, घटना के बाद नाराज कर्मचारियों ने अलीगंज थाने का घेराव किया। मौके पर पुलिस से कार्रवाई करने की मांग करने लगे। कर्मचारियों ने कहा कि हम सफाई कर्मचारियों की यही स्थिति रह गई है कि जब कोई चाहे हमें पीट दे रहा है। आए दिन ऐसी घटनाएं हो रही हैं। अचानक हुई घटना के बाद मौके पर नगर निगम के अधिकारी भी पहुंचे। इस दौरान घटना के बारे में पूरी जानकारी ली। जोनल सेनेटरी ऑफिसर जितेंद्र गांधी का कहना है कि मामले की रिपोर्ट नगर आयुक्त को भेजी जाएगी। उन्हें पूरे घटनाक्रम से अवगत कराया जाएगा। वहीं, मामले में अलीगंज इंस्पेक्टर का कहना है कि अज्ञात में आरोपियों के खिलाफपीड़ित की पत्नी रंजीता की शिकायत पर मुकदमा दर्ज हुआ है। स्थिति नियंत्रण में है। पीड़ित का मेडिकल टेस्ट कराया जा रहा है।

## रुक-रुककर हुई हल्की बारिश,आसमान में बादल छाए

संवाददाता



**लखनऊ।**राजधानी के कई इलाकों में रुक-रुककर हल्की बारिश हो रही है। आसमान में बादल छाए हुए हैं। पूर्वी हवाओं के असर से मौसम ठंडा बना हुआ है। दिन में अधिकतम तापमान 34 डिग्री और न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। दिन का अधिकतम तापमान 36.9 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो सामान्य से 2.8 डिग्री अधिक है। रात का न्यूनतम तापमान 28.6 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 0.5 डिग्री ऊपर है।

सापेक्षिक आर्द्रता 85: दर्ज की गई, जिसने दिनभर उमस भरे माहौल में लोग परेशान हुए। दोपहर के समय बारिश के बाद मौसम सामान्य हुआ।मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक, शाम को गरज के साथ बारिश हो सकती है। 5-10 मिमी तक बारिश होने की संभावना है। हवा की गति 10-15 किलोमीटर प्रति घंटा के आसपास रह सकती है, जो बारिश के दौरान थोड़ी तेज हो सकती है।मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि राज्य के कुछ हिस्सों में आंधी-तूफान और बिजली गिरने की संभावना है। लखनऊवासियों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

अगले 24 घंटों में मानसून पूरे प्रदेश में सक्रिय हो जाएगा। मौसम वैज्ञानिक मोहम्मद दानिश ने बताया कि मानसून का टर्फ दक्षिण तरफ चला गया था। इसके चलते धूप का दौर बना रहा, लेकिन अब पूरे प्रदेश में बारिश का दौर शुरू होगा।इसके बाद 2-3 दिनों तक उत्तरी और मध्यवर्ती क्षेत्रों में कहीं-कहीं भारी बारिश हो सकती है। 30 जून को तराई इलाकों में अत्यधिक भारी बारिश की चेतावनी भी जारी की गई है। इसके बाद 1 जुलाई से मौसमी द्रोणी के दक्षिण की ओर खिसकने से भारी बारिश की संभावना दक्षिणी भागों की ओर बढ़ सकती है। मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि दक्षिण-पश्चिम मानसून के अगले 24 घंटों में प्रदेश के शेष हिस्सों को कवर करने के लिए परिस्थितियां अनुकूल हैं।

## जमीअतुल मंसूर ने किया मंसूरी समाज के मेधावी छात्र-छात्राएं व सामाजिक शख्सियतों का सम्मान

**लखनऊ।** मंसूरी समाज की प्रमुख तंजीम जमीअतुल मंसूर द्वारा आज लखनऊ के एक होटल में समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं एवं प्रमुख सामाजिक शख्सियतों को सम्मानित किया गया। इस विशेष अवसर पर आईपीएस शकील मंसूरी और एडीजे मो. अली मंसूरी को मोमेंटो, शॉल और पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शकील मंसूरी (आईपीएस) ने मंच से सभी बच्चों को बधाई देते हुए अपने प्रेरणादायक अनुभव साझा किए और बताया कि कैसे कठिन परिश्रम और लगन से कोई भी सफलता हासिल कर सकता है। जमीअतुल मंसूर के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व राज्य मंत्री जावेद इकबाल मंसूरी ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाना है। उन्होंने कहा कि समाज की तरक्की तभी संभव है जब हमारे बच्चे डॉक्टर, इंजीनियर, एडवोकेट, आईएएस, पीसीएस बनकर आगे आएं और समाज का नाम रोशन करें।

## बेहतर कानून व्यवस्था के लिए 21 आईपीएस अफसर तैयार करेंगे रोडमैप

संवाददाता

**लखनऊ।** डीजीपी ने इन अफसरों को दी जिम्मेदारी, अपराध नियंत्रण में सहायक होंगे इनके सुझाव कई अफसरों से उनकी इच्छा के मुताबिक फीडबैक भी मांगा गया लखनऊ, विशेष संवाददाता डीजीपी राजवी कृष्णा ने मुख्यमंत्री के निर्देश पर यूपी की कानून-व्यवस्था और अपराध नियंत्रण के लिए 21 आईपीएस अफसरों को अलग-अलग काम की जिम्मेदारी देते हुए कार्य योजना तैयार करने को कहा है। इसके लिए इन अफसरों को 15 दिन का समय दिया गया है। इनमें 10 आईपीएस अधिकारी पुलिस मुख्यालय में तैनात है और 11 अधिकारी फील्ड तैनाती पर है। कार्ययोजना तैयार होने के बाद डीजीपी राजीव कृष्णा इन अफसरों से वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए चर्चा करेंगे, फिर सब सही मिलने पर इसे लागू करने दिया जाएगा। डीजीपी राजीव कृष्णा ने पदभार ग्रहण करने पर 10 प्राथमिकताएं तय की थी। इन प्राथमिकताओं को धरातल पर उतारने के लिए उन्होंने एक टीम तैयार की है। प्राथमिकताओं में शामिल बिन्दु के लिए अलग-अलग अफसर तय किए गए हैं। डीजीपी ने इन अफसरों से कहा है कि कार्ययोजना बनाते सभी संबंधित पक्षों के साथ विचार विमर्श को जरूर कर लिया जाए। कार्य योजना तैयार करने में उन अफसरों व अन्य से भी राय ले ली जाए जिन्हें किसी क्षेत्र में विशेषज्ञता हासिल हो। सिपाही, इंस्पेक्टर की राय भी ली जाएगी डीजीपी ने निर्देश दिया है कि कार्ययोजना बनाने में एएसपी, सीओ व इंस्पेक्टर, सिपाही तक से राय ली जाए। फील्ड में लगातार रहने से ये लोग भी कभी अच्छी राय दे सकते हैं जो कानून-व्यवस्था में काफी सहायक साबित हो सकती है। महिलाओं व आम नागरिकों से जुड़ी बातें भी इस योजना में प्रमुखता से रहे।

# आरएसएस गैरबराबरी खत्म करने में विश्वास नहीं करताः डॉ. सीपी राय

संवाददाता

**लखनऊ।** आरएसएस में नम्बर दो का पद रखने वाले दत्तात्रेय हँसबोले ने फिर संविधान के खिलाफ टिप्पणी कर उसे बदलने की मांग की है। आरएसएस के आदर्श गोलवलकर की सोच गरीब और वंचित विरोधी थी, आरएसएस की सोच और लक्ष्य है भी वही है। आरएसएस गैरबराबरी खत्म करने में विश्वास नहीं करता है चाहे वो वंचित समाज की गैरबराबरी हो या महिला के साथ गैरबराबरी हो। आरएसएस में संविधान बनाने के तत्काल बाद ही इसका विरोध शुरू कर दिया था और ये लोग मनुवाद का संविधान लागू करना चाहते हैं जबकि इस संविधान ने सभी को एक बराबर इंसान होने का दर्जा दिया। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया विभाग के चेयरमैन डॉ. सीपी राय ने यह बातें कहीं हैं।

डॉ राय ने कहा कि समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष देश होने का अर्थ है कि भारत अपने नागरिकों को सामाजिक-आर्थिक समानता और धार्मिक स्वतंत्रता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। समाजवाद का लक्ष्य संसाधनों का समान वितरण, सामाजिक कल्याण और आर्थिक असमानता को कम करना है, ताकि गरीब और वंचित वर्गों को भी अवसर मिलें और आरएसएस को इस भावना से हमेशा से तकलीफ है जबकि धर्मनिरपेक्षता का अर्थ है कि राज्य किसी धर्म को विशेष दर्जा नहीं देता और सभी धर्मों के प्रति तटस्थ रहता है, जिससे सभी नागरिकों को अपनी आस्था स्वतंत्र रूप से अपनाने का अधिकार मिलता है जबकि आरएसएस प्रारम्भ से ही कुछ धर्मों से घृणा को ही अपना सिद्धांत बनाकर चल रहा है।

डॉ राय ने कहा कि भारत के संदर्भ में यह व्यवस्था पूर्ण सकारात्मक है, क्योंकि भारत के विविधतापूर्ण समाज में यह एकता को बढ़ावा देती है। समाजवाद ने ग्रामीण विकास, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ बनाने में मदद की है, जबकि धर्मनिरपेक्षता ने धार्मिक सौहार्द बनाए रखने में योगदान दिया है। डॉ राय ने कहा कि ये सिद्धांत भारत की विविधता और समावेशिता को मजबूत करते हैं।

# पिछली सरकारों में उद्यमियों की उपेक्षा, जातीय संघर्षों को मिला बढ़ावा : योगी आदित्यनाथ

**विश्व एमएसएमई दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कई नई पहल का किया शुभारंभ**

**डबल इंजन सरकार में यूपी की जीडीपी 12 लाख 75 हजार करोड़ से बढ़कर 31 लाख करोड़ रुपये हुई: सीएम योगी**

संवाददाता




**लखनऊ।** विश्व एमएसएमई दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोकभवन में आयोजित एक भव्य समारोह में उद्यमिता को प्रोत्साहन देने के लिए कई महत्वपूर्ण पहल का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने यूथ अड्डा का लोकार्पण, सीएम युवा मोबाइल ऐप का शुभारंभ और बरेली व मुरादाबाद में 18 करोड़ रुपये की ओडीओपी सीएफसी परियोजनाओं का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में जातिगत भेदभाव को समाप्त कर सभी समुदायों के युवाओं को समान अवसर प्रदान करने की डबल इंजन सरकार की प्रतिबद्धता को जाहिर किया। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों को जातिगत संघर्ष कराने से ही फुरसत नहीं थी, जिसके कारण प्रदेश के युवाओं के सामने पहचान का संकट खड़ा हो गया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली सरकारों ने न सिर्फ उद्यमियों की उपेक्षा की, बल्कि जातीय संघर्षों को बढ़ावा देने का कार्य भी किया।

**केवल अपने परिवार के लिए काम करती थीं पिछली सरकारें:** मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 से पहले का यूपी दंगों के रूप में, माफिया गिरोह के रूप में, बेटी और व्यापारी के लिए सबसे असुरक्षित प्रदेश के रूप में जाना जाता था। पिछली सरकारों की उपलब्धि जातीय संघर्ष करा कर परिवारवाद के नाम पर एक जनपद एक माफिया देने की रही है। इसके चलते जनता के सामने पहचान का संकट खड़ा हो गया था। उन्होंने कहा कि यूपी ने 24 जनवरी 2018 में पहली बार अपने स्थापना दिवस का आयोजन किया। 1950 में यूपी की स्थापना होने के बाद से लेकर 2018 तक कभी प्रदेश के स्थापना दिवस का आयोजन नहीं हुआ, क्योंकि पिछली सरकारों को जातीय संघर्ष कराने और इसके आधार पर प्रदेश को पहचान का संकट खड़ा करने से फुरसत ही नहीं थी। वे सब अपने परिवार के लिए कार्य कर रहे थे, प्रदेश से उनका कोई मतलब नहीं था।

**युवाओं के लिए उद्यमिता का नया मंच है यूथ अड्डा:** मुख्यमंत्री ने यूथ अड्डा का लोकार्पण किया, जिसे यूपीकॉन द्वारा नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए शुरू किया गया है। यह मंच सभी जातियों और समुदायों के युवाओं को अपने व्यवसायिक विचार साझा करने, बैंकों से ऋण सहायता प्राप्त करने और अनुभवी मेंटर्स से मार्गदर्शन लेने का अवसर प्रदान करेगा। सीएम योगी ने कहा कि हमारी सरकार जाति, क्षेत्र या भाषा के आधार पर भेदभाव नहीं करती। हर युवा की प्रतिभा को मंच देने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं।

**तकनीक से सशक्तिकरण का आधार है सीएम युवा ऐप:** सीएम युवा मोबाइल ऐप के शुभारंभ के साथ, सरकार ने युवाओं को उद्यमिता से जोड़ने के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म की शुरुआत की। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह ऐप सभी समुदायों के युवाओं को बिना किसी जातिगत भेदभाव के प्रशिक्षण, ऋण, और सरकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह ऐप सुनिश्चित करेगा कि कोई भी युवा सरकारी कार्यालयों के चक्कर काटने के लिए मजबूर न हो।

**हर जनपद, हर समुदाय की पहचान बना ओडीओपी:** मुख्यमंत्री ने वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट (ओडीओपी) योजना के तहत बरेली और मुरादाबाद में 18 करोड़ रुपये की लागत से कॉमन फैसिलिटेशन सेंटर (सीएफसी) परियोजनाओं का लोकार्पण किया। सीएम योगी ने कहा कि आज ओडीओपी के माध्यम से हर जनपद की विशिष्टता को वैश्विक मंच मिल रहा है।

# आज की पीढ़ी ही भारत को बनायेगी आर्थिक और सांस्कृतिक महाशक्तिः जयवीर

- ग्रीष्मकालीन संगीत एवं कला अभिरूचि कार्यशाला का समापन व राय उमानाथ बली प्रेक्षागृह का लोकार्पण
- यूपी दिवस पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सम्मानित किया जायेगाः मुकेश मेश्राम

संवाददाता



**लखनऊ।** पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय लखनऊ के ग्रीष्मकालीन संगीत एवं कला अभिरूचि कार्यशाला-2025 का समापन तथा राय उमानाथ बली प्रेक्षागृह का पुनः लोकार्पण किया। उन्होंने प्रेक्षागृह को पुनर्जीवित कर कलाकारों एवं रंगकर्मियों को सौंपकर उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

पर्यटन मंत्री ने उपस्थित कलाकारों एवं महानुभावों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज प्रेक्षागृह को अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ भव्य रूप देकर फिर से उद्घाटन किया गया है। प्रेक्षागृह दीर्घकाल तक कला, संगीत, नृत्य और नाटकों के मंचन का केन्द्र बना रहे, इसलिए इसे उन्नत ध्वनि प्रकाश व्यवस्था से जोड़ा गया है। विभिन्न आधुनिक संयंत्रों से युक्त प्रेक्षागृह कलाकारों और कला प्रेमियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान करता रहेगा।

भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय के दिशा-निर्देश में एक माह की ग्रीष्मकालीन वर्कशाप सम्पन्न की गयी, जिसमें 600 प्रतिभागियों ने अपने प्रस्तुतियां दी। यह इस बात का प्रमाण है कि भारत की सनातन संस्कृति अगली पीढ़ियों के हाथों में सुरक्षित है भारत एक समय में विश्वगुरु था और आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारी संस्कृति पुनः वैश्विक मंचों पर गूंज रही है। राज्य सरकार लोक कलाओं को संरक्षित करने के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत में वाद्य यंत्रों की किट उपलब्ध करा रही है। शहरी एवं ग्रामीण कलाकारों का ऑनलाइन पंजीकरण किया जा रहा है।

# सच्चा काम, पक्का काम से बनेगा विकसित भारतः असीम अरुण




संवाददाता

**लखनऊ।** हम जो भी काम करें उसे पूरे मनोयोग से करें। काम सच्चा और पक्का होगा तभी भ्रष्टाचार को दूर किया जा सकता है। सच्चा काम, पक्का काम से ही देश विकसित बनेगा। यह बातें समाज कल्याण राज्य मंत्री स्वतन्त्र प्रभार असीम अरुण ने शुक्रवार को भागीदारी भवन में उत्तर प्रदेश समाज कल्याण विकास संघ के द्विवार्षिक अधिवेशन के दूसरे दिन बतौर मुख्य अतिथि कहीं। इस मौके पर संघ द्वारा अपनी विभिन्न समस्याओं और मांगों से सम्बंधित मांग पत्र मंत्री को सौंपा गया। संघ पदाधिकारियों की मांगों और समस्याओं को सुनने के बाद समाज कल्याण मंत्री ने मंच से ही कुमार प्रशांत निदेशक समाज कल्याण को निर्देश दिया कि इनकी मांगों को पूर्ण किया जाये। कर्मियों के कार्य में और कुशलता लाने के लिए विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण दिलाए जाने का निर्देश भी मंत्री ने दिया। विभाग की विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन को और जनोपयोगी बनाने की मांग भी संघ द्वारा की गयी ताकि पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक मिल सके। संघ द्वारा उठाये गए कैडर रिव्यू के मामले पर मंत्री ने गंभीरता से विचार करने का निर्देश दिया है।

# भारतीय लोकतंत्र का सबसे काला अध्याय था आपातकालः राठौर

**भाजयुमो ने किया मॉक पार्लियामेंट बक आयोजन**

संवाददाता



**लखनऊ।** भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष एमएलसी प्रांशु दत्त द्विवेदी के नेतृत्व में आज उत्तर प्रदेश के लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, गाजियाबाद, अलीगढ़, बरेली, झांसी, कानपुर और मेरठ सहित 9 स्थानों पर एक साथ मॉक संसद यानि मॉक पार्लियामेंट का आयोजन किया गया। लखनऊ स्थित एसआर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स बक्शी का तालाब सीतापुर रोड पर आयोजित मुख्य कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।उन्होंने युवाओं से कहा, आपातकाल भारतीय लोकतंत्र का सबसे काला अध्याय था।

इसने न केवल अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को कुचला बल्कि संविधान और मौलिक अधिकारों को भी ताक पर रख दिया। युवाओं का यह आयोजन इस बात का प्रमाण है कि आज की पीढ़ी लोकतंत्र की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। श्री राठौर ने कहा, 1975 का आपातकाल सत्ता के मोह और न्यायिक अवमानना का दुर्भाग्यपूर्ण उदाहरण था। युवाओं को चाहिए कि वे इस ऐतिहासिक भूल को स्मरण रखते हुए संविधान की रक्षा में सदैव सजग रहें।भाजपा प्रदेश महामंत्री अवध क्षेत्रीय प्रभारी संजय राय ने कहा, मॉक संसद की कार्यवाही के दौरान सदन के एक सदस्य द्वारा आपातकाल की निंदा करते हुए एक विशेष प्रस्ताव प्रस्तुत किया। इसके उपरांत सत्ता पक्ष के प्रतिभागियों ने आपातकाल के विरुद्ध तथा विपक्षी पक्षकारों ने आपातकाल के पक्ष में अपने विचार प्रकट किए। सत्तापक्ष ने इस काले अध्याय को लोकतंत्र पर आघात बताया, वहीं विपक्ष ने इसे 'कठिन समय का कठिन निर्णय' कहकर बचाव करने का प्रयास किया।

भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष प्रांशु दत्त द्विवेदी ने कहा लंबी और गंभीर बहस के पश्चात ध्वनि मत से प्रस्ताव पारित किया गया, जिसमें आपातकाल की कड़ी निंदा की गई और संकल्प लिया गया कि भविष्य में किसी भी परिस्थिति में लोकतंत्र के मूल्यों से समझौता नहीं किया जाएगा। कार्यक्रम समापन के बाद मॉक पार्लियामेंट के विजेताओं को पुरस्कार वितरित किया गया।

# मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने किया होमगाड्र्स कार्यालय का शिलान्यास

संवाददाता



**लखनऊ।** होमगाड्र्स एवं नागरिक सुरक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मवीर प्रजापति ने रामपुर की तहसील सदर स्थित ग्राम फैज़नगर कमाण्डेन्ट होमगाड्र्स कार्यालय का भूमि पूजन कर शिलान्यास किया। उ॰ होंने होमगार्ड स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी होमगाड्र्स अपने कर्तव्यों का पालन पूरी ईमानदारी व निष्ठा के साथ करें, प्रदेश सरकार आपके साथ है। कोई भी होमगार्ड कर्मी ऐसा कोई कार्य न करें, जिससे विभाग की छवि धूमिल हो।

मंत्री ने कहा कि वर्ष 2017 से पूर्व होमगाड्र्स स्वयंसेवकों को मात्र तीन लाख रुपये ड्यूटी के दौरान दुर्घटना होने पर दुर्घटना बीमा मिलता था। मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में अब होमगाड्र्स स्वयंसेवकों को आकस्मिक मृत्यु होने पर पांच लाख रुपये अनुग्रह राशि प्रदान की जा रही है एवं दुर्घटना होने पर होमगाड्र्स स्वयंसेकों को बैंकों के माध्यम से 35 से 40 लाख रुपये दुर्घटना बीमा दिया जाता है।

होमगाड्र्स मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने कहा कि प्रदेश में होमगार्डस विभाग को मजबूती देने के लिए लगातार ठोस कदम उठाए जा रहे हैं।

इसी का परिणाम है कि जिन जिलों में होमगाड्र्स विभाग के अपने कार्यालय नहीं थे, वहां कार्यालय भवन का निर्माण किया जा रहा है। अतिशीघ्र प्रदेश के सभी जिलों में होमगार्डस कार्यालय का निर्माण पूर्ण किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि कार्यालय भवन न केवल प्रशासनिक कार्यों के संचालन को सरल बनाएगा, बल्कि जवानों को एक सुसज्जित और सम्मानजनक कार्यस्थल भी प्रदान करेगा।

सरकार द्वारा होमगार्डस को समय-समय पर वर्दी भत्ते का भुगतान किया जा रहा है। मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में होमगार्डस विभाग में कई एतिहासिक कार्य हुए हैं। इस अवसर पर डिवीजनल कमाण्डेन्ट होमगाड्र्स मुरादाबाद मण्डल रामनारायण, जिला कमाण्डेन्ट होमगार्डस कमलेश चौहान, एक्स ईएन यूपीपीसीएल दीपक कुमार शर्मा, भाजपा नेता राजीव लोचन ने भी होमगाड्र्स स्वयंसेवकों को संबोधित किया। इस दौरान एसडीएम न्यायिक राजेश कुमार, अध्यक्ष व्यापार मंडल संदीप अग्रवाल सहित सभी अधिकारी, कर्मचारी, होमगार्डस व स्वंयसेवक उपस्थित रहे।

# पुलिस भाजपा का कमल हाथ में लेकर काम कर रहीः अखिलेश

- बीजेपी सिर्फ विरोधियों पर आरोप लगाने में व्यस्त, ममता सावधान रहें

संवाददाता



**लखनऊ।** कोलकाता लॉ कॉलेज में छात्रा से कथित गैंगरेप मामले पर समाजवादी पार्टी अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने बड़ा बयान दिया है। लखनऊ के अहिमामऊ में पूर्व विधायक संतोष पांडेय के आवास पर पहुंचे अखिलेश ने बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को भाजपा से सतर्क रहने की सलाह दी। अखिलेश ने कहा मैं बंगाल के लोगों और खासकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से कहना चाहता हूं कि भाजपा से सावधान रहें।

अगर आप निष्पक्ष कार्रवाई भी करना चाहेंगी, तो भाजपा इस घटना से राजनीतिक लाभ उठाने की कोशिश करेगी। उन्होंने उत्तर प्रदेश की कानून-व्यवस्था पर भी सवाल उठाते हुए कहा, ÷अपराध और खासकर महिलाओं के खिलाफ अपराध में यूपी सबसे आगे है। यहां आए दिन रेप की घटनाएं हो रही हैं, लेकिन सरकार का ध्यान किसी और दिशा में है। यहां की सरकार कानून-व्यवस्था को छोड़कर बाकी सभी चीजों पर ध्यान दे रही है। महिलाओं की सुरक्षा का कोई ठोस इंतजाम नहीं है। भाजपा सिर्फविरोधियों पर आरोप लगाने में व्यस्त है। अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी और उत्तर प्रदेश सरकार पर कई गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि बीजेपी की स्थापना के समय उसके संविधान में सोशलिस्ट और सेकुलर जैसे शब्द शामिल थे। बीजेपी के स्थापना से जुड़े लोग इन शब्दों को अच्छी तरह जानते और समझते हैं। अगर आप मुंबई में हुए बीजेपी के पहले अधिवेशन के खर्च का पता लगाएंगे कि वो किसने उठाया था, तो सेकुलर शब्द का सही अर्थ समझ में आ जाएगा। अखिलेश यादव ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को लेकर भी बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा, जातीय संघर्ष के बारे में हमारे मुख्यमंत्री से बेहतर कोई नहीं समझ सकता। वे बीजेपी के सदस्य सिर्फ चुनाव लड़ने के लिए हैं, विचारधारा से उनका कोई लेना-देना नहीं है। आजम खान के मामले पर बोलते हुए अखिलेश यादव ने कहा, हमने आजम खान साहब की मदद की हर संभव कोशिश की। यह सत्य है कि अब उनकी मदद अल्लाह, ईश्वर और अदालत ही कर सकती है। उन पर इस सरकार ने फर्जी मुकदमे लगाए हैं। जब सरकार बदलेगी, तभी उन्हें न्याय मिलेगा। अखिलेश ने यह भी आरोप लगाया कि सरकार ने जानबूझकर उन स्कूलों को मर्ज कर खत्म किया है, जहां सपा समर्थकों के वोट अधिक हैं। अगर आप वोटिंग डेटा देखेंगे तो साफ होगा कि जिन स्कूलों को मर्ज किया गया है।

# खाद की कालाबाजारी रोकने के लिए हर दिन बनेगी रिपोर्ट

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में खाद की कालाबाजारी की आशंका को देखते हुए कृषि विभाग ने अधिकारियों को फील्ड में उतार दिया है। हर रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए हैं। जिला कृषि अधिकारियों को निर्देश है कि वे निरंतर जांच करते रहें। यूरिया व डीएपी के साथ जिंक, मैग्नीशियम या अन्य सामग्री लेने का दवाव बनाने वाले दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई करें। धान मक्का सहित खरीफ की अन्य फसलों की बोआई शुरू हो गई है। ऐसे में खाद की खपत बढ़ गई है। खपत बढ़ने पर विभिन्न स्थानों पर निर्धारित दर से अधिक मूल्य पर खाद बेचने की शिकायतें मिल रही हैं। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही की जांच में इसकी पुष्टि भी हुई है। विभाग ने जिला कृषि अधिकारियों से हर दिन खाद की बिक्री और मौजूदा स्टाक का ब्योरा मांगा जा रहा है। फील्ड में उतारे गए अधिकारी गोपनीय तरीके से जिलों में जांच कर रहे हैं। जांच रिपोर्ट के आधार पर गड़बड़ी करने वाले खाद विक्रेताओं और जिले के लापरवाह अधिकारियों पर कार्रवाई होगी। विभिन्न राज्यों से सटे जिलों में चौकसी बरती जा रही है।

# ब्लाक मिशन मैनेजरों को दिया गया प्रशिक्षण

संवाददाता

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशन में दीन दयाल उपाध्याय ग्राम्य विकास संस्थान बख्शी का तालाब लखनऊ में सरकारी, अर्धसरकारी विभाग,संस्थाओ के अधिकारियों,कर्मचारियों,विभाग व रचनात्मक कार्यों से जुड़े लोगों को प्रशिक्षण देकर उन्हें और अधिक दक्ष व सक्षम बनाने का कार्य किया जा रहा है। दीन दयाल उपाध्याय राज्य ग्राम्य विकास संस्थान बख्शी का तालाब लखनऊ द्वारा संस्थान प्रांगण के प्रशिक्षण कक्षों में महानिदेशक संस्थान एल.वेंकटेश्वर लू के संरक्षण निदेशक संस्थान सुबोध दीक्षित के मार्ग निर्देशन व उपनिदेशक डा नीरजा गुप्ता के प्रशासनिक नियंत्रण में समानान्तर रूप से अद्यतन स्थिति में तीन प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। मिशन निदेशक राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन लखनऊ के सहयोग से क्रमशः 23 जून से 26 जून की अवधि में ग्रामीण आजीविका मिशन कार्यक्रम के अन्तर्ग 71 ब्लाक मिशन मैनेजर्स हेतु 04 दिवसीय आवासीय, डिटेल्स प्रोजेक्ट रिपोर्ट डीपीआर'' विषयक उन्मुखीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम 23 जून, 20से 26 जून की अवधि में ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत कुल 25 ब्लाक मिशन मैनेजर्स हेतु 04 दिवसीय आवासीय, ÷एफ्एनएचएसडब्ल्यू माड्यूल-1 एवं एमआईएस'' विषयक प्रशिक्षण कार्यक्रम तथा ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत महिला समूहों की दीदियों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए 25 जून से 27 जून की अवधि में 48 ब्लाक मिशन मैनेजर हेतु 03 दिवसीय आवासीय मधुमक्खी पालन विषयक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

# एकेडेमिक्स डीन प्रो. अमिता जैन हुई सेवानिवृत्त

**केजीएमयू**

संवाददाता




**लखनऊ।** राजधानी स्थित किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय में माइक्रोबायोलॉजी विभागाध्यक्ष एवं एकेडेमिक्स डीन प्रो. अमिता जैन के सेवानिवृत्त होने पर एक सूपरएन्युएशन समारोह का आयोजन किया गया। इसकी शुरुआत स्वागत भाषण एवं प्रो. अमिता जैन का प्रशस्ति पत्र वाचन के साथ हुई, जिसमें उनके विशेषकर वायरोलॉजी (माइक्रोबायोलॉजी) में उनके उल्लेखनीय योगदान और शानदार अकादमिक यात्रा को रेखांकित किया गया।

अपने संबोधन में प्रो. अमिता जैन ने केजीएमयू में अपनी यात्रा को याद करते हुए अपने गुरुओं, सहयोगियों, विद्यार्थियों और परिवार के प्रति गहरी कृतज्ञता व्यक्त की।

केजीएमयू की कुलपति प्रो. (डॉ.) सोनिया नित्यनंद ने प्रो. जैन के समर्पण, नेतृत्व और विद्यार्थियों के मार्गदर्शन की प्रशंसा करते हुए उन्हें विश्वविद्यालय की अमूल्य धरोहर बताया।

इस समारोह में प्रो. वीरेंद्र आतम (अब डीन एकेडेमिक्स), प्रो. अंजू अग्रवाल, प्रो. वाइस चांसलर, प्रो. के.के. सिंह, अध्यक्ष, चत्तरूझ, प्रो. विमला वेंकटेश, प्रो. ऋषि सेठी, प्रो. विजय कुमार, प्रो. प्रशांत, प्रो. राजकुमार, डॉ. शीतल वर्मा और अन्य विभागों से अनेक वरिष्ठ एवं कनिष्ठ संकाय सदस्य समारोह में कई संकाय सदस्यों ने अपने अनुभव साझा किए और प्रो. जैन के साथ बिताए पलों को भावुकता के साथ याद किया।

# राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद से जुड़ा मिनिस्ट्रीयल एसोसिएशन

**लखनऊ।** लखनऊ में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद से जुड़ा मिनिस्ट्रीयल एसोसिएशन। प्रमुख अभियंता कार्यालय परिसर स्थित संघ कार्यालय 'आस्था सदन' में एक अहम सम्बद्धता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष राम लखन सिंह, प्रदेश महामंत्री मनीष कुमार शुक्ला समेत कार्यकारिणी के समस्त पदाधिकारी मौजूद रहे। इस मौके पर परिषद के प्रदेश अध्यक्ष एस.पी. तिवारी की औपचारिक सम्बद्धता भी संपन्न हुई। प्रदेश महामंत्री मनीष कुमार शुक्ला ने बताया कि इस सम्बद्धता से संगठन की ताकत और प्रभावशीलता में बढ़ोतरी होगी। साथ ही शासन व विभागीय स्तर पर लंबित मांगों के निस्तारण की प्रक्रिया तेज होगी। जिन मुद्दों को नजरअंदाज किया जाता था उसे और बल मिलेगा। मनीष कुमार शुक्ला नव कहा राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद से जुड़ाव के बाद कर्मचारियों की आवाज शासन तक और प्रभावी ढंग से पहुंचेगी।

# दवा का प्रिस्क्रिप्शन पढ़ना हुआ आसन, डिजिटल प्रिस्क्रिप्शन की सुविधा शुरू

संवाददाता

**लखनऊ।** अब मरीजों को चिकित्सकों की लिखी दवाएं पढ़ने में कोई दिक्कत नहीं होगी और वह इसे आसानी से समझ सकेंगे। साथ ही दवाओं का प्रिस्क्रिप्शन भी उनके हेल्थ रिकॉर्ड में दर्ज रहेगा।

इस संबंध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एन.बी. सिंह ने कहा कि जनपद में कुल 54 नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (यूपीएचसी) हैं, इनमें से 48 यूपीएचसी पर डिजिटल प्रिस्क्रिप्शन की सुविधा शुरू कर दी गई हैं। इसे सीधे मरीजों की आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट (आभा) आईडी से जोड़ा जा रहा है। इससे न सिर्फ दवा लेने में सुविधा होगी, बल्कि मरीजों का रिकॉर्ड भी सुरक्षित रहेगा।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि कई बार समस्या सामने आती है कि न तो मरीज और न ही फार्मासिस्ट चिकित्सक की लिखावट समझ पाते हैं। ऐसे में दवा का पता लगाने के लिए मशक्कत करनी पड़ती है। इसलिए 54 में से 48 यूपीएचसी पर सुविधा शुरू की गई है, जिसके तहत मरीजों को हाथ से लिखने की जगह दवाओं का विवरण प्रिंट करके दिया जा रहा है। जल्द ही यह सुविधा अन्य 6 यूपीएचसी पर शुरू हो जाएगी। उ॰ होंने बताया कि मरीजों को दी जाने वाली दवाओं का रिकॉर्ड रखने के लिए इसे आभा आईडी से जोड़ा जा रहा है। इससे मरीज द्वारा परचा खोने या पर्चा न लाने की स्थिति में चिकित्सक द्वारा डिजिटल प्रिस्क्रिप्शन देखकर यह पता चला जाएगा कि उन्होंने मरीज को क्या दवा लिखी है। जनपद के शहरी क्षेत्र में 108 आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आ.आ.एम.) हैं। शीघ्र ही इन आ.आ.म. पर भी यह सुविधा शुरू हो जाएगी।

## सम्पादकीय

# रौनक लौटी प्राचीनतम शिक्षा केंद्र की

हर शहर, हर महानगर और हर कस्बे की अपनी एक निजी पहचान, निजी विशेषता होती है,जो हर दूसरी जगह से अलग होती है। ऐसी ही खासियत है भारत के प्राचीन गौरव नालंदा विश्वविद्यालय में। सदियों बाद हुई शुरुआत के बाद जिसकी रौनक इसे 'भारत का अपना हार्वर्ड' भी कह सकते हैं। हालांकि एक तरह से प्राचीन नालंदा विवि की तुलना अमेरिका के हार्वर्ड विवि से करना विद्या के इस प्राचीनतम वैश्विक केंद्र की तौहीन है, क्योंकि 5वीं सदी से 12वीं सदी तक नालंदा विश्वविद्यालय की जो सुकीर्ति रही है, उसका कोई सानी नहीं। लेकिन विदेशी आक्रांताओं द्वारा इसे ध्वस्त कर दिये जाने के बाद कई सदियां गुजरी हैं, उस कारण आज अगर प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय को दुनिया के किसी मौजूदा विश्वविद्यालय के सांकेतिक उदाहरण से समझा जा सकता है, तो वह आधुनिक ज्ञान का बेजोड़ घर हार्वर्ड विश्वविद्यालय ही हो सकता है। बहरहाल नालंदा विश्वविद्यालय का नाम लेते ही भारत के प्राचीन ज्ञान, गौरव, शिक्षा और सांस्कृतिक विपुलता का बोध होता है। निःसंदेह सदियों तक अपने न होने पर भी प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय इतिहास में भारत का एक महत्वपूर्ण लैंडमार्क रहा है। कभी यहां 10 हजार से ज्यादा छात्र पढ़ा करते थे और 2 हजार से ज्यादा शिक्षक थे। हालांकि नालंदा के गौरव गाथाएं अभी महज इतिहास का हिस्सा हैं, लेकिन साल 2006 के बाद प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय की जो आधुनिक कहानी शुरू हुई है, वह इतिहास के अपने सुनहरे पदचिन्हों की तरफ सधे कदमों से बढ़ रही है। गौरतलब है कि यह विश्वविद्यालय बिहार राज्य के नालंदा जिले में स्थित है, जो कि पटना से लगभग 100 किलोमीटर दक्षिण में स्थित है। यहां पहुंचने के लिए सबसे नजदीकी हवाईअड्डा गया का अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा है, जो इससे करीब 80 किलोमीटर है। नालंदा विवि के सबसे निकट स्थित शहर राजगीर है जो बुद्धिस्ट सर्किट का बोधगया और नालंदा के साथ महत्वपूर्ण हिस्सा है।महान नालंदा विश्वविद्यालय के प्राचीन गौरव पर एक नजर डालना भारत के गौरवपूर्ण इतिहास का पुनर्पाठ करने जैसा है। लगभग 5वीं सदी ईस्वी के समय नालंदा विश्वविद्यालय की स्थापना गुप्त सम्राट कुमारगुप्त ने की थी। यह विश्वविद्यालय बुद्धिज्म, दर्शनशास्त्र, आयुर्वेद, गणित, खगोलशास्त्र और साहित्य के अध्ययन का विश्व प्रसिद्ध केंद्र था। एक समय यहां 10 हजार से ज्यादा छात्र और 2 हजार से ज्यादा शिक्षक थे, जो कि आवासीय विश्वविद्यालय था। महान तिब्बती विद्वान तात्स्यांग और इत्सिंग जैसे चीनी यात्री यहां अध्ययन कर चुके हैं।


इस विश्वविद्यालय को 12वीं सदी के अंत में बख्तियार खिलजी ने आक्रमण करके ध्वस्त कर दिया था और वह इसका नामोनिशान मिटाने के लिए इसमें आग लगा दी थी, जो कहते हैं एक साल तक जलती रही थी। साल 2006 में भारत सरकार ने नालंदा विश्वविद्यालय के पुनर्जीवन की योजना बनायी। तत्कालीन राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम के 'नॉलेज कॉरिडोर' के विचार के केंद्र में नालंदा विश्वविद्यालय भी था। साल 2010 में नालंदा यूनिवर्सिटी एक्ट 2010 संसद में पारित हुआ तथा नालंदा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी की विधिवत स्थापना की योजना बनी। भारत सरकार ने इसे अंतर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालय घोषित किया, जिसमें आसियान देशों का व्यापक समर्थन हासिल हुआ। साल 2014 में पुराने नालंदा विश्वविद्यालय की सरजमीं पर नये नालंदा विश्वविद्यालय की शुरुआत हुई और पहला अकादमिक कार्यक्रम शुरू हुआ। साल 2021-2023 के बीच नालंदा विश्वविद्यालय के नये कैंपस का निर्माण हुआ। यहां पर इस दौरान कई ग्लोबल रिसर्च प्रोग्राम्स का विस्तार हुआ। साल 2024-25 में आसियान, बिम्सटेक, यूरोपीयन यूनिवर्सिटी पार्टनरशिप्स बढ़ी और इस तरह ग्लोबल सेंटर फॉर बुद्धिस्ट स्टडीज एंड इकोलॉजी जैसे वैश्विक अध्ययन केंद्र की स्थापना हुई। आज यानी 2025 का नालंदा विश्वविद्यालय बौद्ध अध्ययन, तुलनात्मक धर्म, पर्यावरण और सतत विकास, ऐतिहासिक अध्ययन, अंतर्राष्ट्रीय संबंध और दर्शनशास्त्र मुख्य विषय के रूप में पढ़ाये जाते हैं। यहां 40 से ज्यादा देशों के छात्र हैं और इंटरनेशनल फैकेल्टी व इंटरडिसिप्लिनरी रिसर्च केंद्र मौजूद है। ज्ञान, शांति और साझा भविष्य के लिए शिक्षा' के मिशन के रूप में नालंदा विश्वविद्यालय का यह नया आदर्श वाक्य है। आज यह विश्वविद्यालय ग्लोबल नॉलेज हैरिटेज और मॉर्डन एकेडमिक सेंटर के रूप में धीरे-धीरे बढ़ रहा है।

# रेयर अर्थ मिनरल्स और ईंधन-तेल में आत्मनिर्भरता की दिशा में कदम

> भारत के पास भी 7 मिलियन टन का वर्तमान रिजर्व है और दुनिया में रूस के बाद पांचवें नंबर पर है; जबकि अमेरिका के पास दुनिया का केवल 2त्न ही है। वैसे भारत में अभी एक्स्प्लॉरैशन चल रहा है, और संभावना है ये क्षमता 15 मिलियन टन के ऊपर पहुँच सकती है। अभी स्थिति ये है कि भारत को इसे चीन से आयात करना पड़ रहा है। क्योंकि अब से पहले इसका नियंत्रण देश के पब्लिक सेक्टर 'इंडियन रेयर अर्थ मिनरल्स लिमिटेड' के अधीन था।

कभी केवल तेल था, अब इसके साथ रेयर अर्थ मिनरल्स भी आ जुड़ा है किसी देश की आर्थिक संप्रभुता को प्रबल बनाए रखने के लिए। क्योंकि जहां कोई भी उत्पादन होता है, वहाँ मैगनेट की जरूरत पड़ती है, जैसे विंड टर्बाइन, विद्युत जेनेरेटर्स ; इलेक्ट्रिकल व्हीकल्स, एयरक्राफ्ट इंजन, कार आदि। मैगनेट चाहिए तो जरूरी है आपके पास रेयर अर्थ मिनरल्स हों, जिससे ये बनकर तैयार होती है। रेयर अर्थ मिनरल्स आज चीन के पास सर्वाधिक 42 मिलियन टन हैं , जबकि इसके शोधित प्रारूप की दृष्टि से दुनिया की 90त्न आपूर्ति ये करता है। भारत के पास भी 7 मिलियन टन का वर्तमान रिजर्व है और दुनिया में रूस के बाद पांचवें नंबर पर है; जबकि अमेरिका के पास दुनिया का केवल 2त्न ही है। वैसे भारत में अभी एक्स्प्लॉरैशन चल रहा है, और संभावना है ये क्षमता 15 मिलियन टन के ऊपर पहुँच सकती है।

अभी स्थिति ये है कि भारत को इसे चीन से आयात करना पड़ रहा है। क्योंकि अब से पहले इसका नियंत्रण देश के पब्लिक सेक्टर 'इंडियन रेयर अर्थ मिनरल्स लिमिटेड' के अधीन था। कुछ अपवादों को छोड़ दें तो इन सरकार नियंत्रित सेक्टर्स की सुस्त कार्य प्रणाली से सब सुपरिचित हैं। लेकिन अमेरिका के टैरिफ़-वार के चलते अब चीन ने इसको शस्त्र के रूप में इस्तेमाल करना शुरू कर दिया। साथ ही औद्योगिक विस्तार के साथ भारत की भी आवश्यकता बढ़ गई है। पिछले वर्ष हमें जरूरत थी 4.5 हजार टन की, जबकि देश में उत्पादन हुआ कुछ सौ टन। इसलिए भारत ने अब एक 1000 करोड़ की प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेन्टीव -स्कीम भी शुरू कर दी है, साथ ही पब्लिक सेक्टर का एकाधिकार खत्म कर प्राइवेट सेक्टर को आमंत्रित किया जा रहा है। कहते हैं राजस्थान के रेगिस्तान में इसका अथाह भंडार पड़ा है, जहां अभी तक गहरी खुदाई हुई ही नहीं। क्योंकि जिसे करना था वो था पब्लिक सेक्टर का उपक्रम। उसके लिए अब रास्ता खोल दिया गया है, अश्विनी वैष्णव के द्वारा।



अब ये काम प्राइवेट सेक्टर सम्पन्न करेगा। इतना भर नहीं, ऑस्ट्रेलिया के पास 6 टन रेयर अर्थ मिनरल्स है। भारत और ऑस्ट्रेलिया ने समझौता कर निश्चित किया है कि इस दिशा में मिलकर काम करेंगे। दूसरी तरफ खबर है कि देश में अंडमान के समुद्री तट के निकट तेल का 4.5 बिलियन बैरल्स का बड़ा भंडार मिला है। इतना बड़ा कि जब यहाँ से तेल निकलना शुरू हो जाएगा, तो इसकी मात्रा कम से कम 2.50 लाख बेरल्स प्रति दिन होगी। जबकि वर्तमान में बॉम्बे हाई से सर्वाधिक 1.35 लाख बैरल्स प्रतिदिन प्राप्त होता है। यहाँ 1970 से हमें तेल मिल रहा है जो कि वर्तमान में प्राप्त कुल मात्रा का 35त्न है।

कुछ समय पहले ही हमें बॉम्बे-हाई के पास ही दो जगह तेल के भंडार मिले हैं- सूर्यमणि और वज्रमणि। साथ ही त्रिपुरा में कुछ दिन पूर्व 200 तेल के कुएं में से कुछ में ऑईल एक्स्प्लॉरैशन (अन्वेषण) चल रहा है, तो कुछ में से तेल निकालना भी शुरू कर दिया है। इसी प्रकार कृष्ण-गोदावरी बेसिन में 5 कुँओं में से 45 हजार बैरल्स प्रतिदिन तेल मिलने का अनुमान है। फिर बिहार के समस्तीपुर और यूपी के बलिया जिले में भी तेल पाया गया है।क्या कारण है कि पिछले कुछ समय से लगातार नित्य नए तेल भंडार का पता चल रहा है ? ऑईल-फील्ड से सामान्यता जहाँ तेल मिलता है, वहाँ गैस भी पायी जाती है। आज की स्थिति में सोनार और राडार तकनीकी और साथ ही रिसोर्स-सेटेलाइट से तेल को खोज निकलने का काम भी शुरू हो चुका है. जबकि इसके पहले पता नहीं क्यों इस और ध्यान ही नहीं दिया गया। इसी प्रकार इस व्यवसाय से जुड़े अन्दर की खबर रखने वालों की मानें तो आयातकों से मिलने वाले भारी कमीशन के चलते कभी निजी कंपनियों को इस क्षेत्र से दूर रखा गया जिससे यथास्थिति बनी रहे लेकिन अब जब से मोदी सरकार केंद्र की सत्ता में आयी 'ओपन लाइसेंसिंग पालिसी' के तहत जो अब तक अप्राप्त रहा उसे पाने के लिए इन निजी क्षेत्र की कंपनियों को भी मौका दिया जाना शुरू हो चुका है।


2016 में सिंगल हाइड्रोकार्बन एक्सप्लोरेशन एण्ड लाईसेंसिंग पालिसी (॥श्वरुक्क) लागू कर पहले से स्थिति को आसान किया गया है। आज सुनने में विचित्र लग सकता है, लेकिन पहले तेल के कुएं से अगर कोई कंपनी को तेल निकालने का ठेका मिलता था, तो तेल के साथ निकलने वाली गैस भले हवा में उड़कर व्यर्थ नष्ट हो जाये पर ठेके की शर्त से बंधी कंपनी उसको स्टोर नहीं कर सकती थी। लेकिन अब नई नीति के अंतर्गत कुएं से प्राप्त होने वाली हर उपयोगी चीज़ देश हित में कंपनी स्टोर कर सकती है। इतना भर नहीं, अब ओपन एरिया लाइसेंसिंग पालिसी (ह्रस्रुक्क)के अंतर्गत कोई कंपनी तेल को खोज निकालने के काम के प्रस्ताव को भी लेकर आ सकती है। जबकि पहले सरकार के पास ही ये अधिकार सुरक्षित थे और जो कि अपनी सुस्त गति से चलने के लिए अभिशिप्त थे। पहले डीआरडीओ, कोस्ट गार्ड और इसरो जैसे संगठनों ने बहुत बड़े क्षेत्र को सामरिक दृष्टि से प्रतिबंधित कर रखा था। लेकिन अब सरकार ने इन क्षेत्रों को ऑइल एक्स्प्लॉरैशन के लिए खोल दिया है; साथ ही एक्स्ट्रैक्शन (निकालने) के लिए भी। खबर है, शेवेरॉन, एक्सोन मोबिल, फ्रांस की टोटल एनेरजीस जैसी ऑइल एक्स्प्लॉरैशन कॉम्पनियों ने भारत से संपर्क करना शुरू भी कर दिया है। बताया जाता है, अंडमान में जिस तेल भंडार का पता चला है अगर उसकी पूरी क्षमता का उपयोग किया जाए तो उससे हमारी अगले 70 साल की कुल जरूरत संभव हो सकेगी। दूसरी ओर, पहले कभी तेल के लिए हम खाड़ी देशों पर ही निर्भर थे। लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने इसके साथ ही दायरा बढ़ाते हुए वेनेजुएला, गुयाना और यूक्रेन-रशियन युद्ध के बाद हमने रूस से तेल लेना शुरू किया। वो भी रुपए में साथ ही 30त्न डिस्काउंट रेट पर। फिर क़तर से भी हमारी डील रुपए में है। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार अभी हम 30 से भी अधिक देशों से तेल आयात कर रहे हैं। इतना ही नहीं अमेरिका ने ईरान पर प्रतिबंध लगा रखा था, डॉलर में तेल ले नहीं सकते था। तो हमने चावल के बदले ईरान से तेल खरीदना शुरू कर दिया। साथ ही हमने कतर-गुयाना जैसे देशों के साथ लॉन्ग टर्म ट्रैड-डील साइन कर ली, जिसमें तेल की कीमत शर्तों के अधीन ही तय होंगी, बदलते हालातों से नहीं। आर्कटिक नॉर्थ पोल पर तेल के बड़े भंडार का पता चला और रूस वहाँ पहुँच गया। तो भारत ने कहा हम भी आ रहे हैं आप के साथ। सऊदी अरब में कुछ समय पहले नरेन्द्र मोदी का दौरा हुआ। इसमें सहमति बनी कि सऊदी अरब अपने तेल को भारत में रिफाइन्ड करवाएगा। अंडमान में सालों से एक गैस-ज्वालामुखी स्थल है। और जो वहाँ घूमने जाता है, वो यहाँ भी आता है। लेकिन हम तेल आयात करते रहे, इस ओर ध्यान ही नहीं दिया गया। कृष्ण-गोदावरी बेसिन में 20 साल पहले तेल मिल चुका था, अब उसको निकालने की दिशा में आगे बढ़ा जा रहा। बॉम्बे हाई पर रिलायंस रिग 40-50त्न की क्षमता पर काम कर रही थी। अब उसको कहा गया है, ये अधिकतम स्तर तक ले जाया जाए।

## सरोकार

# ऑपरेशन सिंदूर से उभरी भारत की वैश्विक दमदार छवि

ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत के जवाबी हमले से पाकिस्तान के 9 एयरबेस की तबाही और लगभग 100 दुर्दांत आतंकवादी मारे जाने के बाद भारत की छवि विश्व में एक दमदार शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में उभरी है। अब भारत से कई देश से अस्त्र-शस्त्र की खरीदी के लिए कतार में खड़े होते दिखाई दिए हैं। भारत ने जिस तरह ब्रह्मोस मिसाइल और 400 से चीनी तथा टर्किए के 500 से ज्यादा ड्रोन तथा मिसाइल को हवा में ही ध्वस्त किया है वह अपने आप में एक वैश्विक मिसाल है।

इसमें अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप मध्यस्तता का श्रेय लेने की कोशिश में लगे हुए थे किंतु भारत के कठोर रुख के कारण अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को अपना बयान बदलकर यू टर्न लेना पड़ा जिससे भारत की छवि और बेहतर हो गई है। भारत ने कूटनीतिक पहलकर पाकिस्तान की आतंकवादी छवि को स्पष्ट करने के लिए लगभग 60 सांसदों को विभिन्न देशों में भेज कर पारदर्शिता का एक अनोखा उदाहरण प्रस्तुत किया है, भारत विश्व में अब एक बड़ी राजनीतिक,आर्थिक तथा सामरिक शक्ति बन कर उभरा है, भारत में वर्तमान में अपनी वैश्विक छवि को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दुगुना किया है, विदेशों में भारत की स्थिति में निरंतर सुधार हुआ है। भारत की छवि को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर बनाने के लिए कूटनीति आर्थिक व्यापारिक समझौते तथा पाकिस्तान को युद्ध में बुरी तरह परास्त करने के बाद एक बड़ी सामरिक शक्ति बनकर उभरने के अलावा इस समय बहुत बड़ा योगदान भारत के हर क्षेत्र के डिजिटलाइजेशन का भी ज्यादा रहा हैस भारत में डिजिटलाइजेशन के नए आयामों को छुआ है और विश्व में इस क्षेत्र में अग्रणी भूमिका भी निभा रहा है, इसमें दो मत नही कि वर्तमान




के प्रधानमंत्री का बड़ा योगदान और ऊर्जावान,दमदार वैश्विक नेता के रूप में भूमिका रही है । पिछले 11 वर्षों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विदेश नीति में खुलापन तथा विदेशी निवेशकों को भारत में आमंत्रित किया है उससे इसमें बड़े परिवर्तन की संभावनाओं इजाफा किया है, भारत विश्व का एकमात्र सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है, कई वर्षों से ब्रिटिश उपनिवेश में रहने और स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात गरीबी, भुखमरी ,बेरोजगारी जैसे बड़े रुकावटी कारकों का से जिस तरह डटकर मुकाबला कर उस से निजात पाने का प्रयास किया है वह अत्यंत उल्लेखनीय है। कोरोना कल में भारत ने अभूतपूर्व तरीके से स्वदेशी दवाइयां का एवं अन्य उपकरणों का निर्माण कर करके एक रिकॉर्ड भी बनाया है और इस पहल के परिणाम स्वरूप भारत में करोन पर प्रभावी नियंत्रण पानी में सफलता पाई थी। इसके अलावा भारत में ऐसे संक्रमण काल में स्वदेशी निर्मित मेडिकल इंजेक्शन दवाईयां तथा उपकरणों को भी विदेशी देशों को मदद पहुंचाई थी। स्वतंत्रता मिलने के पश्चात भारत में नियोजन की नीति अपनाई तथा वर्ष 1951 में प्रारंभ पंचवर्षीय योजनाओं के अंतर्गत सभी चुनौतियों का सामना करते हुए सराहनीय प्रगति की है, वर्ष 1951 से लेकर अब तक 12 पंचवर्षीय योजनाएं क्रियान्वित की जा चुकी है, वर्ष 2015 में राष्ट्रीय भारत परिवर्तन संस्थान की स्थापना की गई जो भारत को वैश्विक स्तर पर महाशक्ति बनाने की दिशा में सहयोग कर रहा हैस वैश्विक स्तर पर भारत की खेती 1990 के पश्चात निरंतर बढ़ रही है इस दिशा में 1990 के दशक में भारत सरकार द्वारा अपनाई जाने वाली उदारीकरण निजीकरण तथा वैश्वीकरण की नीति का महत्वपूर्ण योगदान भी माना जा रहा है, उक्त समय में भारत की दशा अत्यंत दयनीय थी इसके अतिरिक्त मुद्रास्फीति बेरोजगारी जैसी स्थित ने विकराल रूप धारण कर लिया था, किंतु विकास की नीति को अपनाने के पश्चात से भारत ने इन परिस्थितियों से निपटने के साथ ही आर्थिक विकास का मार्ग प्रशस्त किया भारत ने अपने प्राकृतिक संसाधनों एवं विशाल जनसंख्या के उपयोग कर विश्व पटल में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है, भारत की विशाल जनसंख्या को आर्थिक सफलता के मजबूत स्तंभ कहा जा सकता है। भारत ने अपने प्राकृतिक संसाधनों एवं विशाल जनसंख्या का उपयोग कर उत्पादन को कई गुना बढ़ाया है, आज की स्थिति में भारत को एक आर्थिक महाशक्ति के रूप में देखा जा सकता है और इसे तथाकथित भावी विश्व शक्ति चीन का सबसे ताकतवर प्रतिनिधि तथा संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का भावी सदस्य के रूप में भी देखा जा रहा हैस भारत में समय के अनुसार अपनी नीतियों तथा विकास के प्रति मानको में परिवर्तन कर निरंतर आर्थिक विकास की दर को प्राप्त करते हुए अधिकांश विकास के लक्ष्यों की प्राप्ति की है, वास्तव में वर्तमान समय में भारत के ऐतिहासिक बदलाव के दौर से गुजर रहा है।

# अमरीका के लिए भारत-चीन एक जैसे

**प्रेम शर्मा**

ताली एक हाथ से नहीं बज सकती। यह सही है कि अमेरिका आर्थिक-सैन्य दृष्टि से अब भी ताकतवर है, लेकिन अब उसका प्रभाव पहले जैसा नहीं और यह एक तथ्य है कि पिछले कुछ वर्षों में भारत का अंतरराष्ट्रीय कद बढ़ा है। इसकी अनदेखी कोई चीन भी नहीं कर पा रहा है। पिछले दिनों भारत की पाक पर की गई स्ट्राईक से पाक चीन, और अमरीका तिलमिलाए हुए है। वैश्विक स्तर पर भारत ने पिछले कुछ समय से अपना एक अलग प्रभाव बनाया है। ऐसे में भारत को चीन एवं अमेरिका, दोनों से सावधान रहने के साथ अपनी आर्थिक शक्ति बढ़ानी चाहिए। अमेरिका और विशेष रूप से राष्ट्रपति ट्रंप से ऐसे संकेत मिलना अच्छा तो है कि भारत से जल्द व्यापार समझौता हो सकता है, लेकिन मोदी सरकार को इसके प्रति सतर्क रहना होगा कि यह समझौता ट्रंप की शर्तो अथवा उनके दबाव और प्रभाव में बिल्कुल भी न होने पाए। भारत को इस मामले में अडिग रहना चाहिए और अपनी दृढ़ता प्रदर्शित भी करनी चाहिए। इसलिए करनी चाहिए, क्योंकि ट्रंप केवल अमेरिका और यहां तक कि अपने निजी हितों को प्राथमिकता दे रहे हैं। वे अमेरिका को महान बनाने के लिए कुछ ज्यादा ही जल्दी दिखा रहे हैं।दूसरी तरफ अमरीका और चीन का पाकिस्तान प्रेम के साथ और कई घटनाक्रम भारत के लिए लगातार चिन्ता का विषय है। ऐसे में भारत को चीन के साथ अमरीका से भी किसी तरह के समझौते से पूर्व इस पर गहन मंथन करना चाहिए।

वैसे तो अमेरिकी राष्ट्रपति के रूप में उन्हें अमेरिका के हितों की चिंता करनी चाहिए, लेकिन इसका यह मतलब नहीं कि वे अपनी ही नीतियों के विपरीत आचरण करें और भारत सरीखे मित्र देश के प्रति बेरुखी दिखाएं। यह तो हद ही है कि वे भारत के हितों की चिंता करने के बजाय उस पाकिस्तान के प्रति सहानुभूति दिखा रहे हैं, जिसे अपने पहले कार्यकाल में धोखेबाज, आतंकियों का समर्थन करने एवं अमेरिका से छल करके पैसे ऐंठने वाला बता चुके हैं। अब वे उसके सबसे बड़े हितैषी दिखना चाह रहे हैं। वैसे भी ट्रंप की मनमानी टैरिफ नीति चल नहीं पा रही है और उन्हें अपने कठोर रवैये को मजबूरी में नरम करना पड़ा है। इसके चलते उनकी घर और बाहर फ्जीहत हो चुकी है। वैसे तो ट्रंप शांतिदूत बनना चाहते हैं, लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति से अधिक व्यापारी बनने पर आमादा हैं। यह उनकी मर्जी कि जो चाहे करें, लेकिन भारत को उन्हें अपने साथ मनमानी नहीं करने देनी चाहिए। भारत ने यह कहकर सही किया कि उसे व्यापार समझौते की जल्दी नहीं। आपरेशन सिंदूर और इजरायल-ईरान युद्ध में ट्रंप के दोहरे रवैये को पूरी दुनिया ने देख रही है। यदि भारत को अमेरिका की आवश्यकता है तो उसे भी भारत का साथ चाहिए। दो देशों के बीच मित्रता तभी कायम रह पाती है, जब वे-एक दूसरे के हितों का आदर करते हैं। ट्रंप ऐसा नहीं कर रहे हैं। यहा इस खबर पर विचार करना होगा कि बीते गुरुवार को कहा कि अमेरिका ने चीन के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किया है। इस दौरान ट्रंप ने इशारों-इशारों में यह भी एलान किया कि जल्द ही भारत के साथ भी अमेरिका बहुत बड़ी डील करने वाला है।अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, ष्हम कुछ बेहतरीन सौदा कर रहे हैं और हम एक और डील करने जा रहे हैं जहां हम भारत के लिए दरवाजे खोलने जा रहे हैं। चीन के साथ सौदे में हम चीन के लिए दरवाजे खोलने जा रहे हैं। यानि इतना तो तय है कि अमरीका यहॉ एक व्यापारी के हैसियत से सामने आया है। उसे भारत की मित्रता या भारत के हितों से कोई लेना देना नही। उसके लिए चीन और भारत एक जैसे है। एक तरफ अमेरिका भारत को 'अहम रणनीतिक साझेदार' बताता है, वहीं दूसरी तरफ वही अमेरिका अब भारत को ÷असुरक्षित देश÷ घोषित करने की कोशिश में लगा है। अमेरिकी विदेश विभाग की हालिया ट्रैवल एडवाइजरी ने भारत में राजनीतिक और कूटनीतिक हलकों में हलचल मचा दी है। इस एडवाइजरी में अमेरिका ने भारत को ÷लेवल-2 यानि अतिरिक्त सावधानी बरतें÷ की श्रेणी में रखा है। अमेरिका ने अपने नागरिकों को चेताया है कि भारत में यात्रा करते समय अपराध, आतंकवाद, यौन उत्पीड़न और सामुदायिक हिंसा की आशंका ज्यादा है। विशेष रूप से महिलाओं को अकेले यात्रा न करने की सलाह दी गई है। ऐसे कई उदाहरण है जिससे यह सिद्ध होता है कि अमरीका के लिए सभी देश एक जैसे है। उसका किसी से कोई आत्मीय रिश्ता ना होकर केवल व्यापारिक रिश्ता है, ऐसे में भारत को सर्तक रहकर कोई निर्णय लेना चाहिए।

## नजरिया

# अंतरिक्ष की नई उड़ानः एक्सिसओम-4 और भारत की वैश्विक पहचान

एक्सिसओम-4 मिशन भारत के अंतरिक्ष इतिहास में एक ऐतिहासिक क्षण है। वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ल की सहभागिता से यह मिशन सिर्फ तकनीकी उपलब्धि नहीं बल्कि वैश्विक मंच पर भारत की उपस्थिति का प्रतीक बन गया है।

अमेरिका की एक्सिसओम-4 स्पेस और नासा के सहयोग से हुआ यह अभियान भारत को मानव अंतरिक्ष यात्रा के क्षेत्र में नई ऊंचाईयों पर ले गया है। वैज्ञानिक प्रयोगों, अंतरराष्ट्रीय सहयोग और रणनीतिक साझेदारी के स्तर पर यह मिशन आने वाले गगनयान और भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन की नींव मजबूत करता है। 41 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद जब भारत का कोई प्रतिनिधि अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) की ओर रवाना हुआ, तो यह महज़ एक मिशन नहीं था, बल्कि भारत के अंतरिक्ष विज्ञान, वैश्विक कूटनीति और वैज्ञानिक प्रतिष्ठा का पुनर्जन्म था। एक्सिसओम-4 मिशन में भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ल की भागीदारी ने यह स्पष्ट कर दिया कि भारत अब अंतरिक्ष की दौड़ में सिर्फ एक सहभागी नहीं, बल्कि एक संभावित नेतृत्वकर्ता के रूप में देखा जा रहा है। इस मिशन के माध्यम से भारत ने एक साथ कई स्तरों पर उपलब्धियाँ प्राप्त कीं। सबसे पहले, वैज्ञानिक दृष्टिकोण से बात करें तो भारत ने इस मिशन के तहत सात प्रमुख वैज्ञानिक प्रयोग अंतरिक्ष में भेजे। ये सभी प्रयोग सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण पर आधारित थे और इनका उद्देश्य जीवन के विभिन्न पहलुओं को समझना था। मेथी और मूंग जैसे बीजों पर किया गया अध्ययन भारतीय कृषि तकनीकों की विशिष्टता को अंतरिक्ष तक ले गया। इससे यह प्रमाणित होता है कि भारत की पारंपरिक खेती भी वैज्ञानिक शोध के लिए प्रासंगिक और आधुनिक है। इसके अतिरिक्त, सूक्ष्मजीवों, माइक्रोएल्गी और मांसपेशियों के पुनरुत्पादन पर आधारित प्रयोगों ने दीर्घकालिक अंतरिक्ष यात्रा में जीवन समर्थन प्रणालियों के विकास में भारत की उपयोगिता को सिद्ध किया। इससे स्पष्ट है कि भारत केवल अंतरिक्ष में मौजूदगी दर्ज कराने नहीं बल्कि उसमें नवाचार और अनुसंधान के स्तर पर योगदान देने आया है। शुभांशु शुक्ल का स्पेसएक्स के क्रू ड्रैगन यान को सफलतापूर्वक डॉक करना और अंतरिक्ष में आपातकालीन स्थितियों का प्रशिक्षण प्राप्त करना, आने वाले गगनयान मिशन के लिए अमूल्य अनुभव है। यह भारत के पहले मानव अंतरिक्ष मिशन के लिए एक मजबूत बुनियाद का कार्य करेगा। एक्सिसओम-4 ने यह भी दिखा दिया कि भारत अब व्यावसायिक अंतरिक्ष उड़ानों में भी प्रवेश कर चुका है। एक्सिसओम-4 स्पेस और भारतीय स्टार्टअप स्काईरूट एयरोस्पेस के बीच हुआ समझौता दर्शाता है कि भारत अब केवल सरकारी संसाधनों पर निर्भर नहीं रहना चाहता, बल्कि निजी क्षेत्र के सहयोग से सस्ते और नवीन समाधान विकसित करने की दिशा में अग्रसर है। यह भारतीय अंतरिक्ष नीति की आत्मनिर्भरता और स्टार्टअप संस्कृति की सफलता की कहानी है। रणनीतिक दृष्टि से देखें तो एक्सिसओम-4 भारत और अमेरिका के बीच बढ़ते सहयोग का प्रतीक है, विशेषकर आईसीईटी और आर्टेमिस समझौते जैसी व्यवस्थाओं के अंतर्गत। भारत ने इस मिशन के ज़रिए न केवल अमेरिका बल्कि वैश्विक दक्षिण-उत्तर सहयोग की भावना को भी मज़बूती दी। इस मिशन में भारत के साथ पोलैंड और हंगरी जैसे देशों के अंतरिक्ष यात्री भी शामिल थे। यह वैश्विक समावेशिता और साझेदारी का प्रतीक था। यह मिशन भारत की सॉफ्ट पावर को भी बढ़ावा देता है। जब दुनिया के समाचार चैनलों पर भारत का नाम मानव अंतरिक्ष यात्रा के साथ जोड़ा गया, तो यह सिर्फ तकनीकी नहीं, कूटनीतिक जीत भी थी। भारत ने यह दिखा दिया कि वह केवल उपग्रह भेजने वाला देश नहीं, बल्कि अंतरिक्ष में मानव भेजने और सहयोग करने वाला देश बन चुका है।

एक्सिसओम-4 मिशन से भारत के निजी अंतरिक्ष स्टार्टअप्स को भी नया आत्मविश्वास मिला है। स्काईरूट और अग्निकुल कॉसमॉस जैसी कंपनियाँ अब वैश्विक सहयोग की दिशा में अपने कदम बढ़ा रही हैं। यह भारत के लिए निवेश, तकनीकी सहयोग और वैज्ञानिक नवाचार के नए द्वार खोलने वाला साबित हो सकता है। इसके अतिरिक्त, इस मिशन ने भारत को गगनयान के लिए आवश्यक अनुभव प्रदान किया है।

एक्सिसओम-4 को विशेषज्ञों ने बीमा नीति की संज्ञा दी है, जिसका तात्पर्य है कि इस मिशन से भारत को उन जोखिमों को समझने और नियंत्रित करने का अवसर मिला जो गगनयान जैसे जटिल मिशनों में सामने आ सकते हैं। साथ ही, यह अनुभव भारत के भविष्य के अंतरिक्ष स्टेशन ÷भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन के निर्माण की दिशा में भी सहायक होगा। यह भी महत्वपूर्ण है कि शुभांशु शुक्ल को नासा में आठ महीने का कठोर प्रशिक्षण मिला, जिससे भारत को अब अंतरिक्ष यात्रियों की प्रशिक्षण क्षमता को लेकर एक नया मानक मिल गया है। भविष्य में भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को इसी स्तर पर प्रशिक्षित किया जा सकता है। एक्सिसओम-4 मिशन ने भारत को संयुक्त राष्ट्र के संयुक्त राष्ट्र बाह्य अंतरिक्ष के शांतिपूर्ण उपयोग पर समिति जैसे वैश्विक मंचों पर अधिक प्रभावी आवाज़ प्रदान की है। जब कोई देश मानव अंतरिक्ष उड़ान करता है, तो वह न केवल विज्ञान में बल्कि वैश्विक नीति निर्माण में भी एक नई भूमिका निभाने लगता है। इस पूरे अभियान ने यह सिद्ध कर दिया है कि भारत अब केवल प्रेक्षक नहीं, बल्कि भागीदार है। यह मिशन भारत के लिए एक लिफ्ट-ऑफ मोमेंट साबित हुआ है – एक ऐसा क्षण जब एक राष्ट्र केवल तकनीकी क्षेत्र में नहीं, बल्कि आत्मविश्वास, रणनीति और वैश्विक नेतृत्व की दिशा में भी उड़ान भरता है। अब यह आवश्यक है कि भारत इस उपलब्धि को गगनयान जैसे आगामी मिशनों और अंतरिक्ष क्षेत्र में दीर्घकालिक रणनीतियों के साथ जोड़कर आगे बढ़े। नीति निर्माण से लेकर बजट आवंटन तक और अंतरिक्ष शिक्षा से लेकर अंतरराष्ट्रीय सहयोग तक –एक्सिसओम-4 जैसे मिशनों को भारत की दीर्घकालिक अंतरिक्ष रणनीति का हिस्सा बनाना होगा।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक सीमा सिंह द्वारा प्वांइट ऑफसेट, 86/98 कुर्मी टोला गुरुगोविन्द्र सिंह मार्ग, लालकुआं, लखनऊ-226018 से मुद्रित एवं पहाड़पुर, पोस्ट बंथरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
सम्पादक-पंकज सिंह मो-9415067370 आरएनआई - UPHIN/2016/74800 मेल आईडी-karnvaninews@gmail.com website : karnvaninews.com (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।)

## संक्षिप्त खबरें

### प्रताड़ना के चलते युवक ने दवा खाकर दी जान

**असोहा, उन्नाव।** असोहा थाना क्षेत्र के गांव में शुक्रवार की रात एक युवक ने दुखी होकर अपने जीवन लीला समाप्त कर दी ग्रामीणों की माने तो गोकुमेल खेड़ा गांव के संतोष पुत्र लाला उम्र लगभग 55 वर्ष गांव की ही एक युवती से संबंधों के चलते काफी परेशान चल रहा था। मामला कई बार पुलिस तक पहुंचा लेकिन मामला का पटाक्षेप नहीं हो पाया जिसके कारण उपरोक्त व्यक्ति ने गांव से चंद्रकदम की दूरी पर कोई कीटनाशक खा लिया। इधर गायब संतोष को शाम से ही परिवारीजन ढूंढ रहे थे। काफी खोजबीन के बाद संतोष को खेतों में बेहोश एक स्थान में पाया गया जहां से लेकर आनन फानन नवाबगंज ले जाया गया जहां पर डॉक्टर ने जवाब दे दिया लखनऊ ले जाते समय रास्ते में की मौत हो गई। मौत की खबर लगते ही परिजनों में उत्तेजना भड़क गई और गांव के दो पक्ष आमने सामने हो गए। सूत्र बताते की एक समय ऐसा लग रहा था कि कोई बड़ी घटना घट सकती है लेकिन पुलिस के समय रहते पहुंच जाने से दोनों पक्षों को समझाया बुझाया गया। क्षेत्राधिकार पुरवा कई थानों का फोर्स रात में गांव में जमा रहा। संतोष के परिवारीजन शव को नहीं उठाने दे रहे थे लेकिन पुलिस के समझाने के बाद पुलिस ने शव को पंचनामा के लिए भेज दिया। वहीं पुलिस ने दो महिलाओं को आरोपी पक्ष से हिरासत में ले लिया गया। नवागत थाना प्रभारी निखिलेश कुमार ने पीड़ित पक्ष को कार्रवाई का आश्वासन दिया है फिलहाल गांव में तनाव बना हुआ है।

### टप्पेबाजों से पुलिस की मुठभेड़, दो को लगी गोली

**नवाबगंज,उन्नाव।** थाना सोहरामऊ पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने शुक्रवार देर रात टप्पेबाज गिरोह के सदस्यों से मुठभेड़ के बाद बड़ी कार्रवाई की। मोहारी पुरवा मार्ग पर चेकिंग के दौरान एक कार को रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन कार सवार बदमाश पुलिस पर फायरिंग करते हुए भागने लगे। आत्मरक्षा में पुलिस की जवाबी कार्रवाई में दो टप्पेबाजों के पैर में गोली लगी, जबकि तीन अन्य साथियों को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। मुठभेड़ के बाद पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो तमंचे, दो जिंदा और एक खोखा कारतूस, एक कार और टप्पेबाजी के 17,600 रुपये बरामद किए। घायल आरोपियों को प्राथमिक इलाज के लिए नवाबगंज सीएचसी में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार, मुठभेड़ में घायल हुए आरोपियों की पहचान विजय पुत्र रामराज, निवासी छत्तेपुर, थाना सरेनी, जिला आजमगढ़ और लालमन पुत्र अक्षयलाल, निवासी फदगुदिया, थाना फूलपुर, जिला आजमगढ़ के रूप में हुई है। जिसमें निरंजन पुत्र राजेंद्र, निवासी घाघरा, थाना बरवड्डी, जिला बेगुसराय (बिहार) विमल पुत्र अच्छेलाल, निवासी फदगुदिया, थाना फूलपुर, जिला आजमगढ़ किशनलाल पुत्र सूरजभान, निवासी जंगलीपुर, थाना सराय ख्वाजा, जिला जौनपुर है। पूछताछ में आरोपियों ने कबूल किया कि 25 जून को सोहरामऊ कस्बे के एसबीआई बैंक के बाहर उन्होंने एक महिला से टप्पेबाजी कर 21 हजार रुपये ठग लिए थे और बदले में नकली कागजों का पैकेट थमा दिया था। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस पहले से अज्ञात के विरुद्ध केस दर्ज कर जांच कर रही थी। मुठभेड़ और गिरफ्तारी के आधार पर आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि यह गिरोह अन्य जिलों में भी इसी प्रकार की वारदातों में शामिल रहा है या नहीं।

### तेज रफ्तार ट्रक ने निजी स्लीपर बस मे मारी टक्कर

**बांगरमऊ,उन्नाव।** बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र में आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर तेज रफ्तार ट्रक ने निजी स्लीपर बस के पीछे जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में ट्रक चालक और आधा दर्जन बस यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र द्वारा सभी घायलों को नाजुक हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। एक निजी स्लीपर बस कांग्रेस करीब करीब चार दर्जन यात्रियों को लेकर लखनऊ से जयपुर जा रही थी। तभी शनिवार को आधी रात के समय बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र में आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर स्थित संडीला अंडर पास के निकट तेज रफ्तार ट्रक ने बस के पीछे जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बस यात्री अनुज कुमार 34 वर्ष पुत्र कृष्ण कुमार निवासी शुक्ला बाजार अमेठी व अनुज कुमार की पत्नी पूजा 30 वर्ष और उनका बेटा संस्कार 8 वर्ष , अमन चौरसिया 22 वर्ष पुत्र रामकुमार निवासी मदन खेड़ा निगोहा जिला अमेठी, राहुल 18 वर्ष पुत्र सुशील निवासी नारायण पुर महाराजगंज रायबरेली और उसका भाई सूरज 20 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए। जबकि टक्कर मारने वाले ट्रक का चालक प्रेम मल्ल 40 वर्ष पुत्र शिंजू प्रसाद निवासी आंध्र प्रदेश भी गंभीर रूप से घायल हो गया। एक्सप्रेस वे से गुजर रहे वाहन चालकों की सूचना पर पहुंची यूपीडा रेस्क्यू टीम ने आनन-फानन घायल ट्रक चालक सहित सभी घायल यात्रियों को एंबुलेंस के जरिए यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देखकर सभी सातों घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में ट्रक चालक प्रेम मल्ल की हालत ज्यादा गंभीर बताई जा रही है। बाद में यूपीडा टीम ने दोनो क्षतिग्रस्त वाहनों को सुरक्षित स्थान पर खड़े करवाकर मार्ग पर आवागमन बहाल कराया।

### भाजपा चेयरमैन के पति पर,भ्रष्ट आचरण का लगा आरोप

**अमेठी ।** भारतीय जनता पार्टी समर्थित चेयरमैन नगर पंचायत अमेठी अंजू कसौधन के पति अदालत के काम देख रहे है।उन्हे जनता की अदालत ने बाहर कर रखा है। उनकी पत्नी को जनता ने अध्यक्ष चुना है , परंतु वह 90% कार्य खुद ही देखते हैं, चेयरमैन अंजू कसौधन पत्नी फूल चन्द्र कसौधन आज भी अपने अधिकारो से वंचित है। नगर मे करोड़ो खर्च कर विकास किया जा रहा है । परन्तु हैरत इस बात की है कि कमीशन के कारण ठेकेदारो का भुगतान अधर है। जिस कारण नाले का निर्माण आधा अधूरा है। जो नाले बने है। उन पर ढक्कन नही लगे है। ढक्कन लगे भी है। तो दरार आ गए है। कूड़े-करकट के ढेर लगे है। गौरीगंज बाई पास के करीब कूड़ा का ढेर लगा हुआ है। बदबू से जनता परेशान है। ककवा ओवर ब्रिज पुल के नीचे साइड सड़क मार्ग निर्माण कार्य अधूरा है। शनिवार को कांग्रेस पार्टी ने अमेठी नगर पंचायत के खिलाफ दूसरी बार सड़क पर प्रदर्शन किया है। कांग्रेस के प्रदर्शन मे कांग्रेस विधान सभा प्रभारी वीरेंद्र कुमार मिश्र,कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष अमेठी द्वा देव मणि तिवारी,कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष भेटुआ अजीत कुमार यादव, कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह राजा,कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष संग्रामपुर हीरा मणि कनौजिया,कांग्रेस मण्डल अध्यक्ष पवन कुमार दूबे,कांग्रेस मण्डल अध्यक्ष कौशल किशोर मिश्र,कांग्रेस मण्डल अध्यक्ष जगदीश सिंह,कांग्रेस जिला सचिव कलावती मौर्य,राज कुमार पाण्डेय,अब्दुल वाहिद,महाबीर कोरी,संदीप कुमार दूबे आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम मे कांग्रेस नेताओ ने सड़क पर उतर कर चेयरमैन के कारनामो के जांच की मांग की। और उनके द्वारा विधिक कार्यो दूर रहने की मांग प्रशासन से की और निवेदन किया कि तत्काल अंकुश लगाया जाय।

### पोषाहार उत्पादन इकाई का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

**अमेठी।** जिलाधिकारी संजय चौहान ने शनिवार को उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा संरक्षित एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा संचालित जागृति माइक्रो इन्टरप्राइजेज आंगनबाड़ी पोषाहार उत्पादन इकाई शहबाजपुर गौरीगंज का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने डीसी एनआरएलएम से प्रतिदिन पोषाहार उत्पादन की जानकारी ली तथा उत्पादन बढ़ाने के निर्देश दिए एवं उत्पादित पोषाहार को आंगनबाड़ी केंद्रों पर वितरण हेतु नियमित रूप से पहुंचाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि पोषाहार उत्पादन इकाई पर पर्याप्त साफ-सफाई की व्यवस्था रखी जाए तथा गुणवत्तापूर्ण पोषाहार का उत्पादन किया जाए। इस दौरान जिलाधिकारी ने पोषाहार उत्पादन इकाई पर मौजूद समूह की महिलाओं से भुगतान आदि के संबंध में जानकारी ली तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पोषाहार उत्पादन के लिए कच्चे माल के संबंध में जानकारी ली तथा निर्देश दिए कि पोषाहार बनाते समय शुद्धता व गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखा जाए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही ना की जाए अन्यथा की स्थिति में संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने पोषाहार उत्पादन से लेकर आंगनबाड़ी केंद्रों तक वितरण के संबंध में पूरी प्रक्रिया की जानकारी डीसी एनआरएलएम से ली एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने इकाई परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। निरीक्षण के दौरान डीसी एनआरएलएम प्रवीणा शुक्ला सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

# थाना समाधान दिवस में डीएम एसपी ने सुनी जन समस्याएं

▸▸ प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण करने के दिए निर्देश

संवाददाता

**अमेठी ।** शासन के निर्देश पर जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से माह के चतुर्थ शनिवार को जनपद के सभी थानों में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें जिलाधिकारी संजय चौहान व पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने जामों थाने में आयोजित थाना समाधान दिवस में पहुंचकर जन समस्याओं को सुना एवं उनके गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने मौके पर मौजूद सभी राजस्व निरीक्षक व लेखपालों से उनके क्षेत्रों की समस्याओं के बारे में जानकारी ली तथा कहा कि जो भी शिकायतें हैं



उनका जल्द से जल्द निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने सभी लेखपालों तथा कानूनगो को निर्देशित किया कि उनके क्षेत्रों में जो भी समस्याएं हैं चाहे भूमि विवाद से संबंधित हो तथा नाली, चकमार्ग पर कब्जे, सरकारी भूमि पर कब्जे, तालाबों पर कब्जे, अवैध अतिक्रमण इत्यादि से संबंधित शिकायतें हो उनको तत्काल संज्ञान में लेकर निस्तारण कराया जाए तथा जहां पर पुलिस बल की आवश्यकता हो वहां पर संबंधित थाने से संपर्क कर पुलिस टीम के साथ मौके पर जाकर शिकायत का निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी लेखपाल तथा कानूनगो के क्षेत्र में कोई भी शिकायत लंबित पाई गई तो संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी। थाना दिवस के दौरान प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। इस अवसर पर थानाध्यक्ष जामों वी0के0 सिंह सहित अन्य संबंधित उपस्थित रहे।

## थाना समाधान दिवस में पहुंचे डीएम-एसपी, जनसमस्याओं को मौके पर सुना और दिए त्वरित समाधान के निर्देश



संवाददाता

**नवाबगंज,उन्नाव।** जनपद में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने और आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान को लेकर जिला प्रशासन लगातार सक्रिय है। इसी कड़ी में आज जिलाधिकारी गौरांग राठी और पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने थाना अजगैन में आयोजित थाना समाधान दिवस कार्यक्रम में शिरकत की। इस अवसर पर दोनों वरिष्ठ अधिकारियों ने आम नागरिकों की शिकायतें ध्यानपूर्वक सुनीं और संबंधित विभागीय अधिकारियों को तत्काल आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि समाधान दिवस केवल एक औपचारिकता नहीं बल्कि आमजन की समस्याओं के निवारण का एक प्रभावी मंच है। डीएम गौरांग राठी ने कहा कि जनता की शिकायतों का मौके पर निस्तारण प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। हर शिकायत को संवेदनशीलता से लिया जाए और निष्पक्ष जांच कर उचित कार्रवाई की जाए। एसपी दीपक भूकर ने पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि थाने पर आने वाले हर पीड़ित के साथ संवेदनशीलता और सहानुभूति से पेश आएं। कोई भी फरियादी निराश होकर वापस न लौटे, यह सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों से सभी शिकायतों को मौके पर दर्ज कर उनके त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## नीट में हर्ष आनंद का हुआ चयन



**बाराबंकी।** श्री साईं इण्टर कालेज का दूसरा छात्र हर्ष आनन्द का चयन नीट (यू. जी.) 2025 में हुआ है। हर्ष की ऑल इंडिया रैंक 9041 प्राप्त हुई है। छात्रों की इस उपलब्धि से गदगद विद्यालय के प्रबंधक डी के वर्मा ने बधाई देते हुए कहा कि उनके यहाँ क्वालिटी एजुकेशन और नीट और जे ई ई फाउंडेशन की नियमित पढ़ाई और पैटर्न प्रूफ टेस्ट के चलते छात्र छात्राएं बेहतर प्रदर्शन कर रहे है। श्री वर्मा ने बताया कि इन सभी छात्रों को जल्द ही सम्मानित किया जायेगा। ज़ैदपुर के मोहल्ला बर्म्भनान निवासी हर्ष का पालन पोषण मां ने किया है, हर्ष के सर से पिता का साया बहुत पहले बचपन में ही हट गया था। हर्ष ने इस सफलता का श्रेय अपनी माँ व गुरुजनों को समर्पित किया है।

## साक्षी महाराज का सनसनीखेज हमला –दो-दो आधार कार्ड, क्या रोहिंग्या है? आतंकवादी है क्या?

संवाददाता

**उन्नाव।** भारतीय जनता पार्टी के फायरब्रांड सांसद साक्षी महाराज एक बार फिर अपने ज़हरीले बयानों को लेकर चर्चा में हैं। शनिवार को उन्नाव स्थित कैंप कार्यालय में जनता दर्शन के दौरान मीडिया से बातचीत में उन्होंने धर्मनिरपेक्षता को %बकवास% करार दिया, समाजवादी पार्टी को जातिवादी राजनीति की फैक्ट्री बताया और इटावा में कथावाचक के फर्जी दस्तावेजों के मामले पर बम फोड़ा। इटावा कांड पर बोले साक्षी महाराज – ÷दो आधार कार्ड, एक में ब्राह्मण, एक में यादव... ये कौन है? रोहिंग्या है? या आतंकवादी? इटावा में कथावाचक के पास दो अलग-अलग आधार कार्ड मिलने पर भड़कते हुए साक्षी महाराज ने कहा एक आधार कार्ड में ब्राह्मण लिखा है, दूसरे में यादव! अब बताइए ये कौन है? रोहिंग्या है क्या? आतंकवादी है क्या? पहचान छिपाकर घूम रहा है, धर्म की आड़ में फरेब कर रहा है। ऐसे लोगों की जड़ तक जांच होनी चाहिए। साक्षी महाराज ने समाजवादी पार्टी और उसके मुखिया अखिलेश यादव पर सीधा हमला बोला सपा की राजनीति सिर्फ जाति का ज़हर फैलाने की है। उन्हें न धर्म की चिंता है, न देश की। ये लोग बस जातियों को आपस में लड़वाकर सत्ता की सीढ़ी चढ़ना जानते हैं। धर्मनिरपेक्षता को बताया 'पाप', संविधान से हटाने की मांग उन्होंने कहा, ÷कोई भी व्यक्ति धर्मनिरपेक्ष हो ही नहीं सकता। अगर कोई कहता है, तो वह बकवास कर रहा है। 'सेकुलर' और 'सोशलिस्ट' शब्दों को संविधान से हटाना चाहिए। ये शब्द देश के साथ धोखा हैं। अपने तर्क को धर्म से जोड़ते हुए कहा जैसे आंख का धर्म देखना है, कान का सुनना, अग्नि का जलना, वैसे ही इंसान का धर्म भी स्थायी होता है, जो बदला नहीं जा सकता। धर्मनिरपेक्षता एक विदेशी थ्योरी है, जो इस देश को बर्बादी की तरफ ले जा रही है। रावण ब्राह्मण था, राम ठाकुरज लेकिन पूजा किसकी होती है?

# बुढ़वल मिल व हेतमापुर पुल निर्माण के लिए होगा संघर्षः अमरेश मिश्रा

▸▸ राष्ट्रवादी किसान क्रांति दल का हुआ कार्यकर्ता सम्मेलन

संवाददाता

**रामनगर, बाराबंकी।** राष्ट्रवादी किसान क्रांति दल का कार्यकर्ता सम्मेलन रामनगर में आयोजित हुआ जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष फिल्मकार अमरेश मिश्रा नें पंहुच कर हुंकार भरी और बंद पड़ी बुढ़वल मिल तथा हेतमापुर पुल निर्माण के लिए लड़ाई तेज करने को कहा। उन्होंने कहा कि पूर्व की सरकारों के साथ इस सरकार ने भी मिल व पुल निर्माण की दिशा में धरातल पर काम नहीं किया जिससे क्षेत्र के हजारों किसान परेशान हैं।इन दोनो मुद्दों पर उनकी पार्टी जनता का समर्थन लेकर आंदोलन करेगी। उन्होने कहा कि किसानो को भी न्यूनतम आमदनी मिलनी चाहिए





लेकिन सरकार इस दिशा में कुछ नही कर रही है। फसलो के न्यूनतम समर्थन मूल्य से भी भाग रही।किसानो के सभी मुद्दों पर वे संघर्ष करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष राम जी तिवारी ने कहा कि कार्यकर्ता निरंतर संगठन को मजबूत करने का कार्य करें व नए लोगों को जोड़ते रहे।क्षेत्र के जन हित व किसानो के मुद्दे पर वे हर समय संघर्ष को तैयार है। मिल व पुल के मुद्दे पर पूरे क्षेत्र में जन जागरूकता अभियान चलाएंगे। इस अवसर पर दिनेश सिंह को प्रदेश महासचिव व डा प्रदीप सोनी को प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर नियुक्ति भी की गई।कार्यक्रम में महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष सुमन अवस्थी,महामंत्री रामा तिवारी तहसील अध्यक्ष अंकित राजपूत,तहसील उपाध्यक्ष शिवमंगल यादव ,तहसील अध्यक्ष सिरौली गौसपुर वंश राज पाल ,नारायण तिवारी आदि कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

# फक्कड़ का निधन, साहित्य जगत की अपूरणीय क्षति

▸▸ अंतिम दर्शन करने वालों का उमड़ा जनशैलाब, सांसद साक्षी विधायक आशुतोष ने दी अंतिम बिदाई

▸▸ शुक्लागंज पक्के घाट पर गंगा के किनारे किया गया अंतिम संस्कार

सवाददाता

**उन्नाव।** बैसवारा क्षेत्र की साहित्यिक धरती से जुड़े वीर रस के प्रख्यात कवि सुरेश फक्कड़ का शुक्रवार को निधन हो गया । अन्तिम संस्कार शुक्लागंज के पक्के घाट पर किया गया । उनके निधन की सूचना मिलते ही साहित्य प्रेमियों, कवियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं व जनप्रतिनिधियों में शोक की लहर दौड़ गई। जनपद उन्नाव के विकास खण्ड सुमेरपुर के ग्राम सैरमपुर के मूल निवासी सुरेश फक्कड़ ग्राम विकास विभाग में सहायक विकास अधिकारी के पद से सेवानिवृत्त थे। शिक्षण काल से ही साहित्य साधना से जुड़े रहे और कवि



सम्मेलनों मे प्रतिभा करते रहे । सेवानिवृत्ति के बाद तो उन्होंने मंचीय काव्य को ही जीवन का ध्येय बना लिया। पत्रकारिता से अपना जीवन सफर शुरू करने वाले फक्कड स्वभाव के सुरेश ने कविता के सभी रसों को ऊंचाई तक पहुंचाया। उन्होने वीर रस के साथ-साथ श्रृंगार रस में भी गहरी पकड़ बनाई और देशभर में आयोजित कवि सम्मेलनों में उन्नाव जिले का नाम रोशन किया।

# कन्या जन्मोत्सव मनाकर बताया बेटियों का महत्व

संवाददाता


**अमेठी।** शनिवार को जिला प्रोबेशन अधिकारी अनिल कुमार मौर्य ने अवगत कराया की बेटी बचाओ बेटी पढाओ योजना के अंतर्गत कार्यालय वन स्टॉप सेन्टर गौरीगज में कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम मनाया गया।कार्यकम में 5 कन्याओं के जन्म पर उनके अभिभावकों को वन स्टॉप सेन्टर की सेन्टर मैनेजर गायत्री देवी ने बेबी किट व सम्मान प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया सभी माताओ को बेटियों के जन्म होने की बधाई दी और बताया कन्या का जन्म होना ही सौभाग्य की बात है 7 बेटा-बेटी में भेदभाव न करें। सभी को समान अधिकार दें । कन्या भ्रूण हत्या को रोकने के उद्देश्य से मिशन शक्ति अभियान के तहत यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के तहत बालिका के जन्म के प्रति समाज में सकारात्मक सोच को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कन्या जन्मोत्सव मनाया जाता है महिलाओ को मुख्यमंत्री कन्या





सुमंगला योजना के आवेदन करने हेतु प्रेरित किया7 साथ- साथ महिला कल्याण विभाग की योजनाओ जैसे - मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना , बेटी बचाओ बेटी पढाओ योजना,सखी वन स्टॉप सेन्टर योजना ,चाइल्ड हेल्पलाइन योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना ,स्पांसरशिप योजना , महिला हेल्पलाइन 181,मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076,पुलिस आपात कालीन सेवा 112,एम्बुलेंस सेवा 108,स्वास्थ्य सेवा 102,की जानकारी प्रदान किया गया। कार्यालय वन स्टाप सेंटर का स्टॉप व नवजात बच्चियों की माताएं , अभिभावक मौजूद रहे।

## 55 ग्राम स्मैक के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार



**अमेठी ।** जनपद में चलाए जा रहे नशा मुक्त अभियान के तहत 28.06.2025 को थाना कमरौली पुलिस द्वारा अभियुक्त जीशन पुत्र मो0 जहीर निवासी कस्बा मोड़ पालपुर थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी उम्र करीब 25 वर्ष को गिरफ्तार किया गया । तलाशी से अभियुक्त के कब्जे से 55 ग्राम स्मैक बरामद हुई । गिरफ्तारी व बरामदगी के संबन्ध में थाना कमरौली पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गई ।

# बसपा प्रदेश अध्यक्ष ने की कार्यकर्ताओं के साथ बैठक

▸▸ 2027 में होगी बसपा की वापसी, विश्वनाथ पाल

▸▸ सर्व समाज को जोड़ने की कार्यकर्ताओं से की अपील

संवाददाता

**अमेठी ।** बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विश्व नाथ पाल ने शनिवार को बड़गांव में कार्यकर्ता बैठक कर सेक्टर और बूथ कमेटियों के कार्यों की समीक्षा की। समीक्षा बैठक के दौरान उन्होने सेक्टर और बूथ कमेटियों के सभी पदाधिकारियों को मालाएं पहनाकर सम्मानित किया और 2027में उत्तर प्रदेश में बसपा की सत्ता में वापसी हेतु सर्वसमाज के बीच संगठन मजबूत करने के संदेश दिए। कार्यकर्ता बैठक में एडवोकेट अंजू पाले और सुरेश कुमार पाल ने अपना दल-एस छोड़कर अपने समर्थकों के साथ बसपा का नीला झंडा थामा। प्रदेश अध्यक्ष विश्व नाथ पाल ने सम्मान पूर्वक उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि बसपा ही एक मात्र राष्ट्रीय पार्टी है, जिसने भाईचारा कायम करके देश के सभी राज्यों में संगठन का





निर्माण किया है। बसपा भारतीय संविधान की व्यवस्थाओं के अनुरूप शासन व्यवस्था की स्थापना और सर्वसमाज के हितों के लिए समर्पित है। चुनावी राजनीति पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में बसपा की सरकार बनने के बाद बूथ कैप्चरिंग बंद हुई, बूथ कैप्चरिंग बंद होने के बाद कांग्रेस और भाजपा की मिली भगत से चुनाव आयोग ने ई वी एम से चुनाव करा रहा है। बसपा ने ईवीएम के विरोध में देश व्यापी आंदोलन किया,उस समय किसी भी दल ने साथ नहीं दिया,आज सभी ई वी एम से पीड़ित हैं।जिस दिन ईवीएम की जगह बैलेट पेपर से मतदान शुरू हो जाएगा, बसपा को सत्ता में आने से कोई भी ताकत नहीं रोक सकती। कार्यकर्ता बैठक के दौरान बरसात शुरू होने के बाद भी कार्यकर्ताओं का उत्साह कम नहीं हुआ।लोग टस से मस नहीं हुए। बड़गांव में बैठक के बाद प्रदेश अध्यक्ष पुन्नपुर गये। यहां उन्होंने बसपा के पूर्व सेक्टर अध्यक्ष रहे निर्वाण प्राप्त ओम प्रकाश गौतम के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए और परिवार से मुलाकात की। प्रदेश अध्यक्ष ने ओम प्रकाश गौतम की पत्नी और बच्चों से बातचीत की और कहा कि बी एस पी सुख-दुख में परिवार के साथ खड़ी रहेगी। उत्तर प्रदेश में सरकार बनने पर परिवार पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

## 6 साल की मासूम से दरिंदगी, चचेरे भाई ने किया दुष्कर्म और हत्या

**औरास,उन्नाव।** क्षेत्र से एक बार फिर दिल को झकझोर देने वाली वारदात सामने आई है। गुरुवार रात रहस्यमय ढंग से लापता हुई 6 वर्षीय मासूम बच्ची का शव शुक्रवार दोपहर गांव के बाहर रजबहा में अर्द्धनग्न अवस्था में मिला। पोस्टमार्टम से पहले ही पुलिस को शक था कि मामला बेहद संगीन है – और शक सही निकला। पुलिस ने तेजी दिखाते हुए महज 19 घंटे में इस जघन्य वारदात के आरोपी को मुठभेड़ में पकड़ लिया। आरोपी कोई और नहीं, मासूम का चचेरा भाई ही निकला, जिसने दुष्कर्म के बाद राज़ खुलने के डर से उसकी निर्मम हत्या कर दी। गुरुवार रात करीब 8 बजे मासूम बच्ची अपने बाबा को पानी देने के लिए घर के पास स्थित गोंड़ा (जानवर बांधने की जगह) गई थी। जब देर रात तक वापस नहीं लौटी तो परिवार में बेचैनी फैल गई। पूरी रात गांव में तलाश चली, मगर कुछ पता नहीं चला। शुक्रवार सुबह पिता ने औरास थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई।

# पत्नी को पीटकर पति ने किया घायल पुलिस ने मेडिकल के लिए भेजा

संवाददाता

**शुक्लागंज, उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के कंचन नगर में शनिवार सुबह पति-पत्नी के विवाद में पति द्वारा पत्नी को पीटकर घायल करने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर दी है, जिसके बाद उसे मेडिकल जांच के लिए भेजा गया है। कंचन नगर निवासी रक्षा पत्नी राजेश कुमार ने शनिवार को गंगाघाट कोतवाली पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। रक्षा के अनुसार, शनिवार को उसका पति राजेश कुमार बिना किसी बात के गाली-गलौज करने लगा। जब उसने इसका विरोध किया, तो राजेश ने उसे मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि उसका पति अक्सर मायके से कुछ न कुछ लाने की मांग करता रहता है। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए रक्षा को



मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया है और आगे की कार्रवाई करने की बात कही है। यह घटना पारिवारिक कलह और घरेलू हिंसा के बढ़ते मामलों को उजागर करती है, जिस पर पुलिस प्रशासन द्वारा उचित कदम उठाए जाने की आवश्यकता है।

# डीएम व एसपी ने की संयुक्त पीस कमेटी की बैठक

## परंपरागत रूप से त्यौहारों को मनाने की किया अपील

अफवाह फैलाने वालों पर रहेगी पैनी नजरः एसपी

संवाददाता

**अमेठी।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी संजय चौहान एवं पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने संयुक्त रूप से गुरुवार को आगामी त्यौहारों मुहर्रम, श्रावणमास, कांवड़ यात्रा, नागपंचमी एवं रक्षाबंधन को स्वच्छ वातावरण एवं शांतिपूर्ण ढंग से मनाने के लिए अधिकारियों, विभिन्न संप्रदाय के धर्मगुरुओं, एवं जनपद के प्रतिष्ठित नागरिकों के साथ संयुक्त पीस कमेटी की बैठक किया। बैठक में धर्मगुरुओं से आपस में मिलजुलकर शांति व सौहार्दपूर्ण त्यौहार मनाने, अफवाहों व झूठी खबरों पर ध्यान न देने तथा अफवाहों को फैलने से रोकने हेतु अपील की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि आगामी त्यौहारों को लेकर सभी अधिकारी अलर्ट मोड़ पर रहे, अपने अपने क्षेत्र के धर्मगुरुओं से सतत संवाद बनाए रखें, मंदिरों व मस्जिदों का निरीक्षण कर वहां पर साफ सफाई, बिजली, पानी इत्यादि की व्यवस्था पूर्व से ही सुनिश्चित करा लें साथ ही आने जाने वाले मार्ग को भी दुरुस्त करा लें। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में साफ सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित कराएं एवं सार्वजनिक जगहों एवं मंदिरों, मस्जिदों, ईदगाह के पास साफ-सफाई रहे। लोक निर्माण विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि कांवड़ यात्रा वाले रूट पर सड़कों को गड्ढा मुक्त कराया जाए। जिलाधिकारी ने समस्त उप जिलाधिकारी/पुलिस क्षेत्राधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमणशील रहे। उन्होंने कहा कि कोई भी नई परंपरा त्यौहार में ना डाली जाए एवं कांवड़ यात्रा व ताजिया को लेकर अपनी तैयारी पूर्ण कर लें तथा जिन रूटों से पूर्व में कांवड़ यात्रा व ताजिया निकलती रही है उन रूटों से ही कावड़ यात्रा व ताजिया निकले अनावश्यक रूप से कोई नई परंपरा ना डालें इसको प्रत्येक दशा में सुनिश्चित करें। उन्होंने विद्युत विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि विद्युत विभाग त्यौहारों पर पर्याप्त बिजली आपूर्ति सुचारू रखें एवं जर्जर तार, लटकते तार एवं खंभों पर करंट न उतरे यह भी देख लिया जाए एवं नगर पालिका पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था रखें।

बैठक में पुलिस अधीक्षक ने सभी थानाध्यक्षों को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने-अपने क्षेत्र में आगामी त्यौहारों को लेकर भ्रमणशील रहें और उन्होंने कहा कि आगामी त्यौहारों को लेकर अपनी तैयारी पूर्ण कर लें एवं किसी भी दशा में त्यौहारों में नई परंपरा ना डालने दें। उन्होंने कहा कि ज्यादा भीड़भाड़ वाले स्थान पर सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत सीसीटीवी कैमरा लगाए जाएं। पुलिस प्रशासन अपने अलर्ट मोड़ पर रहे। आगामी त्यौहारों को लेकर अपनी निगरानी बनाए रखें, उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर सतर्क दृष्टि बनाए रखें तथा अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी कार्यवाही करें। बैठक के दौरान जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने समस्त जनपद वासियों को आगामी त्योहारों की बधाई देते हुए त्योहारों को स्वच्छ वातावरण एवं शांतिपूर्ण माहौल में मनाने की अपील की है।

संक्षिप्त खबरें

### आपसी सौहार्द और मेल मिलाप के साथ मनाएं मोहर्रम



**मसौली बाराबंकी।** मोहर्रम पर दस दिनों तक जलसे, जुलूस, नौहाख्वानी, मातम, अलम की जुलूस निकाले जाएंगे। मोहर्रम को आपसी सौहार्द और मेल मिलाप के साथ मनाएं तथा शरारतीतत्वों पर नजर रखें। जुलूसों में कोई नई परंपरा नहीं डालें। यदि कोई संदिग्ध माहौल को खराब करने की कोशिश करे तो तुरंत पुलिस को सूचना दें। उक्त बाते गुरुवार को थाना मुख्यालय पर आगामी मोहर्रम को लेकर बुलाई गयी बैठक मे उपस्थित सम्भ्रान्त जनो एव ताजियादारो से रूबरू होते हुए प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह ने कही उन्होंने संभ्रांत व्यक्तियों, ताजियादारों, अलम जुलूसों के आयोजकों से कहा कि वे पुरानी परंपराओं का ही निर्वहन करें, कोई नई परंपरा न डालें प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि अराजकता फैलाने वालों पर नजर रखें और उनकी पहचान करके पुलिस को सूचना दें ताकि उनपर सख्त कार्रवाई की जा सके। प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि जुलुस आप सभी लोगो का है शांति व्यवस्था बनाये रखना आप सभी की जिम्मेदारी है सभी गांव मे बनने वाले वालंटियर जुलुस मे पुलिस के सहयोगी की भूमिका निभाएंगे। बैठक मे वरिष्ठ उपनिरीक्षक शमशाद अली, चौकी प्रभारी अभिनंदन पाण्डेय, सेठ इरफ़ान अंसारी, प्रधान अनीस अफजाल अंसारी, कलीम चौधरी, मुईन अंसारी, नूर मोहम्मद, विनोद वर्मा, इक़बाल अंसारी, वली मोहम्मद, अबरार बीडीसी, मौलाना असरार, मो0 सलमान गुड्डू सहित क्षेत्र के ताजियादार मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय कबड्डी चैम्पियनशिप में अमेठी के लाल का हुआ चयन

**अमेठी।** जिला खेल कार्यालय के उपक्रीड़ाधिकारी शमीम अहमद ने बताया कि प्रथम अंडर-18 बालक राष्ट्रीय कबड्डी चैम्पियनशिप 28 जून 2025 से 01 जुलाई 2025 तक उत्तराखण्ड, हरिद्वार में आयोजित की जायेगी। इस क्रम में उन्होंने बताया कि उक्त कबड्डी चैम्पियनशिप में उत्तर प्रदेश की टीम में आवासीय बालक क्रीड़ा छात्रावास कबड्डी अमेठी के छात्र अभिषेक सिंह पुत्र अमोल सिंह का चयन किया गया है तथा इनके चयन से जिला खेल कार्यालय, अमेठी के समस्त स्टाफ एवं खिलाड़ियों में खुशी की लहर है।

### जमीन विवाद में युवक पर चाकू से हमला, हालत गंभीर – पुलिस जांच में जुटी

**उन्नाव।** माखी थाना क्षेत्र के इसुनिया गांव में गुरुवार रात एक पुराने जमीन विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। गांव निवासी श्रीकृष्ण रावत (45) पर उनके पड़ोसी जगदीश पक्ष के लोगों ने चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में गले, हाथ और पेट पर चार बार वार किए गए, जिससे उनकी हालत गंभीर हो गई। परिजनों ने घायल को सफीपुर सीएचसी पहुंचाया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। श्रीकृष्ण के पुत्र अश्वनी रावत ने बताया कि उनके और पड़ोसी जगदीश के बीच पिछले कई वर्षों से सहन की जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। वर्ष 2024 में इस मामले में दीवानी न्यायालय में मुकदमा भी दायर किया गया था। बीते 21 जून को आंधी-तूफान में घर के बाहर लगा छप्पर गिर गया था, जिसे बाद में दोबारा रखा गया। इसी को लेकर बुधवार रात झगड़ा हुआ, जो खूनी संघर्ष में बदल गया। अश्वनी के अनुसार बुधवार रात उनके पिता श्रीकृष्ण खेत की ओर जा रहे थे, तभी घात लगाकर खड़े जगदीश और उसके परिवारजनों ने उन पर चाकू से हमला कर दिया। चार बार वार किए जाने से वे लहूलुहान होकर वहीं गिर पड़े। ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस को दी और एंबुलेंस बुलाकर अस्पताल पहुंचाया। घटना की जानकारी मिलते ही पावा चौकी इंचार्ज दिनेश सिंह मौके पर पहुंचे और श्रीकृष्ण रावत के बयान दर्ज किए। दिनेश सिंह ने बताया कि घायल पक्ष का आरोप है कि हमले में जगदीश और उसके परिजन शामिल हैं, जबकि दूसरा पक्ष इस हमले से इनकार कर रहा है और खुद को झूठे मामले में फंसाने का आरोप लगा रहा है।

### आम तोड़ने गए किसान की सियार के काटने से मौत, गांव में पसरा मातम

**औरास, उन्नाव।** जिले के औरास थाना क्षेत्र के गोपालखेड़ा गांव में एक बेहद दर्दनाक घटना ने पूरे गांव को सदमे में डाल दिया। 36 वर्षीय किसान नेतराम सिंह की सियार के काटने से मौत हो गई। नेतराम अपने खेत के पास आम तोड़ने के लिए बाग में गए थे, तभी झाड़ियों से निकले एक जंगली सियार ने उन पर हमला कर दिया। घटना के बाद परिजनों ने उन्हें गांव में प्राथमिक उपचार दिलाया, लेकिन तबीयत बिगड़ती देख उन्हें लखनऊ के बलरामपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया। करीब तीन हफ्तों तक जिंदगी से संघर्ष करने के बाद गुरुवार को उनकी मौत हो गई। नेतराम के घर में वह अकेले कमाने वाले सदस्य थे। उनकी असमय मृत्यु से परिवार गहरे संकट में आ गया है। गांव में शोक की लहर है और लोगों में वन विभाग व प्रशासन के प्रति नाराजगी भी देखी जा रही है। गांव के लोगों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को आर्थिक मुआवजा देने की मांग की है। परिजनों का कहना है कि इलाके में पहले भी जंगली जानवर देखे गए हैं, लेकिन प्रशासन की ओर से कोई सुरक्षात्मक कदम नहीं उठाया गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थानाध्यक्ष औरास ने बताया कि शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाएगी और पशुपालन व वन विभाग से जंगली जानवरों की आवाजाही की रिपोर्ट भी मांगी गई है।

### सड़क हादसे में एक की मौत एक घायल

**उन्नाव।** बिठूर मार्ग पर एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। गुरुवार सुबह तेज रफ्तार अज्ञात पिकअप ने दो अलग-अलग बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में एक बाइक सवार की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। माखी थाना क्षेत्र के भदेवना के मजरे चूड़ा खेड़ा निवासी 24 वर्षीय विष्णु पुत्र कमलेश को राहगीरों ने सफीपुर सीएचसी पहुंचाया। डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। दूसरे घायल बाइक सवार बाबू पुत्र कृष्ण, जो मैनावती बिठूर के रहने वाले हैं, को राजा नर्सिंग होम बिठूर में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पिकअप चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### नगर पालिका में ड्यूटी विवाद को लेकर सफाईकर्मियों के दो गुटों में मारपीट, वीडियो वायरल

**उन्नाव।** नगर पालिका परिषद में बीती रात उस समय अफरा-तफरी मच गई जब सफाईकर्मियों के दो गुटों में ड्यूटी बंटवारे और गैरहाजिरी की शिकायत को लेकर जोरदार हंगामा और मारपीट हो गई। मामला इतना बढ़ा कि मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है, जिससे नगर पालिका प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठने लगे हैं। सूत्रों के अनुसार, नगर पालिका परिसर में देर रात ड्यूटी शिफ्टिंग और गैरहाजिरी को लेकर दो गुटों में कहासुनी शुरू हुई। बात बढ़ते-बढ़ते हाथापाई और धक्का-मुक्की तक पहुंच गई। वीडियो में कुछ सफाई कर्मचारी एक-दूसरे को गालियां देते, धक्का देते और मारते नजर आ रहे हैं। वहीं, कुछ कर्मचारियों ने बीच-बचाव की कोशिश भी की। हंगामे का करीब 10 मिनट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। इसमें नगर पालिका कर्मियों की अनुशासनहीनता और आपसी गुटबाजी स्पष्ट नजर आ रही है। वीडियो सामने आने के बाद नगरवासी और स्थानीय जनप्रतिनिधि भी नाराजगी जता रहे हैं। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी (श्वह) राजेश कुमार ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच के आदेश दिए हैं। उन्होंने साफ कहा है कि, काम के समय किसी भी प्रकार की अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ सख्त विभागीय कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद नगर में चर्चाओं का माहौल गर्म है। लोगों का कहना है कि नगर की सफाई व्यवस्था पहले से ही बदहाल है, और ऊपर से पालिका कर्मचारी आपसी लड़ाई में व्यस्त हैं। नगरवासियों ने दोषी कर्मचारियों के निलंबन और सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की मांग की है।

## भारत स्काउट और गाइड उप्र, अमेठी की जिला कार्यकारिणी ने जिलाधिकारी से की मुलाकात



संवाददाता

**अमेठी।** भारत स्काउट और गाइड उ0 प्र0 की जिला कार्यकारिणी ने जिलाधिकारी/स्काउटिंग अध्यक्ष संजय चौहान से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने स्काउटिंग के संबंध में वार्तालाप किया और परिषद बैठक के संबंध में चर्चा की। जिलाधिकारी महोदय ने स्काउटिंग को एक बहुत ही अनुभवी संस्था बताया और इस संगठन से जुड़े सभी कार्यक्रमों की सराहना की। उन्होंने स्काउटिंग को आपदा प्रबंधन से जुड़ने की बात कही और आगामी माह में परिषदीय बैठक करने की पुष्टि की। जिलाधिकारी ने स्काउटिंग गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए अहम कदम उठाने की बात कही। उन्होंने सभी विद्यालय/महाविद्यालय में स्काउटिंग दलों का संचालन करने के लिए कहा। इसके पश्चात् सभी ने डॉ0 राजेश कुमार द्विवेदी जिला विद्यालय निरीक्षक/जिला मुख्यायुक्त से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने स्काउटिंग के सभी अहम पहलुओं पर चर्चा की। इस दौरान कमलेश कुमार द्विवेदी सहा0 प्रादेशिक संगठन आयुक्त, मान सिंह जिला आयुक्त (स्काउट), रामप्रकाश सिंह जिला सचिव, जयप्रकाश द्विवेदी जिला आयुक्त एडल्ट रिसोर्स (स्काउट), अजीत कुमार सिंह जिला मुख्यालय आयुक्त (स्काउट), राकेशदेव पाण्डेय जिला प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट), शशांक यादव जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) और जिला ट्रेनिंग काउंसलर (स्काउट) सचिन शर्मा और सचिन विश्वकर्मा उपस्थित रहे।

### कई शिकायतों के बाद भी नही बनी नाली खड़ंजा, बेहाल ग्रामवासी

**मौरावां उन्नाव।** एक तरफ सूबे की सरकार स्वच्छता अभियान चला कर गांव गांव गली गली में नाली खड़ंजा बनवाकर साफ स्वच्छ रखने के लिए सफाई कर्मी की नियुक्ति की है वही सरकार के ही मुलाजिम इस मंशा पर पानी फेरते नजर आ रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार विकासखंड हिलौली की ग्राम पंचायत करदहा के मजरे चंद्रभालखेड़ा में नाली खड़ंजा न होने से करीब डेढ़ दर्जन घरों की नालियों का पानी रास्ते मे एक जगह जमा हो जाता है जिससे उस जमे गन्दे पानी मे कई प्रकार के जहरीले मच्छर, मक्खियां उत्पन्न हो जाते है जिसमें यहां के लोग कई प्राण घातक डेंगू, मलेरिया, चिकुनगुनिया जैसी महामारी बीमारी से ग्रसित हो जाते है। जिसकी ग्रामीणों ने कई बार तहसील दिवस में थाना दिवस में शिकायती पत्र देकर समस्या का समाधान करने के लिए दिया परन्तु दशा वैसी की वैसी ही बनी रही। जब इसकी जानकारी ग्राम प्रधान पति धर्मेन्द्र सोनी से ली गई तो उन्होंने बताया कि जानकारी मिली है।

## संचारी- दस्तक को लेकर बैठक आयोजित



संवाददाता

**बाराबंकी।** जुलाई माह में प्रस्तावित संचारी- दस्तक अभियान के दृष्टिगत अधिशासी अधिकारी मोहिनी केसरवानी नगर पंचायत बंकी की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अभियान की रूप रेखा तैयार करते हुए सभी कर्मचारियों और सभासदों को उनकी जिम्मेदारियां सौंपी गयी। बैठक में वार्ड सभासद / सभासद प्रतिनिधि, स्वास्थ विभाग के अधिकारी, कर्मचारी, क्षेत्रीय ए0एन0एम0, आंगनबाड़ी सुपरवाईजर, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, सहायिका तथा सफाई नायक आदि उपस्थित रहे।

## सीडीओ ने किया निरीक्षण, दुग्ध संग्रहण क्षमता बढ़ाने के दिए निर्देश



संवाददाता

**अमेठी।** जनपद के विकास खंड भादर स्थित कान्हा श्याम एग्रीहार्टी फार्मर प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड (एफ.पी.ओ.) का निरीक्षण गुरुवार को मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल द्वारा किया गया। यह एफ.पी.ओ. सी0बी0बी0ओ0 (सीडेड) के माध्यम से गठित किया गया है। निरीक्षण के दौरान उप कृषि निदेशक, जिला उद्यान अधिकारी, एफ.पी.ओ. प्रतिनिधि श्याम नारायण मिश्रा, निदेशक शिव भूषण, सीईओ लालमणि, एवं किसान सदस्य राधेश्याम, विजय नारायण, रामानुज और श्री राम प्रसाद उपस्थित रहे। एफ.पी.ओ. वर्तमान में प्रतिदिन 7500 लीटर दूध का संग्रहण कर रहा है। इस प्रगति की सराहना करते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने सी.बी.बी.ओ. प्रतिनिधियों को निर्देशित किया कि अगले एक माह के भीतर इस क्षमता को 15,000 लीटर प्रतिदिन तक विस्तारित किया जाए। उन्होंने कहा कि यह वृद्धि क्षेत्रीय दुग्ध उत्पादकों की आय वृद्धि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था के सुदृढ़ीकरण में सहायक होगी। निरीक्षण के दौरान उप कृषि निदेशक अमेठी को निर्देशित किया गया कि वे इस एफ.पी.ओ. को बीज उत्पादन एवं विधायन के क्षेत्र में प्रशिक्षित करने हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं कार्ययोजना तैयार करें ताकि किसान तकनीकी रूप से उन्नत कृषि विधियों को अपनाकर उत्पादन में वृद्धि कर सकें। एफ.पी.ओ. निदेशक शिव भूषण के खेत में जिंक एवं नैनो डीएपी के प्रयोग से उपचारित बीज द्वारा लाइन ह्यश्2द्बठ्ठद्द (पंक्ति विधि) से धान की रोपाई कराने एवं इसका क्षेत्रीय किसानों के समक्ष प्रदर्शन कर उन्हें प्रोत्साहित करने के निर्देश भी प्रदान किए गए। यह तकनीक जल एवं उर्वरक की बचत के साथ बेहतर उत्पादन सुनिश्चित करने में सहायक है। इसके अतिरिक्त, जिला उद्यान अधिकारी को निर्देशित किया गया कि जनपद के किसी एक एफ.पी.ओ. में फूड प्रोसेसिंग यूनिट की स्थापना कराई जाए। इससे स्थानीय कृषि उत्पादों का मूल्य संवर्धन संभव होगा और किसान बाजार से बेहतर मूल्य प्राप्त कर सकेंगे। निरीक्षण के दौरान कृषि विभाग, उद्यान विभाग एवं सी.बी.बी.ओ. के प्रतिनिधि विजय भान सिंह, राकेश कुमार शुक्ला, अरविन्द कुमार श्रीवास्तव सहित अन्य किसान सदस्य भी उपस्थित रहे। मुख्य विकास अधिकारी ने अपने निरीक्षण में कहा कि एफ.पी.ओ. ग्रामीण अर्थव्यवस्था के सशक्तिकरण का सशक्त माध्यम हैं।

## डेढ़ साल से शाहपुर सड़क पर भरा पानी, ग्रामीण परेशान



संवाददाता

**रामनगर, बाराबंकी।** डेढ़ साल से शाहपुर चक बहरवा मे सड़क पर पानी भरा है जिससे राहगीरों को गाँव के अंदर से घूम कर आना जाना पड़ रहा है।जल भराव कैसे खत्म हो कि राहगीरों को सुगम यातायात मिले इसके लिए कोई नहीं सोंच रहा।आम जनता परेशान है। रामनगर ब्लॉक में इमिलिहा शाहपुर नहरवल मार्ग लोक निर्माण विभाग निर्माण खंड एक का है जंहा शाहपुर गांव के बीच सड़क पर पानी भरा हुआ है।ग्रामीण पुत्तन,शिव,राजेश बताते हैं कि डेढ़ साल हो रहे यह जल भराव खत्म नहीं हुआ है। राहगीरों को गांव मे घुसकर आना जाना पड़ता है।कई बार जल भराव खत्म कराने के लिए शिकायत भी हुई लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है।यंहा सड़क ऊँची कर जल निकासी की नाली बने तो जाकर समस्या खत्म हो सकेगी।

## सरयू नदी के हेतमापुर में बाढ़ के समय आपदा से निपटने का हुआ पूर्वाभ्यास



संवाददाता

**रामनगर, बाराबंकी।** गुरुवार को प्रशासन ने सरयू किनारे ग्रामीणों को बाढ़ से निपटने और सावधानी बरतने पर माक ड्रिल हुआ। रामनगर तहसील के पांडेयपुर बाढ़ शरणालय के पास चल रही माक ड्रिल के दौरान अनाउंसमेंट कर बताया गया कि सरयू नदी का जलस्तर बढ़ने के कारण पानी के तेज बहाव में दो युवक बह गए हैं जिस पर पीएसी की फ्लड कंपनी के साथ एसडीएम विवेकशील व तहसीलदार विपुल सिंह मौके पर पहुंच गए। फ्लड कंपनी के जवानों ने स्टीमर से रेस्क्यू कर बहते हुए युवकों को बचाया। इसके बाद उन्हें किनारे लाया गया जहां पहले से सतर्क स्वास्थ्य विभाग की टीम ने एंबुलेंस की मदद से दोनों युवकों को बेहोशी की हालत में चिकित्सा शिविर लाए। डॉ. प्रदीप यादव की देखरेख में स्वास्थ्य टीम ने उनका प्राथमिक उपचार किया गया। भारी भीड़ रही ~ पूर्वाभ्यास देखने के लिए नदी के किनारे काफी संख्या में लोगों की भीड़ जुटी रही। बाढ़ शरणालय के सामने फॉयर ब्रिगेड की टीम ने रिहर्सल किया जंहा आग लगने की सूचना पर सायरन बजाते हुए मौके पर पहुंची दमकल की टीम ने आग बुझाने के साथ ही आग से झुलसे एक युवक को इलाज के लिए स्ट्रेचर पर लेकर भागे । दमकल की टीम ने आग बुझाकर हालातों पर काबू पाया। एसडीएम रामनगर विवेकशील यादव ने बताया कि मॉक ड्रिल में उन तैयारी को परखा गया है कि जब आपात स्थिति में लोग बाढ़ के पानी में फंस जाते हैं तो उन्हें कैसे सुरक्षित स्थान पर ले जाकर राहत पहुंचाई जा सकती है। सूरतगंज सीएचसी अधीक्षक डॉ. राजर्षि त्रिपाठी ने लोगों को जलजमाव के कारण होने वाली बीमारियों से बचाव के तरीके बताए।

जिला आपदा प्रबंधन की टीम ने बाढ़ से बचाव में उपयोग के लिए लाइफ सेविंग जैकेट, मोटर बोट व नाव आदि के संचालन की भी जानकारी दी गई।

### मुहर्रम पर्व को लेकर पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न

**बांगरमऊ, उन्नाव।** आगामी मुहर्रम पर्व को लेकर बृहस्पतिवार को कोतवाली परिसर में पीस कमेटी की बैठक हुई। बैठक मे उपजिला अधिकारी ने ताजियों की ऊंचाई को लेकर शासन का हवाला देकर खास दिशा निर्देश दिए। बैठक की अध्यक्षता कर रहे उपजिलाधिकारी शुभम यादव ने कहा कि शांति व सौहार्दपूर्ण माहौल में भाईचारे के साथ मुहर्रम पर्व मनाए। उन्होंने कहा की ताजिया की ऊंचाई को लेकर शासन ने एक गाइडलाइन जारी की है। जिसमें ताजिया की ऊंचाई 10 से 12 फीट से ज्यादा नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि शासन की गाइडलाइन से हटकर अधिक ऊंचाई की ताजिया उठाई और कोई हादसा हुआ तो ताजिएदार के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने नगर पालिका परिषद की अधिशासी अधिकारी गुंजन गुप्ता को नगर में ताजिया जुलूस के मार्ग पर अभियान चलाकर साफ सफाई करने के निर्देश दिए। पुलिस क्षेत्राधिकारी अरविंद कुमार चौरसिया ने कहा कि मुहर्रम के मौके पर कोई नई परंपरा न डाली जाए। पूर्व की भांति ही निर्धारित स्थानों पर ही ताजिए रखे जाएंगे।

## सगरा झील पर खोदे गए तालाबों से जल प्रवाह रुका

प्रकति बदली प्रवासी पक्षियों के कलरव से गुलजार होती है झील, वन विभाग ने कहा पता करेंगे



संवाददाता

**रामनगर, बाराबंकी।** बीते फ़रवरी माह में वेट लैंड दिवस पर ब्लॉक के शाहपुर चक बहरवा स्थित सगरा झील के संरक्षण का संकल्प लिया गया था लेकिन मत्स्य पालन विभाग ने एक समिति को मत्स्य पालन के लिए झील का पट्टा दे दिया है।ठेकेदार ने वंहा बड़े बड़े तालाब जेसीबी से खुदवा कर जल प्रवाह को रोका व प्राकृतिक स्वरूप से छेड़ छाड की। इस झील मे ठंडक के समय विदेशी पक्षी भी प्रवास कर जल मे कलरव करने आते थे जिसे संरक्षित करने की जरूरत थी लेकिन तालाब बन जाने से आने वाले पक्षियों के लिए भी संकट बनेगा। बड़ी बड़ी खाई बनाकर झील की प्रकृति को बदलने का कार्य किया गया है।

अभी फ़रवरी 2025 में ही इसी सगरा झील के पास वैट लैंड दिवस जिले के वन विभाग द्वारा ब्र्हद स्तर पर मनाया गया था और ग्रामीणों को बुलाकर प्राकृतिक जल श्रोतो, झीलों के स्वरूप परिवर्तित न करने व उनका संवर्धन करने का संकल्प दिलाया गया था। इधर जून में झील के अंदर ही चार पांच बड़े बड़े तालाब जे सी बी से खुदवाए गए है और पानी रोका गया है जिसमे मछली पालन होगा।तालाबों के जेसीबी मशीन से खुदने के कारण झील की प्रकृति बदल गई और और जल फैलाव भी खत्म हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि मत्स्य विभाग द्वारा किसी समिति को मछली पालन के लिए पट्टा दिया गया है जिन्होने तालाब खुदवाया व बोरिंग कराई है। अब मछली पालन होगा।

इस विषय पर वन विभाग के उच्च अधिकारियो को भी संज्ञान लेना चाहिए था लेकिन अभी उनके स्तर से कोई लिखा पढ़ी नही हुई। डी एफ ओ आकाश बधावन ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। पूरी बात पता कर पत्राचार करेंगे। प्राकृतिक स्वरूप से छेड़छाड़ नहीं करना चाहिए।

### बाढ से निपटने के लिये गंगातट पर किया गया माकड्रिल

**बांगरमऊ,उन्नाव।** तहसील प्रशासन ने गंगा नदी में संभावित भीषण बाढ़ के समय कटरी क्षेत्र के ग्रामीणों को बाहर निकलने और राहत पहुंचाने की रूपरेखा अभी से बनाना शुरू कर दिया है। आज तहसील प्रशासन और पुलिस द्वारा क्षेत्र के नानामऊ गंगा तट पर माकड्रिल आयोजित कर बचाव कार्य का अभ्यास किया गया। उपजिलाधिकारी शुभम् यादव और सीओ अरविंद कुमार के नेतृत्व में आज गुरूवार को क्षेत्र के नानामऊ गंगा तट पर बाढ़ के हालत से निबटने के लिए अभ्यास कराया गया । रिहर्सल अंतर्गत करीब आधा दर्जन ग्रामीण नाव से गंगा नदी पार कर रहे थे। तभी बीच धार में पहुंचते ही तेज हवा के झोंके से नाव पलट गई। गंगा नदी की तेज धारा में डूबने की कगार पर पहुंचे ग्रामीण बचाने की गुहार लगाने लगे। घटना की जानकारी मिलते ही दो पुलिस के जवानों ने लाइफ जैकेट पहनकर पानी में छलांग लगा दी।

## मर्जर की कार्यवाही वापस होने तक जारी रहेगा आंदोलन

संवाददाता

**अमेठी।** परिषदीय विद्यालयों की पेयरिंग/मर्जर के विरोध में उतरे उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने इस मुद्दे पर सरकार का ध्यान आकृष्ट करने के लिए आंदोलन का ऐलान किया है।प्रदेश के मुख्यमंत्री को भेजे गए पत्र में परिषदीय विद्यालयों के पेयरिंग/मर्जर के आदेश को छात्र,शिक्षक व शिक्षा विरोधी बताते हुए वापस लेने की मांग की है।उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष विनय तिवारी व प्रदेश महामंत्री उमाशंकर सिंह ने कहा कि पेयरिंग/मर्जर की कार्यवाही बेसिक शिक्षा विभाग के लिए एक आत्मघाती कदम सिद्ध होगा। यह शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 एवं बाल अधिकार के सर्वथा विपरीत है। पदाधिकारियों ने कतिपय विद्यालयों में छात्र संख्या कम होने पर विभागीय अधिकारियों की दोषपूर्ण ढंग से मान्यता देने की नीति को जिम्मेदार ठहराते हुए परिषदीय विद्यालयों की एक किलोमीटर की परिधि में दिए गए स्कूलों की मान्यता की जांच कराकर प्रत्याहरित करने की मांग की है। वही बड़े पैमाने पर चल रहे गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों के विरुद्ध विभागीय अधिकारियों की चुप्पी पर आक्रोश व्यक्त किया है। प्रदेश अध्यक्ष विनय तिवारी ने कहा कि कतिपय विद्यालयों में प्रदर्शित की जा रही कम छात्र संख्या में शिक्षकों का कोई दोष नहीं है।

शिक्षकों को बेवजह बदनाम किया जा रहा है।नियमों का उल्लंघन करके बड़े पैमाने पर प्रत्येक जिले में मान्यता दी गई है जिसकी जांच कराई जानी चाहिए। विद्यालयों को बंद करना समस्या का हल नहीं है। इस मसले पर सरकार का ध्यान आकृष्ट करने के लिए आगामी 27 जून को प्रदेश के सभी जनपदों में दोपहर बाद दो बजे सभी जिलाध्यक्ष/मंत्री के नेतृत्व में संबंधित

# ईरान-इस्राइल में अगले हफ्ते बातचीत संभव, नाटो के शिखर सम्मेलन में बोले ट्रंप

एजेंसी

**हेग।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर दुनिया का ध्यान खींच लिया है। उन्होंने दावा किया है कि अमेरिका ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम को पूरी तरह तबाह कर दिया है और अगले हफ्ते अमेरिकी और ईरानी अधिकारियों के बीच बातचीत हो सकती है। हालांकि, ईरान ने ऐसे किसी भी संभावित संवाद से साफ इनकार किया है और अमेरिका पर भरोसा न होने की बात कही है।

नीदरलैंड के हेग शहर में चल रहे नाटो देशों के शिखर सम्मेलन में ट्रंप ने कहा कि फिलहाल वह ईरान से बातचीत को लेकर ज्यादा उत्साहित नहीं हैं, लेकिन फिर भी बैठक हो सकती है। ट्रंप ने कहा कि हम शायद कोई समझौता साइन करें, शायद न करें। मेरे नजरिए से जरूरी नहीं। उन्होंने लड़ाई की, अब युद्ध खत्म हो चुका है। ट्रंप का इशारा बीते हफ्ते ईरान पर हुए अमेरिकी हमलों की तरफ था।



ट्रंप के दावे पर ईरान ने कड़ा रुख अपनाया है। ईरानी संसद ने अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (द्बश्व) के साथ सहयोग खत्म करने का प्रस्ताव पास करने की प्रक्रिया तेज कर दी है। एक ईरानी अधिकारी ने कहा कि अमेरिका पर भरोसा करना मुश्किल है, खासकर तब जब उसने हमारे परमाणु ठिकानों पर हमले किए हैं।

ट्रंप के तेवर सख्त, फिर भी बातचीत के संकेत ट्रंप ने कहा कि हमने सब कुछ तबाह कर दिया। सुरंगें ध्वस्त हो गईं, पूरा सिस्टम बर्बाद हो चुका है। उन्होंने बताया कि अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो को उन्होंने ईरान से संभावित समझौते का ड्राफ्ट तैयार करने को कहा है। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि प्रस्तावित बातचीत परमाणु मुद्दे पर ही होगी या व्यापक शांति समझौते को लेकर होगी।

फिलहाल ईरान और अमेरिका के बीच हालात बेहद तनावपूर्ण हैं। एक तरफ ट्रंप शांति वार्ता के संकेत दे रहे हैं, दूसरी तरफ ईरान भरोसा तोड़ने का आरोप लगाकर सख्त रुख दिखा रहा है। फिलहाल माना जा रहा है कि आने वाले हफ्ते में यह साफ होगा कि दोनों देशों के बीच कूटनीतिक हलचल कोई नया मोड़ लेती है या हालात और बिगड़ते हैं।

### 13 और 22 जून के हमलों से बिगड़ा माहौल

*रिपोर्ट के मुताबिक, 13 जून को इस्राइल ने ईरान के टॉप मिलिट्री कमांडरों, वैज्ञानिकों और परमाणु ठिकानों को निशाना बनाया था। इसके बाद 22 जून को अमेरिका ने नतान्ज़, फोर्डो और इस्फहान जैसे अहम परमाणु ठिकानों पर हवाई हमले किए। ट्रंप ने दावा किया कि इन हमलों में ईरान का पूरा न्यूक्लियर इन्फ्रास्ट्रक्चर ध्वस्त हो गया है।*

### इस्राइल ने खारिज किया अमेरिकी दबाव का आरोप

*इस बीच इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने उन खबरों को खारिज किया है जिनमें कहा गया था कि इस्राइल ने अमेरिका पर ईरान पर हमले का दबाव डाला। नेतन्याहू ने कहा कि यह दावा पूरी तरह बेबुनियाद है। ट्रंप ने अपने देश के हित में यह फैसला किया, जिसे हम समर्थन देते हैं।*

## पतंजलि जमीन घोटाले में पूर्व प्रधानमंत्री माधव नेपाल को मिली जमानत



कोर्ट ने बिना इजाजत विदेश जाने पर रोक लगाई

एजेंसी

**काठमांडू।** नेपाल में करोड़ों रुपये के पतंजलि ट्रस्ट के जमीन घोटाला मामले में विशेष अदालत ने पूर्व प्रधानमंत्री माधव कुमार नेपाल को जमानत प्रदान कर दी। इस मामले में एंटी करप्शन ब्यूरो ने पूर्व प्रधानमंत्री माधव कुमार नेपाल को आरोपित बनाते हुए विशेष अदालत में मुकदमा दायर किया था। इस पर बुधवार को सुनवाई करते हुए विशेष अदालत ने माधव नेपाल का बयान दर्ज किया। साथ ही न्यायिक हिरासत में भेजे जाने की सरकारी पक्ष की मांग को अस्वीकार करते हुए उन्हें जमानत पर बाहर रखने का आदेश दिया। विशेष अदालत ने बुधवार देररात माधव कुमार नेपाल को 35 लाख रुपये के मुचलके पर जमानत दी। यह जानकारी उनके वकील शंभू थापा ने दी।उन्होंने बताया कि माधव कुमार को अदालत ने हर तारीख पर अदालत में उपस्थित होने का आदेश दिया है। साथ बिना कोर्ट की इजाजत के विदेश जाने पर रोक लगा दी।

## राष्ट्रपति जेलेंस्की ने विशेष न्यायाधिकरण को दी मंजूरी

**कीव।** यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने रूस के शीर्ष अधिकारियों और नेताओं के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए नए अंतरराष्ट्रीय कोर्ट को गठित करने की योजना को मंजूरी दे दी है। इस नई अदालत में रूसी अधिकारियों के खिलाफ मुकदमा यूक्रेन पर हमले के आरोप में चलाया जाएगा। यूक्रेन और यूरोपीय परिषद के बीच समझौते के तहत विशेष न्यायाधिकरण का गठन किया जाएगा। नई अंतरराष्ट्रीय अदालत के गठन का उद्देश्य यूक्रेन के खिलाफ आक्रमण के लिए रूसी नेताओं और अधिकारियों को सजा देना है। यूक्रेन का आरोप है कि रूसी सेना ने 24 फरवरी 2022 को यूक्रेन पर हमले के बाद से अनगिनत युद्ध अपराध किए हैं। अभी जो अंतरराष्ट्रीय अदालतें मौजूद हैं जैसे अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय को रूसी नेताओं के खिलाफ मुकदमा चलाने का अधिकार नहीं है। यूक्रेन लंबे समय से विशेष अंतरराष्ट्रीय न्यायालय की मांग कर रहा था, ताकि रूसी अधिकारियों और नेताओं को युद्ध अपराध जैसे नागरिक ठिकानों पर हमले, आम नागरिकों की हत्या, दुष्कर्म, लोगों का अपहरण करके उन्हें प्रताड़ित करने आदि के लिए दंडित किया जा सके।

## इमरान खान की पत्नी बुशरा बीबी की अंतरिम जमानत अवधि कोर्ट ने बढ़ाई

न्यायाधीश ने दोनों पक्षों के वकीलों को अगली सुनवाई पर अपनी दलीलें पेश करने का निर्देश भी दिया है।

एजेंसी

**रावलपिंडी पाकिस्तान।** आतंकवाद निरोधक अदालत ने आज पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) संस्थापक और पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पत्नी बुशरा बीबी की अंतरिम जमानत अवधि बढ़ा दी। अदालत ने उन्हें यह राहत 26 नवंबर के विरोध प्रदर्शन से संबंधित मामलों में प्रदान की। न्यायाधीश अमजद अली शाह ने पूर्व प्रथम महिला के खिलाफ 12 मामलों की सुनवाई की और उनकी उपस्थिति को अदालत के नोटिस के माध्यम से दर्ज किया। अदालत ने सुनवाई 10 जुलाई तक स्थगित करते हुए अगली तारीख पर सभी मामलों के लिए पुलिस से आरोप पत्र भी तलब किया है। न्यायाधीश ने दोनों पक्षों के वकीलों को अगली सुनवाई पर अपनी दलीलें पेश करने का निर्देश भी दिया है। इस बीच, आतंकवाद निरोधी अदालत ने जीएचक्यू हमले और 09 मई के मामलों की सुनवाई भी 03 जुलाई तक के लिए स्थगित कर दी है।




इस सप्ताह की शुरुआत में लाहौर हाई कोर्ट ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की 09 मई, 2023 की घटनाओं से संबंधित आठ मामलों में जमानत याचिकाओं को खारिज कर दिया। न्यायमूर्ति सैयद शाहबाज अली रिजवी की अध्यक्षता वाली लाहौर हाई कोर्ट की दो सदस्यीय पीठ ने पीटीआई संस्थापक इमरान खान की जमानत याचिकाओं पर सुनवाई की। उनके वकील बैरिस्टर सलमान सफदर ने तर्क दिया कि मामले राजनीति से प्रेरित थे और याचिकाकर्ता सुप्रीम कोर्ट के समक्ष पेश होने के समय एनएबी की हिरासत में था, उसे बाहर की स्थिति के बारे में पता नहीं था। उन्होंने कहा कि इमरान खान ने दंगों की निंदा की है और अदालत से गिरफ्तारी के बाद जमानत देने का अनुरोध किया है। अभियोजन पक्ष ने जमानत का विरोध करते हुए तर्क दिया कि 09 मई की घटनाएं पूर्व नियोजित साजिश का परिणाम थीं। सभी दलीलें सुनने के बाद अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया और बाद में आठ मामलों में इमरान खान की जमानत खारिज कर दी।

## फ्रांस में तूफान ने मचाई तबाही, दो लोगों की मौत और 17 घायल

संसद की छत से पानी टपकने लगी

एजेंसी


**नई दिल्ली।** फ्रांस में बुधवार को आए भीषण तूफान ने तबाही मचा दी। इसमें दो लोगों की मौत हो गई और 17 लोग घायल हुए। तूफान के कारण पेड़ उखड़ गए, पेरिस की सड़कों पर पानी भर गया और संसद भवन की छत से पानी टपकने लगा। प्रधानमंत्री फ्रांस्वा बैरू जब संसद में पश्चिम एशिया पर भाषण देने के बाद नेशनल असेंबली की टपकती गुंबदाकार छत की ओर देखते हुए कहा, क्या आपने ध्यान दिया, बारिश हो रही है?सदन के उपाध्यक्ष रोला लेस्क्यूर ने तत्काल वाद-विवाद को स्थगित कर दिया ताकि अग्निशमन कर्मी छत का निरीक्षण कर सकें। करीब 15 मिनट बाद जब सत्र दोबारा शुरू हुआ, तो लेस्क्यूर ने सांसदों को बताया कि छत से रिसाव रोकने के लिए सोखने वाले मैट्स का इस्तेमाल किया गया।1.10 लाख घरों की बिजली गुल



फ्रांसीसी नागरिक सुरक्षा एजेंसी के अनुसार तूफान में उस समय आया जब हाल ही में लू की स्थिति बनी हुई थी। इसमें एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया और करीब 1.10 लाख घरों की बिजली गुल हो गई। फ्रांसीसी मीडिया के मुताबिक दक्षिण-पश्चिम फ्रांस में पेड़ गिरने से एक 12 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। वहीं उत्तर-पश्चिम में एक व्यक्ति की मौत तब हुई जब उसका क्वाड-बाइक गिरे हुए पेड़ से टकरा गया।

## बांग्लादेश ने नेपाल के अपर कर्णाली हाइड्रोपावर से बिजली खरीद समझौते को किया खारिज

बांग्लादेश में शेख हसीना की सरकार के समय 2010 में भारत के साथ अधिक से अधिक बिजली खरीद को लक्षित करते हुए लाई गई विशेष ऊर्जा कानून लाया गया था।





एजेंसी

**काठमांडू।** नेपाल से भारत के रास्ते 40 मेगावाट बिजली आयात करने वाली बांग्लादेश सरकार ने भारतीय अपर कर्णाली हाइड्रोपावर से बिजली खरीद समझौते को खारिज कर दिया है। बांग्लादेश के विद्युत विकास बोर्ड ने अपर कर्णाली हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट के साथ किए गए 500 मेगावाट विद्युत आपूर्ति समझौते के प्रारंभिक आशय पत्र को खारिज करने की जानकारी दी है। बांग्लादेश में शेख हसीना की सरकार के समय 2010 में भारत के साथ अधिक से अधिक बिजली खरीद को लक्षित करते हुए लाई गई विशेष ऊर्जा कानून लाया गया था। सत्ता उलटफेर के बाद बनी युनुस सरकार ने इस ऊर्जा कानून को ही रद्द कर दिया है, जिसके अंतर्गत नेपाल के साथ किए गए अपर कर्णाली हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट से बिजली आपूर्ति समझौता भी खारिज हो गया है। बांग्लादेश पावर डेवलपमेंट बोर्ड के अध्यक्ष रिजाउल करीम के हवाले से डेली आब्जर्वर अखबार ने पुष्टि की है कि नेपाल के साथ हुए 500 मेगावाट पावर परचेज एग्रीमेंट को भी खत्म करने का निर्णय लिया गया है। इस अखबार का दावा है कि अपर कर्णाली हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट का निर्माण भारतीय कंपनी जीएमआर, सतलुज जैसी कंपनियां कर रही थीं, इसलिए इस समझौते को खारिज किया गया है। जीएमआर की तरफ से एसएम बोर्डे ने बांग्लादेश के ऊर्जा सचिव को फरवरी 2025 में एक पत्र लिखते हुए औपचारिक रूप से बिजली आपूर्ति समझौता करने का आग्रह किया था। इस पत्र में 2029 से लेकर 25 वर्षों तक के लिए बिजली आपूर्ति समझौता करने की बात उल्लेख की गई थी।

## भारत अफगानिस्तान का सबसे बड़ा साझेदारः रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

एजेंसी

**किंगदाओ।** चीन के किंगदाओ में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के रक्षा मंत्रियों की बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारत-अफगानिस्तान संबंधों पर बात की। उन्होंने अफगानिस्तान में शांति, सुरक्षा और स्थिरता के लिए भारत के समर्थन को दोहराया। रक्षा मंत्री ने कहा कि अफगानिस्तान में हमारी तत्काल प्राथमिकताओं में अफगान लोगों को मानवीय सहायता प्रदान करना और अफगानिस्तान की समग्र विकासात्मक आवश्यकताओं में योगदान देना शामिल है। अफ़गानिस्तान के सबसे बड़े क्षेत्रीय विकास भागीदार के रूप में भारत अफगान लोगों के लिए क्षमता निर्माण पहलों को लागू करना जारी रखता है। रक्षा मंत्री ने सहयोग के जरिये वैश्विक चुनौतियों से निपटने में आम सहमति बनाने के भारत के प्रयासों के बारे में बताया। आतंकवाद, साइबर हमलों और हाइब्रिड युद्ध सहित अंतरराष्ट्रीय खतरों के लिए एकीकृत प्रतिक्रिया की आवश्यकता पर बल दिया। रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत ने एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य के आदर्श वाक्य के आधार पर वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए आम सहमति बनाने की कोशिश की है, जो वसुधैव कुटुंबकम के हमारे सभ्यतागत लोकाचार पर आधारित है। आपसी समझ और आपसी लाभ हमारे मार्गदर्शक सिद्धांत होने चाहिए। रक्षा मंत्री ने क्षेत्रीय शांति और स्थिरता के लिए सहयोग बढ़ाने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारत एससीओ सदस्यों के बीच अधिक सहयोग और आपसी विश्वास का समर्थन करता है। हमें सामूहिक रूप से अपने लोगों की आकांक्षाओं और अपेक्षाओं को पूरा करने के साथ-साथ आज की चुनौतियों से निपटने की आकांक्षा रखनी चाहिए। हम सभी को अपने पड़ोस में स्थिरता और सुरक्षा को मजबूत करने के अपने प्रयास में एक साथ मिलकर काम करना चाहिए। दरअसल, 25-26 जून को होने वाली दो दिवसीय एससीओ रक्षा मंत्रियों की बैठक चीन की ओर से पूर्वी शहर किंगदाओ में आयोजित की जा रही है। इस कार्यक्रम में एससीओ के 10 पूर्ण सदस्य देशों भारत, चीन, रूस, पाकिस्तान, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, तजाकिस्तान, उज्बेकिस्तान, ईरान और नए सदस्य बेलारूस के रक्षा मंत्री और वरिष्ठ अधिकारी एक साथ आए।



### कोई देश अकेले काम नहीं कर सकता

*राजनाथ सिंह ने कहा कि कोई भी देश, चाहे वह कितना भी बड़ा और शक्तिशाली क्यों न हो, अकेले काम नहीं कर सकता। वैश्विक व्यवस्था या बहुपक्षवाद का मूल विचार यही है कि राष्ट्रों को अपने पारस्परिक और सामूहिक लाभ के लिए एक-दूसरे के साथ मिलकर काम करना चाहिए। यह हमारी सदियों पुरानी संस्कृत कहावत सर्वे जन सुखिनो भवन्तु को भी दर्शाता है, जिसका अर्थ है सभी के लिए शांति और समृद्धि।*

### मध्य एशिया के साथ बढ़ा रहे कनेक्टिविटी

*उन्होंने कहा कि भारत मध्य एशिया के साथ अपनी कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। बेहतर कनेक्टिविटी से न केवल आपसी व्यापार बढ़ता है बल्कि आपसी विश्वास भी बढ़ता है। इन प्रयासों में एससीओ चार्टर के मूल सिद्धांतों को बनाए रखना आवश्यक है। विशेष रूप से सदस्य देशों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करना।*

## ट्रंप का न्यूयॉर्क सिटी के भावी मेयर ममदानी पर तीखा तंज

कुछ दक्षिणपंथी लोगों ने सीधे तौर पर उनके मुस्लिम धर्म की निंदा की है।

एजेंसी

**वाशिंगटन।** न्यूयॉर्क सिटी के मेयर बनने के करीब पहुंच चुके भारत की मशहूर फिल्मकार मीरा नायर के बेटे जोहरान ममदानी कई लोगों के निशाने पर आ गए हैं। उन पर निशाना साधने वालों में लोगों में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी शामिल हो गए हैं। द न्यूयॉर्क टाइम्स की खबर के अनुसार, राष्ट्रपति ट्रंप ने आज एम्स्टर्डम से वाशिंगटन की अपनी उड़ान के कुछ घंटों बाद अपने सोशल ट्रुथ पर लिखा, ÷हमारे पास पहले भी कट्टरपंथी वामपंथी थे, लेकिन यह थोड़ा हास्यास्पद हो रहा है। ममदानी भयानक दिखते हैं। उल्लेखनीय है कि ममदानी इस समय न्यूयॉर्क स्टेट असेंबली सदस्य हैं। यही नहीं कल रात वोटों की गिनती के समय न्यूयॉर्क रिपब्लिकन की प्रतिनिधि एलिस स्टेफनिक ने न्यूयॉर्क शहर के मेयर के लिए डेमोक्रेटिक प्राइमरी में ममदानी की लगभग आधिकारिक जीत के लिए संभावित राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी को दोषी ठहराने की कोशिश की। स्टीफनिक ने न्यूयॉर्क की गवर्नर कैथी होचुल का जिक्र करते हुए एक्स पर लिखा, ÷कोई गलती न करे, यह कैथी होचुल और एनवाई डेमोक्रेट पार्टी की अयोग्य कमजोरी और सरासर अक्षमता के कारण हुआ है।÷ यहां यह खास है कि स्टीफनिक अगले साल गवर्नर पद का चुनाव लड़ सकती हैं। ट्रंप संयुक्त राष्ट्र राजदूत के रूप में उनके नामांकन को वापस ले चुके हैं।



33 वर्षीय लोकतांत्रिक समाजवादी ममदानी शहर के रैंक-चॉइस वोटिंग के पहले दौर में पूर्व गवर्नर एंड्रयू कुओमो पर अच्छी बढ़त हासिल की है। रिपब्लिकन ने ममदानी की उम्र, इजराइल की उनकी आलोचना और फिलिस्तीनियों के साथ उनके व्यवहार और उनकी प्रगतिशील राजनीति पर तंज कसा है। कुछ दक्षिणपंथी लोगों ने सीधे तौर पर उनके मुस्लिम धर्म की निंदा की है। हडसन वैली के उदारवादी रिपब्लिकन प्रतिनिधि माइक लॉलर ने कहा कि न्यूयॉर्क के डेमोक्रेट इस पागलपन की कीमत चुकाएंगे। लॉन्ग आइलैंड के एक हिस्से का प्रतिनिधित्व करने वालीं कांग्रेस सदस्य गिलन ने उन्हें बहुत ज्यादा चरमपंथी कहा और कहा कि उनका पूरा अभियान अपूरणीय वादों और उच्च करों पर आधारित है, जो न्यूयॉर्क को बिल्कुल भी नहीं चाहिए।

## मेक्सिको में त्योहार के दौरान गोलीबारी, 12 लोगों की मौत

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको के गुआनाजुआतो राज्य के इरापुआतो शहर में मंगलवार रात भीषण गोलीबारी हुई। इस हमले में 12 लोगों की मौत हो गई, जबकि करीब 20 लोग घायल हुए हैं। उस वक्त लोग इरापुआतो में सेंट जॉन द बैप्टिस्ट त्योहार के मौके पर सड़क पर नाच-गाना और जश्न मना रहे थे। यह जानकारी स्थानीय प्रशासन ने बुधवार को दी। मरने वालों में से 11 की पहचान हो चुकी है। इनमें 8 पुरुष, 2 महिलाएं और एक 17 वर्षीय नाबालिग शामिल है। सोशल मीडिया पर हादसे का एक वीडियो भी सामने आया है। इसमें लोगों के जश्न मनाने के दौरान गोलीबारी की आवाज सुनी गई। राष्ट्रपति क्लाउडिया शिनबाम ने हमले पर दुख जताया और कहा कि इसकी जांच की जा रही है। इरापुआतो के अधिकारी रोडोल्फो गोमेज सेरवांतेस ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि मेक्सिको मरने वालों की संख्या 12 हो चुकी है और कई घायलों की हालत गंभीर बनी हुई है।

## ट्रंप को यूएस स्टील खरीद में गोल्डन शेयर की मिली शक्ति

भविष्य के राष्ट्रपतियों के लिए अलग रहेंगे नियम

ट्रंप या उनके द्वारा नामित व्यक्ति लेगा फैसले

एजेंसी

**वॉशिंगटन।** राष्ट्रीय सुरक्षा समझौते के तहत अमेरिका में स्टील उत्पादन से जुड़े मामलों को नियंत्रित करने की शक्ति अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को मिल गई है। स्टील सौदों को नियंत्रित करने की शक्ति को गोल्डन शेयर कहा जा रहा है। इसी के तहत राष्ट्रपति ट्रंप ने जापान की कंपनी निप्पोन स्टील द्वारा अमेरिकी स्टील उत्पादन कंपनी यूएस स्टील के अधिग्रहण की मंजूरी दी थी। अमेरिका के सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज आयोग ने यह जानकारी दी है।

प्रावधानों के तहत राष्ट्रपति को स्टील कंपनी के बोर्ड सदस्यों में एक सदस्य को नामित करने का अधिकार मिलेगा। ये सदस्य घरेलू स्तर पर स्टील के उत्पादन को प्रभावित करने और विदेशी उत्पादों के साथ प्रतिस्पर्धा से संबंधित फैसलों में शामिल होंगे। प्रावधान के तहत ट्रंप या उनके द्वारा नामित व्यक्ति के पास फैसले लेने की शक्ति होगी, लेकिन भविष्य के राष्ट्रपतियों को यह नहीं मिलेगी और उनकी तरफ से अमेरिकी सरकार के वित्त विभाग और वाणिज्य विभाग फैसले ले सकेंगे। सिर्फ ट्रंप को विशेष तौर पर अधिकार दिए जाने और भविष्य के राष्ट्रपतियों की जगह ये शक्ति वित्त विभाग और वाणिज्य विभाग के पास जाने पर सवाल भी उठ रहे हैं, जिस पर व्हाइट हाउस ने सफाई देते हुए कहा है कि यह शक्ति ट्रंप को नहीं मिली है बल्कि राष्ट्रपति पद को मिली है।



### प्रावधान में ट्रंप के नाम के उल्लेख पर उठ रहे सवाल

*हालांकि प्रावधानों में ट्रंप के नाम का सीधा उल्लेख है। गौरतलब है कि बीते हफ्ते ही जापान की निप्पोन स्टील ने अमेरिका की यूएस स्टील कंपनी का अधिग्रहण पूरा किया है। यह सौदा 15 अरब डॉलर में हुआ। ट्रंप ने हालांकि इसे दोनों कंपनियों के बीच साझेदारी बताकर प्रचारित किया। राष्ट्रपति पद के चुनाव प्रचार के दौरान ट्रंप ने इस सौदे को रोकने की बात कही थी। पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन ने भी इस सौदे को मंजूरी नहीं दी थी, लेकिन राष्ट्रपति बनने के बाद ट्रंप अपनी बात से मुकर गए और उन्होंने निप्पोन और यूएस स्टील के सौदे को मंजूरी दे दी।*

## भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में पाकिस्तान को दिया करारा जवाब

बच्चों के अत्याचार के मुद्दे पर ध्यान भटकाने की कोशिश हो रही

एजेंसी

**न्यूयॉर्क।** भारत ने गुरुवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में पाकिस्तान को करारा जवाब दिया। भारत ने कहा कि पाकिस्तान अपने क्षेत्र में बच्चों के अत्याचार के मुद्दे से ध्यान भटकाने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने कहा कि बच्चों के खिलाफ अत्याचार और आतंकवाद फैलाने वाले पाकिस्तान का संयुक्त राष्ट्र में उपदेश देना घोर पाखंड है। न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र में बच्चों और सशस्त्र संघर्ष (सीएएसी) पर वार्षिक खुली बहस के दौरान भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत पार्वथानेनी हरीश ने कहा कि मैं पाकिस्तान के प्रतिनिधि की ओर से की गई राजनीति से प्रेरित टिप्पणियों पर खारिज करता हूं। पाकिस्तान सीएएसी एजेंडे के गंभीर उल्लंघनकर्ताओं में से एक है।




पाकिस्तान संयुक्त राष्ट्र की प्रक्रियाओं पर गलत तरीके से संदेह व्यक्त कर रहा है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान अपने नापाक एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए विभिन्न चर्चाओं में भारत को बदनाम कर रहा है। ऐसा करके पाकिस्तान अपने ही देश में बच्चों के खिलाफ किए जा रहे अत्याचारों से ध्यान हटाने की कोशिश कर रहा है। भारत इसे अस्वीकार करता है। इसके अलावा भारत सीमा पार से किए जा रहे बड़े पैमाने पर आतंकवाद को भी अस्वीकार कर रहा है। भारत के स्थायी प्रतिनिधि और राजदूत पार्वथानेनी हरीश ने कहा कि हमारी दुनिया संघर्षों और आतंकी हमलों में एक खतरनाक वृद्धि देख रही है और बच्चे उनके सबसे ज्यादा शिकार हो रहे हैं। यूएनएसजी की रिपोर्ट के अनुसार बच्चों के खिलाफ गंभीर उल्लंघन 25 प्रतिशत बढ़ गए हैं, जबकि 2024 में यौन हिंसा 35 प्रतिशत बढ़ गई है। यह गंभीर स्थिति तत्काल और निर्णायक कार्रवाई की मांग करती है। इसलिए, आज की चर्चा जरूरी और आवश्यक दोनों है। उन्होंने कहा कि बच्चों के समग्र विकास के लिए एक सक्षम वातावरण बनाना बाल संरक्षण के लिए मौलिक है। उनकी सुरक्षा, पोषण और शिक्षा को राष्ट्रीय और घरेलू स्तर पर प्राथमिकता दी जानी चाहिए। संघर्ष और संघर्ष के बाद की स्थितियों में बच्चों को समाज में उनके सफल पुन÷ एकीकरण के लिए विशेष ध्यान और मनोवैज्ञानिक-सामाजिक समर्थन की आवश्यकता होती है। इन आवश्यक पारिस्थितिकी प्रणालियों के निर्माण के लिए राज्य द्वारा निरंतर प्रयासों की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र के महासचिव ने अपनी रिपोर्ट में अफगानिस्तान के साथ सीमावर्ती क्षेत्रों में घटनाओं के बारे में बताया है, जहां अफगान बच्चों की हत्या और अपंगता की एक श्रृंखला को सीधे पाकिस्तानी सशस्त्र बलों द्वारा सीमा पार गोलाबारी और हवाई हमलों के लिए जिम्मेदार ठहराया गया था। उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी सेना ने मई 2025 में हमारे सीमावर्ती गांवों पर जानबूझकर गोलाबारी की, जिसमें कई नागरिक मारे गए और घायल हुए। इस तरह के व्यवहार के बाद संयुक्त राष्ट्र में उपदेश देना घोर पाखंड है।

### पहलगाम हमले को नहीं भूली है दुनिया

*संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत पार्वथानेनी हरीश ने कहा कि दुनिया 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम में पाकिस्तान और पाकिस्तान द्वारा प्रशिक्षित आतंकवादियों के भारत में 26 पर्यटकों को मार डालने वाले हमलों को नहीं भूली है। सीएएसी पर महासचिव की रिपोर्ट पाकिस्तान में सशस्त्र संघर्ष में बच्चों के खिलाफ गंभीर उल्लंघनों को उजागर करती है। महासचिव ने स्कूलों, विशेष रूप से लड़कियों के स्कूलों, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के खिलाफ हमलों सहित इस तरह के गंभीर उल्लंघनों में वृद्धि पर चिंता व्यक्त की है।*



# काजोल ने बताया खुशहाल शादी का फॉर्मूला

## हम अगर एक जैसे होते, तो कब के अलग हो जाते



बॉलीवुड के लोकप्रिय कपल्स में से एक अजय देवगन और काजोल की शादी को 26 साल हो चुके हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू में काजोल ने बताया कि दोनों की शादी इतनी लंबी इसलिए चली क्योंकि दोनों एक-दूसरे से बिल्कुल अलग हैं।

### उनकी और अजय की सोच और एनर्जी में फर्क है

काजोल ने मैशेबल इंडिया को दिए इंटरव्यू में कहा, अगर हम एक जैसे होते, तो इतने साल नहीं लगते, बहुत पहले अलग हो जाते। काजोल ने कहा कि उनकी और अजय की सोच और एनर्जी में फर्क है। इसी से बैलेंस बना रहता है। उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा, खुशहाल शादी का राज है कि थोड़ा बहरे हो जाना और कुछ बातें भूल जाना।

काजोल और अजय के दो बच्चे बेटी न्यासा और बेटा युग हैं। बता दें कि अजय और काजोल की पहली मुलाकात 1995 में हुई थी। 1997 में फिल्म इश्क के सेट पर दोनों करीब आए। फिर 1999 में शादी कर ली।

### अजय और काजोल डेट नाइट्स नहीं करते

इंटरव्यू में काजोल ने कहा, हम डेट नाइट नहीं करते। हमारे पास फैमिली टाइम ही होता है। या तो वो काम पर होते हैं या मैं ट्रैवल कर रही होती हूं। इसलिए जब भी समय मिलता है, घर पर ही सबके साथ वक्त बिताते हैं। जब काजोल से पूछा गया कि क्या दोनों की बॉन्डिंग दोस्त जैसी है, तो उन्होंने कहा, ÷इतने साल हो गए शादी को, अब ब्लश तो नहीं कर सकती उनके बारे में बात करते हुए।

### काजोल की फिल्म मां एक पौराणिक हॉरर फिल्म है

बता दें कि काजोल जल्द ही फिल्म मां में नजर आएंगी। मां 27 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। फिल्म को विशाल फुरिया ने डायरेक्ट और अजय देवगन, ज्योति देशपांडे और कुमार मंगत पाठक ने प्रोड्यूस किया है।



# राम कपूर के भद्दे कमेंट पर भड़के अनुपमा के वनराज

टीवी इंडस्ट्री इन दिनों जबरदस्त विवादों की चपेट में है। मशहूर अभिनेता राम कपूर के हालिया आपत्तिजनक बयानों के चलते पूरा टीवी जगत उनसे नाराज है। 'अनुपमा' फेम अभिनेता सुधांशु पांडे ने इस मामले पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए न केवल राम की आलोचना की, बल्कि इंडस्ट्री की ओर से सार्वजनिक रूप से माफी भी मांगी है। दरअसल, राम कपूर ने अपने अपकमिंग शो मिस्त्री के प्रमोशन के दौरान कुछ भद्दे और असंवेदनशील कमेंट्स किए, जिन्हें लेकर सोशल मीडिया पर भारी विरोध हुआ। उनकी टिप्पणियां इतनी आपत्तिजनक थीं कि शो के निर्माताओं ने उन्हें प्रचार अभियानों से भी बाहर कर दिया। इस विवाद के बीच सुधांशु पांडे सामने आए और उन्होंने एक इंटरव्यू में कहा कि अगर राम ने ऐसे बयान दिए हैं, तो ये सिर्फ उनके नहीं, बल्कि पूरी इंडस्ट्री की छवि को नुकसान पहुंचाने वाला है। उन्होंने कहा कि ये मानसिक असंतुलन का संकेत हो सकता है, क्योंकि एक सामान्य व्यक्ति ऐसी बातें सार्वजनिक मंच पर नहीं कहता।

# नीरू बाजवा ने हानिया आमिर को किया अनफॉलो

पाकिस्तानी एक्ट्रेस हानिया आमिर के चलते दिलजीत दोसांझ की फिल्म 'सरदार जी 3' विवादों में है। इस बीच अब फिल्म की लीड एक्ट्रेस नीरू बाजवा के इंस्टाग्राम प्रोफाइल से अचानक सरदार जी 3 से जुड़े सारे पोस्ट गायब हो गए।

दरअसल, एक रेडिट यूजर ने लॉलीवुडस्पेस नाम के इंस्टा पेज की एक पोस्ट शेयर की। इसमें दावा किया गया था कि नीरू बाजवा ने फिल्म से जुड़े सभी पोस्ट हटा दिए हैं और हानिया आमिर को अनफॉलो भी कर दिया है। हालांकि, दैनिक भास्कर इस दावे की पुष्टि नहीं करता है।

नीरू बाजवा पंजाबी सिनेमा की सबसे अधिक कमाई करने वाली अभिनेत्रियों में से एक हैं। नीरू की लेटेस्ट पोस्ट उनकी अगली फिल्म %सन ऑफ सरदार 2 का टीजर से संबंधित है। उनके प्रोफाइल पर 'सरदार जी 3' से जुड़ी कोई पोस्ट नजर नहीं आ रही।

### पुनीत इस्सर ने दिलजीत पर साधा निशाना

वहीं, एक्टर पुनीत इस्सर ने सरदार जी 3 विवाद पर अपनी राय रखी है। इंस्टेंट बॉलीवुड से बात करते हुए उन्होंने कहा- मैं देशभक्त हूं, मेरे लिए देश पहले आता है। मुझे लगता है कि जब दिलजीत ने फिल्म शुरू की थी तब दोनों देशों के बीच सब ठीक था। उस समय वहां के कलाकार हमारे साथ काम कर रहे थे और किसी ने एतराज नहीं किया, लेकिन मुझे लगता है कि हमें अपने देश के लिए आत्म-सम्मान होना चाहिए।

पुनीत इस्सर ने आगे कहा, हमें पता होना चाहिए कि हमारे गुरुओं ने हमारे लिए क्या किया है। दिलजीत ये सब भूल गए हो। क्या तुम्हें नहीं पता कि गुरु गोविंद सिंह के चार बेटे शहीद हुए थे? गुरु तेग बहादुर जी ने अपने धर्म की रक्षा के लिए जान दी थी। हमें अपने देश के प्रति वफादार रहना चाहिए।

### गुरु रंधावा का X अकाउंट डिएक्टिवेट

पंजाबी सिंगर गुरु रंधावा ने सरदार 3 विवाद के बीच दिलजीत दोसांझ का नाम लिए बिना कई ट्वीट किए। हालांकि, इन ट्वीट के बाद गुरु ने अपना ङ्ग हैंडल डिएक्टिवेट कर दिया है। बता दें कि गुरु रंधावा ने अपने ङ्ग अकाउंट पर लिखा था- लाख परदेसी हो जाओ, अपना देश नहीं भूलना चाहिए। जिस देश का खाते हैं, उसका बुरा नहीं सोचना चाहिए। उन्होंने आगे लिखा था- अगर अब आपकी नागरिकता भारतीय नहीं भी है पर आप यहां पैदा हुए हो तो ये मत भूलो। इस देश ने महान कलाकार बनाए और हम सबको उस पर गर्व है। कृपया गर्व करो जहां तुम पैदा हुए थे। बता दें कि गुरु ने 25 जून को एक और ट्वीट किया था, जब क्क्कटीम कलाकार से ज्यादा टैलेंटेड हो, तब विवाद रोजमर्रा का हिस्सा बन जाता है। वो दिन दूर नहीं जब लोग सच जानेंगे। हर महीने की पहली तारीख को बम गिराना। भगवान फेक क्क्क और कलाकारों को आशीर्वाद दे।



# 'रंग दे बसंती' में मनोज बाजपेयी नहीं थे पहली पसंद

पिछले कुछ समय से सोशल मीडिया में यह दावा किया जा रहा था कि फिल्म रंग दे बसंती के लिए आमिर खान नहीं, बल्कि मनोज बाजपेयी पहली पसंद थे। इस मामले में अब मनोज बाजपेयी ने अपना रिएक्शन दिया है और इन खबरों को पूरी तरह से खारिज कर दिया है। दरअसल, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लाफिंग कलर्स नाम के एक हैंडल ने एक पोस्ट शेयर की थी। उसमें यह दावा किया गया कि फिल्म रंग दे बसंती के मेकर्स की पहली पसंद आमिर खान नहीं, बल्कि मनोज बाजपेयी थे। साथ ही यह भी कहा गया कि फिल्म बनने में 6 साल की देरी हुई क्योंकि मनोज बाजपेयी जवाब नहीं दे रहे थे, जिसके कारण फिल्म की कास्टिंग, शेड्यूल और भविष्य बदल गया। ये बातें फिल्म के प्रोड्यूसर ने बताई हैं। इसके बाद मनोज बाजपेयी ने इस पोस्ट को एक्स पर री-पोस्ट करते हुए लिखा, 'यह कहने वाला प्रोड्यूसर कौन है? नाम तो बताओ। सोशल मीडिया पर इतने खाली लोटे बैठे हैं।' यादगार फिल्मों में शुमार है रंग दे बसंती रंग दे बसंती बॉलीवुड की सबसे यादगार फिल्मों में से एक है। 26 जनवरी, 2006 को रिलीज हुई थी। राकेश ओमप्रकाश मेहरा ने इस फिल्म का निर्देशन किया था। फिल्म में आमिर नजर आए थे। द फैमिली मैन 3 में नजर आएंगे मनोज कुमार पंचायत 4 की रिलीज के बाद अब मनोज कुमार सीरीज द फैमिली मैन 3 में नजर आएंगे।

# रोटी को तरसे, घाटों पर गाने भी गए

## पुलिस ने आतंकी समझकर पीटा, मनोज तिवारी ने संघर्ष से कमाया नाम और कहलाए भोजपुरी के अमिताभ बच्चन



अभाव के पलों से मुकाम तक पुल कैसे बनाया जाता है, मनोज तिवारी इसका बेहतरीन उदाहरण हैं। कभी भूख मिटाने के लिए उनको भरपेट रोटी भी नसीब नहीं थी। स्कूल जाने के लिए कई-कई किलोमीटर पैदल चले। नाम बनाने की कोशिश में कभी दिल्ली-मुंबई के प्लेटफॉर्म पर रातें गुजारीं तो कभी जेब का वजन देख होटल से भूखे वापस लौटे। लेकिन मनोज ने दुष्यंत कुमार की लाइन 'कौन कहता है कि आसमां में सुराख नहीं हो सकता, एक पत्थर तो तबीयत से उछालो यारो' को सच कर दिखाया। इन्होंने अपनी मेहनत से अपने दिन ऐसे फेरे कि आज उनके पास गाड़ी, बंगला, नाम, शोहरत सब है।

### छोटी उम्र में सिर से पिता का साया उठा

मैंने बहुत छोटी उम्र में पिताजी को खो दिया था। मेरे पिताजी शास्त्रीय संगीत के गायक थे, तो मैं उन्हें सुनाता था। पिताजी के रहते तो मुझे पता भी नहीं था कि मैं संगीत में जाऊंगा। मुझे इतना याद है कि पिताजी मुझे अपनी गोद में लेकर सोते थे। पीठ पर थपकी देते समय कुछ गाते थे। शायद वहीं से मेरे अंदर संगीत की रुचि बढ़ी।अब जब मैं अपने पिताजी को याद करता हूं तो वो मुझे संत समान लगते हैं। उनका स्वभाव संत जैसा था। उन्हें जिससे प्रेम मिलता था, उसी के हो लेते थे। उनका व्यवहार बहुत अच्छा था। लोग आज भी बहुत तारीफ करते हैं। कई लोग आज भी मुझे उनके नाम से ही जानते हैं।

### एक समय दो वक्त की रोटी तक नसीब नहीं थी

हम छह भाई-बहन थे। हमारी परवरिश में मां ने अथक परिश्रम किया है। मुझे मेरी मां में भगवान दिखता है। मेरी मां गोबर के उपले बनाती थी। वो गाय-भैंस से दूध खुद निकालती थी। बस पकड़ने के लिए चार-चार किलोमीटर पैदल चलती थी। उस वक्त हमारे लिए ट्रैक्टर सबसे बड़ा साधन होता था। ट्रैक्टर ट्रॉली में 20-25 लोग के साथ बैठकर 40 किलोमीटर तक की यात्रा करते थे। मैं स्कूल जाने के लिए चार-चार किलोमीटर पैदल चलता था और उस वक्त मैं भागता था। जब मैं दौड़ता तो लोग कहते थे कि वो देख मनोज दौड़ा रहा है। इतनी गरीबी थी कि साइकिल तक खरीद नहीं पाया कभी। हां, लेकिन जब मेरे दिन बहुरे, तब सीधे चार चक्का खरीदा।

### घाट पर गाकर सिंगिंग करियर की शुरुआत की

मैं भले बिहार से हूं, लेकिन मेरा बनारस से भी उतना ही लगाव रहा है। जन्म बनारस में हुआ, पढ़ाई भी वहीं हुई। पढ़ाई के दौरान ही मैंने बनारस के घाटों पर गाना शुरू किया था। वहां गाते-गाते फिर एक दिन मुझे गंगा आरती में गाने का मौका मिला। फिर मैंने मंदिरों में जगराता गाना शुरू किया। भक्ति गानों की वजह से मुझे लोग जानने लगे थे। एक बार शिवरात्रि के मौके पर मैं शीतला घाट और अर्दली बाजार के महावीर मंदिर में परफॉर्म कर रहा था, तभी मेरे सिर से खून बहने लगा। मैं पहले से ही घायल था, लेकिन परफॉर्मेंस के बीच मुझे न तो दर्द का पता चला और न खून का। इस एक घटना और मेरे भक्ति गानों की वजह से लोग मुझे जानने लगे थे। इसके बाद मुझे फिल्मों में गाने का ऑफर मिलने लगा। फिर मेरा एलबम 'बगलवाली' आया, जिसने मुझे फेमस कर दिया। उस वक्त सोशल मीडिया का जमाना नहीं था। लोग मुझे मेरी आवाज से पहचानते थे।

### काशी में पुलिस लाठीचार्ज में मरते-मरते बचा

1997 का साल था, जब मैं अस्सी घाट पर भयानक पुलिस लाठीचार्ज का शिकार हुआ। मैं उस वक्त काशी विश्वविद्यालय से ग्रेजुएशन कर रहा था। एक दिन हम 30-35 दोस्त अस्सी घाट पर पार्टी कर रहे थे। वहीं पास में पीएससी की टुकड़ी रहती थी। मैं गाने की फील्ड में नया-नया उभरा था। एक साल पहले ही मेरा गाना आया था। दोस्तों ने कहा कि हम लोग खाने की तैयारी कर रहे हैं, तुम गाना गाओ। जब मैं गा रहा था, तब कुछ लोग डिस्टर्ब करने लगे। मेरे दोस्तों में से किसी एक ने सामने वाले बंदे को धक्का दे दिया। मेरे दोस्त ने जिसे धक्का दिया, वो पुलिस का डिप्टी एसपी था। उसने फिर अपनी टुकड़ी को ये बोला कि इस घर में सारे आतंकवादी हैं। उसके बाद जो हम सब पर लाठियां बरसीं हैं, वो भयानक था।


मुझे अपने ऊपर 200-250 लाठियां गिरने तक होश था, लेकिन उसके बाद मुझे कुछ याद नहीं रहा। उस लाठीचार्ज में मेरा सिर फट गया, मेरा हाथ टूट गया था। मैं डेढ़ महीने तक अस्पताल में रहा।

### 'ससुरा बड़ा पईसावाला' से मिला भोजपुरी अमिताभ बच्चन का टैग

मेरे जीवन में हर पंद्रह साल में एक बड़ा और अच्छा बदलाव आता है। मैं जगराता और भोजपुरी एल्बम के लिए काम कर रहा था। साल 2003 में मैंने भोजपुरी फिल्म ससुरा बड़ा पईसावाला से अपना एक्टिंग डेब्यू किया। इस फिल्म से पहले तक मैं सिर्फ एक सिंगर था, लेकिन इसने मुझे स्टार बनाया और मेरी किस्मत बदल दी। मेरी फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर कमाल ही कर दिया। 'ससुरा बड़ा पईसावाला' को बनाने में मात्र 30 लाख रुपए लगे थे, लेकिन फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर लगभग 9 करोड़ रुपए की कमाई की।

साल 2022 तक ये भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म रही। चार-पांच महीने तक फिल्म थिएटर में लगी रही और हर शो हाउसफुल होता था। 2003 से 2014 तक मैंने कई फिल्में कीं। एक समय मैं भोजपुरी का सबसे महंगा एक्टर था। साल 2006 में मैंने फिल्म 'गंगा' की, जिसमें सदी के महानायक अमिताभ बच्चन भी दिखे। ये उनकी पहली भोजपुरी फिल्म थी।

# सलमान खान ने खरीदी बुलेटप्रूफ कार



बॉलीवुड एक्टर सलमान खान ने अपनी कार कलेक्शन में एक नई बुलेटप्रूफ लग्जरी शामिल की है। इसमें बुलेटप्रूफ फीचर जैसे आर्मर्ड बॉडी पैनल और रिइनफोर्स्ड ग्लास हैं। टाइम्स ऑफ इंडिया के मुताबिक, बुलेटप्रूफ मर्सिडीज-मेबैक जीएलएस 600 कार की कीमत लगभग 3.40 करोड़ रुपए बताई जा रही है। यह सलमान की पहली बुलेटप्रूफ कार नहीं है। उनके पास पहले से भी एक बुलेटप्रूफ कार है।

### लग्जरी कार में हैं खास फीचर

न्यूज 18 के मुताबिक, यह कार सिर्फ प्रीमियम स्ङ्क नहीं है। इसमें 4.0-लीटर ट्विन-टर्बो ङ्क8 इंजन और 48ङ्क माइल्ड-हाइब्रिड सिस्टम है। इसमें 9-स्पीड ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन और 4स्नष्ठ ऑल-व्हील ड्राइव है। यह 0 से 100 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार सिर्फ 4.9 सेकेंड में पकड़ सकती है। इसकी टॉप स्पीड करीब 250 किलोमीटर प्रति घंटा है।

### 20 मई को एक युवक सलमान के घर में घुसा

बता दें कि पिछले महीने 20 मई को सलमान खान के घर में एक शख्स के घुसने का मामला सामने आया था। पुलिस ने बताया था कि 23 साल के आरोपी का नाम जीतेंद्र कुमार है और छत्तीसगढ़ का रहने वाला है। साथ ही पिछले महीने ईशा छाबड़ा नाम की महिला ने भी गैलेक्सी अपार्टमेंट में घुसने की कोशिश की थी। दोनों को पुलिस ने अरेस्ट कर लिया था। सलमान की सुरक्षा में तैनात पुलिस अधिकारी संदीप नारायण की शिकायत पर बांद्रा पुलिस ने स्नढ्ढक्र दर्ज की थी। संदीप ने बताया था कि 20 मई की सुबह 09:45 बजे एक अज्ञात व्यक्ति को गैलेक्सी अपार्टमेंट बिल्डिंग के आसपास घूमते देखा गया। मैंने उसे समझाया और उसे चले जाने को कहा। इस पर आरोपी ने अपना मोबाइल फोन जमीन पर फेंककर तोड़ दिया।